माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:03 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2080

बरेली, गुरुवार, 1 फरवरी 2024

वर्ष 5, अंक 75, पृष्ठ 14

मूल्य 6 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार





नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार 14

चंद पैसों के लिए अपराध की राह चलीं अभिनेत्रियां 13


# राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ, दुर्बल से सबल हुई अर्थव्यवस्था

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी/ब्यूरो

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते एक वर्ष को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ बताते हुए कहा कि इस दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक नए आयाम हासिल कर दुनिया में विश्व मित्र की छवि बनाई और भव्य राम मंदिर के निर्माण की लोगों की सदियों पुरानी आकांक्षा भी पूरी हुई। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को यहां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश सही निर्णय लेते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है जिससे दशकों से अटके काम पूरे हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर पांच शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों , किसानों , महिलाओं , मछुआरों और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की लंबी सूची प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।

मेजों की थपथपाहट और जय श्रीराम की गूंज के बीच 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तीर्थों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के विकास के साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

### विनिर्माण क्षेत्र में ताकत बन चुका है भारत

राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र किया और कहा कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में भी ताकत बन चुका हैं। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। पिछले एक दशक के दौरान मोबाइल फोन विनिर्माण में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार संपदा निर्माताओं का सम्मान करती है तथा भारत के निजी क्षेत्र के सामर्थ्य पर विश्वास करती है। डिजिटल इंडिया को बड़ा सुधार बताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया ने भारत में जीवन और बिजनेस, दोनों को बहुत आसान बना दिया है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसा डिजिटल सिस्टम नहीं है।



### साफ सुथरी परीक्षा के लिए बनेगा कानून

राष्ट्रपति ने कहा है कि परीक्षाओं में आए दिन होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए एक कानून बनाया जाएगा। सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार नारीशक्ति का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। कृत्रिम मेधा मिशन पर भी काम हो रहा है।

### हुड़दंग करने वाले करें आत्म निरीक्षण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश प्रगति की नई उंचाइयों को छू रहा है। विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर बधाई दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है जिसका पालन करते हुए उनकी नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मोदी ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

# ज्ञानवापी : 31 साल से बंद पड़े व्यास तहखाने में पूजा की मिली अनुमति

## अदालत ने जिलाधिकारी को दिए 7 दिन में पूजा के इंतजाम करने के निर्देश

वाराणसी, एजेंसी

जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है। जज ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेंद्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किए गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं।

यादव ने बताया कि पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा। ज्ञानवापी में वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटाकर रास्ता खोला जाएगा। व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ किए जाने संबंधी आवेदन पर अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि नवंबर 1993 तक सोमनाथ व्यास जी का परिवार उस तहखाने में पूजा पाठ करता था, जिसे तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार के शासनकाल में बंद करा दिया गया था।



- वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटेगी
- काशी विश्वनाथ ट्रस्ट व वादी शैलेंद्र पाठक तय करेंगे पुजारी

### वजूखाना के सर्वे मामले में इंतेजामिया कमेटी को नोटिस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को बुधवार को नोटिस जारी किया। वादी राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को सुनाए गए उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर वजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने से मना कर दिया था। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को यह नोटिस न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत द्वारा जारी किया गया।



शिवभक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में माननीय न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। हर हर महादेव। जय बाबा विश्वनाथ। जय माता श्रृंगार गौरी। **–केशव प्रसाद मौर्य**, उपमुख्यमंत्री



इस फैसले से मायूसी जरूर है, लेकिन अभी ऊपरी अदालतों का रास्ता खुला है। जाहिर है कि हमारे वकील इस फैसले को चुनौती देंगे। ज्ञानवापी का मामला अयोध्या के मसले से अलग था। अभी लंबा रास्ता तय करना है। हमें उम्मीद है कि इसे ऊपर की अदालत में चुनौती दी जाएगी।

**–मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली**, एआईएमपीएलबी सदस्य

# गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन का इस्तीफा, चंपई होंगे नए मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी

ईडी ने भूमि घोटाला मामले में सात घंटे तक पूछताछ के बाद बुधवार को देर शाम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। इसके पहले सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया। फिर उन्हें यहां से ईडी कार्यालय ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार ईडी ने एक विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश कर पूछताछ के लिए हिरासत का अनुरोध करेगा।

इसके बाद ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ झामुमो नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया है। 67 साल के चंपई सोरेन सरायकेला के विधायक हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर जुटे विधायकों ने चंपई सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि चंपई सोरेन के नाम पर सहमति बनी। इससे पहले ऐसी अटकलें थीं कि नए मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सांसद महुआ मांझी ने बताया है कि सत्ताधारी गठबंधन के पास बहुमत है। उन्होंने बुधवार देर शाम बताया, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी की टीम के साथ गवर्नर के पास गए हैं। महुआ ने कहा कि विधायकों की बैठक में निर्णय हुआ है कि चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि ईडी ने देर शाम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया।



हेमंत सोरेन



चंपई सोरेन

### भूमि घोटाला मामला

- सात घंटे तक पूछताछ के बाद सोरेन को ईडी ने किया गिरफ्तार
- मुख्यमंत्री के लिए हेमंत सोरेन की पत्नी के नाम की भी थी चर्चा

### सोरेन ने ईडी अफसरों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी के अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूत्रों ने बताया कि सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है... हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है।

### ईडी ने भेजा केजरीवाल को पांचवां समन



**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया यह पांचवां समन है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से चार बार भेजे गए समन पर पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे।


पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर ₹ 5/- प्रतिदिन

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start 20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050


## एक नजर

### सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में बने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। राष्ट्रपति की मंजूरी से 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा को पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। इसी तरह से पूर्व विशेष व्यय सचिव एनी जॉर्ज मैथ्यू को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष भी पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किए गए हैं। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष भी पूर्णकालिक सदस्य किए गए हैं।

### फार्मा फैक्ट्री में विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार अपराह्न एक फार्मा फैक्ट्री में गैस के रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत हो गई। जिले की पडरा तालुका के एकाल्बरा गांव में स्थित फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक अन्य कर्मी भी घायल हो गया। पडरा पुलिस निरीक्षक एलबी तडवी ने बताया कि ओनीरो लाइफकेयर संयंत्र में गैस पाइप में रिसाव से विस्फोट हुआ।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

# आठ फर्जी लाभार्थियों पर एफआईआर दर्ज अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घटना पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का कड़ा रुख
- बलिया के मनियर में हुआ था नाटकीय सामूहिक विवाह

**अमृत विचार :** बलिया में 25 जनवरी को हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम झूठा था। बिन दूल्हे के ही कइयों की शादी करा दी गई थी। इस योजना का लाभ अपात्रों को दिए जाने का मामला संज्ञान में आते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जांच का आदेश दिया था। जांच के बाद आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुनील कुमार यादव को समाज कल्याण निदेशक ने बुधवार को निलंबित कर दिया। साथ ही आरोपी अधिकारी सहित सभी 8 अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ बलिया में विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कराया गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आरोपी अधिकारी सुनील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत मानिकपुर से आर्चना, रंजना, सुमन को शामिल करवाया।

इसी तरह ग्राम पंचायत सुल्तानपुर से प्रियंका, सोनम, पूजा, सन्जू और रमिता का भी विवाह 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इन सभी का सत्यापन सुनील कुमार द्वारा ही किया गया था। जांच में पता चला कि सन्जू का विवाह 3 साल पहले जबकि पूजा का विवाह एक साल पूर्व हो चुका है। इसके अतिरिक्त अर्चना, रंजना, सुमन, रमिता और प्रियंका का विवाह वर्ष 2023 में हो चुका है।

### नाटकीय सामूहिक शादी का वीडियो वायरल

**लखनऊ।** बलिया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 545 जोड़ों की शादी हुई थी। जिसका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नाटकीयता साफ नजर आ रही है। बिना दूल्हा के दुल्हनों की शादी करा दी गई है। दुल्हनें खुद ही वरमाला डाल रही हैं। सामूहिक विवाह योजना में दोबारा लाभ लेने के लिए शादीशुदा दोबारा बैठ गए। कई के तो बच्चे भी हैं। वीडियो वायरल होते ही आनन-फानन मुकदमा दर्ज किया गया। डीएम रवींद्र कुमार के आदेश पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सुनील कुमार यादव के अलावा अपात्र मिले लाभार्थी मानिकपुर की अर्चना, रंजना यादव, सुमन चौहान, सुल्तानपुर की प्रियंका, सोनम राजभर, पूजा, संजू, रमिता के खिलाफ 30 जनवरी को जालसाजी का मुकदमा मनियर थाने में दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि सोनम का विवाह तय ही नहीं है और उसे लाभार्थी के रूप में शामिल किया गया।

# व्यापारी के घर 40 लाख की डकैती

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

- 15 लाख नगदी, सोना-चांदी समेत अन्य सामान लूट ले गए डकैत
- बच्चों की गर्दन पर चाकू रख शोर मचाने पर दी मारने की धमकी

**अमृत विचार :** नगर से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर मंगलवार की रात किराना व्यापारी के परिवार को असलहाधारी डकैतों ने बंधक बनाकर 15 लाख रुपये समेत सोना-चांदी आदि मिलाकर करीब 40 लाख की लूटपाट की और फरार हो गए। डकैतों ने एक कमरे में परिवार के लोगों को बंधक बनाया, बच्चों की गर्दन पर चाकू रखकर शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी।

घटना बंडा रोड पर स्थित रम्पुरा तालुके महारजपुर गांव में हुई। रोड पर किराना के थोक व्यापारी सुनील कुमार गुप्ता का मकान है। निचले हिस्से में दुकान है। मंगलवार की रात करीब आठ बजे वह दुकान बंद कर घर पहुंचे। 10 मिनट बाद ही पांच बदमाश आ धमके और उन्हें गन प्वाइंट पर ले लिया। विरोध पर मारपीट की। बदमाशों ने सुनील, उनकी पत्नी साधना गुप्ता, बेटी उन्नति, बेटे अभिनव और आयु को बंधक बना लिया। बच्चों की गर्दन पर चाकू रखा तो सुनील और उनकी पत्नी घबरा गए। जान बचाने के लिए घर में रखी नकदी और गहने सब बता दिया। बदमाशों ने अलमारी और बेड में रखे 15 लाख रुपये, करीब 450 ग्राम सोने और 500 ग्राम चांदी के आभूषण लूटे। इसके बाद बदमाश सुनील के बड़े बेटे अभिनव को गन प्वाइंट पर लेकर मकान के नीचे लाए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर निकाली। मोबाइल पहले ही छीन लिए थे। फिर सभी को कमरे में बंद करके कार से भाग निकले। पीड़ित ने रात में ही सूचना पुलिस को दी। सीओ आलोक सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। बुधवार सुबह एसपी अतुल शर्मा, एएसपी अनिल कुमार यादव ने मौका मुआयना किया। एसओजी और सर्विलांस टीम भी जांच में लगी हैं।

किराना व्यापारी के घर हुई वारदात की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एएसपी, सीओ, कोतवाल और एसओजी की चार टीमें गठित कर छानबीन की जा रही है। घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा। **– अतुल शर्मा**, एसपी

# यूपी को फिर मिला कार्यवाहक डीजीपी



**लखनऊ।** डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को उप्र का नया कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को रिटायर होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पास डीजी कानून-व्यवस्था के साथ डीजी आर्थिक अनुसंधान शाखा की जिम्मेदारी भी बनी रहेगी। वह 2020 से प्रदेश में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रशांत कुमार नियुक्ति के बाद वह मुख्यमंत्री से मिले। बाद में एक्स पर कहा कि उप्र पुलिस का माफिया-अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश में ईडी ने की छापेमारी

जम्मू, एजेंसी

### बैंक धोखाधड़ी

- भारत पेपर्स लिमिटेड से जुड़े 200 करोड़ के मामले में तीनों राज्यों के नौ परिसरों की तलाशी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारत पेपर्स लिमिटेड (बीपीएल) से जुड़े 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में बुधवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कई परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत इन क्षेत्रों में कम से कम नौ परिसरों की तलाशी ले रही है।

कंपनी के खिलाफ प्राथमिक आरोप यह है कि इसके निदेशकों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के कंसोर्टियम के साथ लगभग 200 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी को अंजाम दिया। अन्य बैंकों में जम्मू एंड कश्मीर (जेएंडके) बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और करूर वैश्य बैंक शामिल हैं। आरोप है कि आरोपी ने सहयोगी कंपनियों/फर्जी संस्थाओं के जरिए धन की हेराफेरी की और फर्जी चालान जारी करके ऋणदाता बैंकों की अनुमति के बिना आयातित/स्वदेशी मशीनरी की बिक्री की।

# आईआईएमसी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

**नई दिल्ली।** पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। इसी के साथ अब इसे केवल डिप्लोमा के बजाय डिग्री प्रदान करने का अधिकार मिल गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह आईआईएमसी के लिए खास और ऐतिहासिक दिन है। इस संस्थान का पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क जैसे मीडिया विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का गौरवशाली इतिहास रहा है।

# विहिप नेता समेत चार लोग गोकशी में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने को कराई थी गोकशी
- तहसील-थाने का कर रहे थे घेराव मददगार दरोगा भी निलंबित

**अमृत विचार :** पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के नेता समेत चार लोगों को गोकशी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इन लोगों ने गोकशी को आधार बनाकर छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने का प्रयास किया। विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने दो बार गोकशी कराकर कांवड़ियों के रास्ते में गोवंश के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर गोकशी करने वालों से मिले होने के आरोप में लगातार धरना-प्रदर्शन किया। इनके समर्थकों ने बुधवार को भी छजलैट थाने का घेराव किया।आरोपियों के मददगार दरोगा नरेंद्र कुमार को भी एसएसपी ने निलंबित कर दिया है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि मोनू विश्नोई उर्फ सुमित, राजीव चौधरी, रमन चौधरी, शाहबुद्दीन, जमशेद और नईम ने मिलकर साजिश को अंजाम दिया है। मोनू, राजीव, रमन व शाहबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जमशेद व नईम फरार हैं। गिरफ्तार चारों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है, पुलिस के पास वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुज्जर निवासी मोनू विश्नोई जो खुद को 2011 से विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग का जिला प्रमुख बताता है। छजलैट थाने के गांव चक पचोकरा का राजीव चौधरी विहिप का तहसील क्षेत्र का प्रखंड अध्यक्ष ,छजलैट के खानपुर का रमन चौधरी खुद को विहिप का सदस्य बताता है। तीनों ने चेतरामपुर के शाहबुद्दीन से मिलकर तानाबाना बुना था। पहले इन लोगों ने 16 जनवरी को समदपुर चौराहा के पास कांवड़ पथ पर मवेशी के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। 28 जनवरी को शाहबुद्दीन व जमशेद ने चेतरामपुर में गाय चोरी कर गोकशी कराई फिर तहसील कांठ और थाने का घेराव किया। एसएसपी ने बताया कि 15 दिन पहले करीब 32 भैंसे पकड़े गए थे। जिन्हें थानाध्यक्ष से दबाव बनाकर मोनू विश्नोई अपने कार्यकर्ताओं के सुपुर्द करने को कह रहा था। लेकिन थानाध्यक्ष ने अन्य को सुपुर्द कर दिए थे। मोनू थानाध्यक्ष पर गोकशी व अन्य अनैतिक कार्य कराने का दबाव बनाता था। इन मामलों में थानाध्यक्ष की सहमति न मिलने से वह उन्हें थाने से हटवाने के लिए साजिश रच रहा था।

मोनू विश्नोई क्रियाशील कार्यकर्ता हैं ,उन्होंने अपने धर्म के विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ लोगों को साथ लेकर आंदोलन किया था। पुलिस से गोकशी के विरुद्ध आवाज उठाई थी। मामले में संगठन अपने स्तर से छानबीन कर रहा है। संगठन का मानना है कि विश्नोई पर कार्रवाई किसी साजिश का हिस्सा है। **–गौरव कश्यप**, विभाग प्रमुख, विहिप (धर्म प्रसार विभाग)

# रिजर्व बैंक ने पेटीएम को 29 फरवरी के बाद सेवाएं देने से रोका

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का बुधवार को निर्देश दिया। हालांकि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ग्राहकों को किसी भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड को किसी भी समय जमा किया जा सकता है। आरबीआई के अनुसार यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं।

## एक नजर

### ट्रक ने पोल को मारी टक्कर, बिजली गुल

**रोजा।** बुधवार की दोपहर रोजा के औद्योगिक क्षेत्र में एक ट्रक ने एलटी विद्युत पोल में टक्कर मार दी जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे करीब एक दर्जन घरों की बिजली गुल हो गई। बुधवार दोपहर रोजा के औद्योगिक क्षेत्र से ट्रक निकल रहा था। उसी दौरान उसने एलटी विद्युत पोल में टक्कर मार दी। सूचना पर रोजा विद्युत उपकेंद्र के जेई अजय यादव मौके पर पहुंच गए। बिजली अधिकारियों ने ट्रक चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि एलटी विद्युत पोल होने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप नहीं हुई। जेई अजय यादव ने बताया कि इस विद्युत पोल से मात्र एक दर्जन ही कनेक्शन है। पोल ठीक कर सप्लाई शुरू कर दी गई थी। ट्रक चालक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है।

### तमंचों की सप्लाई करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**जलालाबाद।** थाना प्रभारी हरपाल सिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम साढ़े सात बजे सूचना मिली कि रामगंगा पुल के निकट दो संदिग्ध युवक बाइक लिए खड़े है, जो तमंचे की सप्लाई करते है। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया। पुलिस ने दोनों युवकों की तलाशी ली तो चार तमंचे और चार कारतूस बरामद किए। पुलिस ने बाइक को सीज कर दिया। पकड़े गए अभियुक्त नेतराम व मदनपाल निवासी गुटेटी थाना मिर्जापुर है। पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों ने बताया कि फर्रुखाबाद से चार हजार रुपये में तमंचा खरीदकर लाते है। छह हजार का तमंचा बेचते है। अभियुक्तों का चालान कर दिया।

### दो उपनिरीक्षक सेवानिवृत्त साथियों ने दी विदाई

**शाहजहांपुर।** पुलिस लाइन प्रेक्षागृह में एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने सेवा निवृत्त हुए उप निरीक्षक जगत सिंह व राजकुमार शर्मा को उपहार व स्मृति चिन्ह देकर शुभ कामनाएं देकर विदाई दी। इस अवसर पर निरीक्षक गिरीश चंद्र मिश्रा, प्रेमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# बजट पर निगाहें, कम होगी महंगाई या पिलाई जाएगी आश्वासन की घुट्टी

## बजट से उद्योगपतियों, व्यापारियों, गृहणियों और आमजनों को कई उम्मीदें



जजी परिसर में बजट पर चर्चा करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार



चौक में बजट पर संवाद करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**आखिरी बजट- 2024**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** गुरुवार को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश होगा। इसमें देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का रोडमैप होगा। इसी साल देश में आम चुनाव होने हैं। ऐसे में समाज का हर तबका इस बजट से कुछ न कुछ उम्मीद लगाए बैठा है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण कड़ी उद्यम है। उद्योगों की स्थापना से ही अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और रोजगार सृजित होंगे। किसान कृषि उपकरणों पर जीएसटी की छूट मिलने की आस लगाए बैठे हैं। आम आदमी को उम्मीद है कि सरकार महंगाई कम करने के लिए कारगर कदम उठाएगी। गृहणियों को उम्मीद है कि रसोई का बजट कम होगा। बजट में महंगाई कम होगी या फिर सिर्फ आश्वासन ही मिलेगा। यह तो आज ही पता चलेगा। बहरहाल, लोगों की उम्मीदों पर कुछ प्रमुख लोगों से बातचीत के अंश।

### रोजमर्रा की चीजों में महंगाई से मिले निजात तो रसोई का बढ़े स्वाद

**शाहजहांपुर।** कामकाजी महिलाओं को बजट से बहुत उम्मीदें है। उनका कहना है कि बढ़ती महंगाई के कारण पारिवारिक बजट बिगड़ रहा है। उन्हें उम्मीद है कि इस बजट में पेट्रोलियम व रसोई गैस की कीमतों में राहत मिलेगी। महानगर के चौक क्षेत्र की महिलाओं ने बजट पर चर्चा करते हुए रसोई गैस, बिजली और राशन के रेट कम करने की मांग की। प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. संगीता मोहन ने कहा कि किचन का सामान और गैस सस्ती होगी तो रसोई का स्वाद अपने आप बढ़ जाएगा। इसके अलावा रोजमर्रा की चीजों से जीएसटी काफी कम होनी चाहिए। लड़कियों की शिक्षा के लिए बजट देना चाहिए ताकि शिक्षण संस्था खोली जा सकें। महिला स्वास्थ्य और स्वावलंबन के लिए भी बजट देना चाहिए। इसी तरह एकता अग्रवाल, नीता अग्रवाल और मोना शुक्ला ने भी इस बार के बजट से महंगाई कम होने की उम्मीद जताई।

### बजट से आस, मैलानी-फर्रुखाबाद रेलवे लाइन का प्रस्ताव हो पास

**शाहजहांपुर।** मैलानी-फर्रुखाबाद के बीच रेलवे लाइन बिछने का इंतजार करीब 60-70 सालों से हो रहा है। राज्य सभा सांसद मिथिलेश कुमार ने भी इस रेलवे लाइन की पैरवी कई बार कर चुके हैं। इससे इस बार उम्मीद है कि यह सपना पूरा हो सकता है। लोगों को उम्मीद है कि गुरुवार को आम बजट में इस रेलवे लाइन के लिए कुछ न कुछ जरूर किया जाएगा। बता दें कि करीब 50 साल पहले पीलीभीत के तत्कालीन सांसद मोहन स्वरूप ने मैलानी से फर्रुखाबाद तक रेलवे लाइन बिछाने की मांग सदन में उठाई थी। इसके बाद जनहित याचिका भी दायर हुईं। कई ओर से पुरजोर मांग उठी तो 1997 से 2003 तक उत्तर रेलवे ने तीन सर्वे कराए, लेकिन सर्वे में इस लाइन को आर्थिक तौर पर नुकसानदायक बताया गया। हालांकि यह रेलवे लाइन हर चुनाव में मुद्दा तो बनती है, लेकिन बाद भी इस जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देते।

### अधिवक्ताओं को आस, मिले सस्ता लोन और आयुष्मान योजना का लाभ

**शाहजहांपुर।** आम बजट को लेकर अधिवक्ता खासे आशान्वित हैं। अधिवक्ता अनीत त्रिवेदी का कहना है कि बजट में वकीलों के लिए चैंबर की व्यवस्था की जाए। अनूप कुमार त्रिवेदी एडवोकेट ने वकीलों को बीमित करने पर जोर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार ने बताया कि वकीलों को आयुष्मान योजना का लाभ मिलना चाहिए। साथ ही नये वकीलों के लिए भत्ते की व्यवस्था होनी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता रामस्वरूप सिंह यादव को उम्मीद है कि वकीलों को कम ब्याज पर मकान और गाड़ी के लिए लोन की व्यवस्था हो सकती है।

## पेट्रोल-डीजल के घटे दाम, औद्योगिक विकास पर केंद्रित हो बजट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार आज वार्षिक आम बजट पेश करने जा रही है। चूंकि इसी बजट के सहारे सरकार इस वर्ष होने जा रहे लोकसभा चुनाव की ओर बढ़ेगी, इसलिए माना जा रहा है कि इस बार का बजट ऐसा होगा, जो सभी को पसंद आए। हालांकि किसानों ने नाउम्मीदी जताई है। उद्योगपतियों और व्यापारियों समेत आम लोगों का मानना है कि बजट जनउपयोगी होगा। आम बजट औद्योगिक विकास पर केंद्रित होगा और महंगाई को कम करने वाला होगा। बजट से जुड़ी उम्मीदों पर लोगों से बातचीत के अंश।



आम बजट में सुक्ष्म, लघु उद्योगों को राहत मिलने की उम्मीद है। ट्रेडिंग की समस्याओं के समाधान की भी आस है। साथ ही एक करोड़ तक के लोन में कोई सिक्योरिटी न लिए जाने की बात धरातल पर उतरे तो कुछ बात बने। ब्याज दर भी कम होनी चाहिए तभी औद्योगिक विकास संभव है। जिससे औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को रोजगार मिल सकेगा।
**-अशोक अग्रवाल**, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष- आईआईए।



इनकम टैक्स छूट का दायरा बढ़ने की उम्मीद है, जिससे इसका लाभ सीधे वेतनभोगी के साथ बाजार को भी मिलेगा। सरकार चाहती है कि सभी लोग नंबर एक में कामकाज करें। स्लैब बढ़ता है तो लोगों की सोच बदलेगी। इलेक्ट्रानिक उत्पाद सस्ते हों ताकि बाजार की मंदी खत्म हो। उम्मीद है कि केंद्रीय बजट जनता और बाजार को लाभ पहुंचाने वाला होगा।
**-जसविंदर बजाज** एड./इलेक्ट्रानिक कारीबारी।



आम बजट में आयकर छूट का दायरा बढ़ने की उम्मीद है। इससे जो पैसा लोगों का बचेगा, वह बाजार में ही आएगा। जब बाजार सजेगी और व्यापारियों, उद्यमियों, दुकानदारों के पास ग्राहक पहुंचेंगे तो भला सभी का होगा। मोदी सरकार का बजट एक बार फिर सभी वर्गों के लोगों के लिए लाभकारी साबित होगा। महंगाई पर लगाम लगाने वाला होगा।
**-जगजीत सिंह माटा**, चार पहिया वाहन शोरूम स्वामी।



आम बजट महंगाई पर नियंत्रण करने वाला हो। तभी आम जनता खुश होगी। जब रोजमर्रा की चीजें सस्ती होंगी। लोगों को सस्ता राशन, सस्ती दवाई मिलेगी, तभी पैसा बचेगा और लोग बाजार में सोना-चांदी खरीद सकेंगे। इससे बाजार को भी लाभ मिलना तय है। यही वजह है कि सभी को उम्मीद है कि इस बार का बजट महंगाई को नियंत्रित करने वाला होगा।
**-विनोद सर्राफ**, सराफा कारोबारी।



आम बजट में हर बार किसानों की उपेक्षा होती रही है। इस बार उम्मीद है कि किसानों का ख्याल रखते हुए कृषि यंत्रों की खरीद करने पर जीएसटी में छूट मिलेगी। जिससे छोटा किसान भी अपनी जरूरत पूरी कर सकें। यदि ऐसा हुआ तो यह किसानों के हक में फैसला होगा। साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली मिलनी चाहिए।
**- महेंद्रपाल सिंह यादव**, जिलाध्यक्ष भाकियू भानु गुट



आम बजट में विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति और रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। इससे युवाओं को काफी हद तक राहत मिल सकेंगी। सरकार को चाहिए कि वह लोगों को निवेश के लिए प्रेरित करे। इससे रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बजट मध्यम वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाना चाहिए। जिससे हर वर्ग का नागरिक को लाभ मिल सकें।
**- अभिनव तिवारी**, युवा।

महिला अस्पताल को एमसीएच विंग में शिफ्ट कराया गया है। वहां पर अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी तरीके की परेशानी मरीजों को न हो सके। जल्दी लैब को भी वहां पर स्थानांतरण कर दिया जाएगा। सामान शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। **-डॉ. संजीव सक्सेना**, नोडल अधिकारी, मेडिकल कालेज



सरकारी शिक्षण संस्थानों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान देने की जरूरत है। हर संस्थान को डिजिटल सुविधा से लैस किया जाना चाहिए। व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र का बजट रोजगार दिलाने की मंशा से बनाया जाना चाहिए। **- रूपेश वर्मा**, युवा।



जो सरकार सभी पात्र किसानों को सम्मान निधि नहीं दे सकी, उससे बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं है पर आम बजट से उम्मीद तो होती ही है। रासायनिक उर्वरक व खाद के दामों में अपेक्षाकृत बढ़ोत्तरी होती रही है, किसानों को हर बार निराशा ही हाथ लगी है, कहीं ऐसा न हो कि इस बार भी निराशा ही हाथ लगे। उर्वरक की महंगाई से निजात मिलने की आस लगाए हैं। **-तरविंदर सिंह मोमी**, जिलाध्यक्ष भाकियू चढ़ूनी गुट।

# फ्री होल्ड किए जाए औद्योगिक भूखंड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** आईआईए चैप्टर चेयरमैन गुरजीत सिंह मोंगा की अगुआई में उद्यमियों ने लीज होल्ड औद्योगिक भूखंडों को फ्री होल्ड कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह व उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव को ज्ञापन सौंपा।

जिलाधिकारी ने उद्यमियों को भरोसा दिलाया कि यह मांग पत्र वह संस्तुति के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए भेज रहे। वहीं उपायुक्त उद्योग ने भी इस मुहिम में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सचिव हेमंत रोहरा, कोषाध्यक्ष अंकित गुप्ता, सह सचिव अशोक कनौजिया उद्यमी साथियों की उपस्थिति रही।



डीएम उमेश प्रताप सिंह को ज्ञापन देते उद्यमी। ● अमृत विचार

- उद्यमियों ने जिलाधिकारी व उपायुक्त उद्योग को सौंपा ज्ञापन

## युवक 36 घंटे में कानपुर से बरामद

**मदनापुर।** प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी वीरपाल ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी कि 28 जनवरी की सुबह नौ बजे उसका बेटा अमित (19) जलालाबाद के एक कॉलेज में प्रैक्टिकल देने घर से निकला था। उसके बाद उसका बेटा घर पर नहीं आया था। परिवार वाले उसकी तलाश करते रहे लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने कानपुर से लापता अमित को बरामद कर लिया। वह घर वालों से नाराज होकर चला गया था। पुलिस कानपुर से उसे लेकर आई और परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया।

# लापरवाही पर दो अधिशासी अभियंता निलंबित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- समाधान योजना के बाद भी नहीं पा सके वसूली लाक्ष्य
- जोन के अन्य अधिकारियों में मचा हड़कंप

**अमृत विचार:** लक्ष्य के अनुसार वसूली न कर सकने और काम में लापरवाही बरतने पर बिजली विभाग के दो अधिशासी अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इससे जोन के अन्य अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

बिजली बिल के बकाए में एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) चलाकर वसूली पर जोर दिया गया था। यह योजना आठ नवंबर से 31 दिसंबर तक चलाई गई थी। इस योजना के तहत 73.82 करोड़ रुपये का राजस्व जमा कराया था। इसके बाद निर्देश दिए गए थे कि पहली जनवरी के बाद बकायेदारों से सख्ती से निपटते हुए उनके कनेक्शन काटे जाएं। अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा ने बताया कि जिले के 3,38,605 लोगों पर 578 करोड़ रुपये का राजस्व बकाया था। योजना में छूट का लाभ लेते हुए 70,954 लोगों ने पंजीकरण कराया। 60 हजार लोगों ने अपने बिल जमा कर दिए। शेष बकाएदारों पर सख्ती करने और कनेक्शन काटने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत बकाया बिल वसूली में तेजी लाने को लेकर पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल लगातार निर्देश दे रहे हैं। शहरी क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को पिछले साल की तुलना में 25 तो ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को 50 प्रतिशत अधिक वसूली करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी दोनों अधिशासी अभियंता लक्ष्य पूरा नहीं कर पा रहे थे। इस पर अधिकारियों ने उन्हें चेतावनी दी थी। 31 जनवरी को समीक्षा बैठक में लक्ष्य के अनुसार वसूली न होने और अन्य कामों में लापरवाही करने पर जिले में तैनात अधिशासी अभियंता वीरेंद्र कुमार और कर्म सिंह को एमडी भवानी सिंह खंगारौत ने निलंबित कर दिया है। इसकी पुष्टि करते हुए अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा ने बताया कि काम में लापरवाही करने पर दोनों अधिशासी अभियंताओं पर कार्रवाई की गई है। अन्य अधिकारी भी लापरवाही करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।





# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने लगाया मुफ्त स्वास्थ्य मेला



महानगर में लगे कैंप में मौजूद मरीज, तीमारदार व स्टाफ। ● अमृत विचार



मरीज की आंख का परीक्षण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- क्षत्रिय स्वर्णकार समाज सेवा समिति का रहा सहयोग

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा द्वारा बुधवार को क्षत्रिय स्वर्णकार समाज सेवा समिति शाहजहांपुर के सहयोग से क्षत्रिय अतिथि भवन में मुफ्त स्वास्थ्य मेला लगाया। मुफ़्त स्वास्थ्य मेले की शुरुआत संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वर्मा ने फीता काटकर की। शिविर में 365 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। चयनित मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा में निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में 175 मरीजों की निःशुल्क ब्लड शुगर की जांच, 23 मरीजों की दिल की जांच (ईसीजी) व 224 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निःशुल्क की गई। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार वर्मा, उमेश कुमार वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, सतीश चंद्र सक्सेना व अन्य लोगों विशेष योगदान रहा। शिविर में बाल रोग और हृदय रोग के डॉ. सुनील गिरधर, डॉ. प्रियंक पटेल, डॉ. शिखा, डॉ. विंध्या, डॉ. नंदनी, डॉ. शांभवी पाण्डेय, डॉ. ध्रुव गुप्ता, डॉ. शिवम चित्रांश, डॉ. शिवांगी कपूर, डॉ. तफीम, डॉ. हेमन्त, डॉ. राजेंद्र, डॉ. श्रद्धा, डॉ. स्वेतांक मंजुल एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ रईसुद्दीन, अतुल गंगवार और पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे।

## अवैध कब्जे की एसडीएम से शिकायत

**पुवायां, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम कटका निवासी सोनू मिश्रा पुत्र महेश मिश्रा ने उप जिलाधिकारी संजय पांडेय को पत्र देकर बताया कि उनके ही गांव में रहने वाले दो भाई जो कि दबंग किस्म के हैं। उसके घर के पास में कूड़ा करकट डालकर गंदगी फैला रहे हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा है। उक्त दोनों भाइयों ने गांव में पड़े खाद के गड्ढों को जोतकर उसमें गेहूं की फसल बो रखी है। मना करने पर झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित ने एसडीएम से कार्रवाई किए जाने की मांग की। उप जिलाधिकारी ने तहसीलदार और कोतवाल को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित का कहना है कि अभी तक हल्का लेखपाल ने मौके पर जाने की जरूरत नहीं समझी। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं।

**महंगाई**

### शीतलहर के चलते टमाटर की फसल प्रभावित, बंगलुरु से आवक बंद

# सहालग में लाल हुआ टमाटर, 40 से 50 पहुंचे भाव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- टमाटर पर्याप्त लेकिन शादी-विवाह के समय के चलते बढ़ गई है खपत
- मंडी में इन दिनों नहीं आ रही बंगलुरू से टमाटर की आवक

**अमृत विचार:** सहालग में टमाटर लाल हो गया है। मांग अधिक होने के कारण टमाटर का भाव 40 से 50 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। अभी तक 15 से 20 रुपये प्रति किलो टमाटर बिक रहा था। इस तरह दो गुने से ज्यादा टमाटर का भाव पहुंच गया है। सब्जी विक्रेता नंदलाल ने बताया कि शीतलहर के कारण टमाटर की फसल प्रभावित हुई है, जिससे बंगलूरू से आवक बंद हो गई है। वहीं इस समय डिमांड ज्यादा है, इसलिए भाव बढ़ गए हैं।

रोजा स्थित थोक मंडी में इन दिनों बंगलूरू से टमाटर की आवक नहीं हो पा रही है। बाजार में इन दिनों आसपास से लोकल टमाटर ही आ पा रहा है।

सामान्य दिनों के लिए इतना टमाटर पर्याप्त है, लेकिन इन दिनों शादी-विवाह के समय के चलते खपत बढ़ गई है और मांग पूरी नहीं हो पा रही है। जानकार बताते हैं कि टमाटर की आवक न हो पाने के पीछे कारण ठंड है। 23 जनवरी को थोक में टमाटर 10 से 15 रुपये तक में मिल रहा था। खुदरा में यह टमाटर 15 से 20 रुपये में बिक रहा था। अब आवक बंद होने से टमाटर का भाव भी बढ़ता जा रहा है।



खुदरा बाजार में 40 से 50 में बिक रहा टमाटर। ● अमृत विचार

### हरी सब्जियों के दाम भी बढ़े

मौसम का असर हरी सब्जियों पर भी पड़ा है। मांग के अनुरूप आवक न होने के कारण हरी धनिया, मटर, हरी मिर्च, पत्ता गोभी, फूलगोभी, पालक और मेथी के भी दाम बढ़ गए हैं। अन्य सब्जियों के भी दाम बढ़ गए हैं।




# 16 वर्षों में पहली बार दिसंबर-जनवरी में नहीं हुई बरसात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जनवरी महीना बीत गया, लेकिन 16 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ कि दिसंबर और जनवरी में बारिश नहीं हुई। हालांकि मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार बादल बन रहे हैं और कभी भी बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो सकती है। बुधवार को सुबह से घना कोहरा छाया। हालांकि दिन में धूप निकलने से सर्द मौसम से राहत मिल गई।

बुधवार को सुबह तड़के से ही घना कोहरा छाया रहा। आसमान साफ होने के कारण साढ़े नौ बजे के बाद धूप निकल आई। इससे


बुधवार सुबह घने कोहरे में लाइट जलाकर निकलते वाहन। ● अमृत विचार

गलन और ठिठुरन से राहत मिली। राज्य कृषि मौसम केंद्र के डाटा संग्रह विभाग के अधिकारियों के अनुसार 28 जनवरी को दिन का अधिकतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस था। इसके बाद 30 और 31 जनवरी को धूप खिलने से अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। बुधवार को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री

▸▸ दो दिन में उछला तापमान, 15 डिग्री से 22 डिग्री पर पहुंचा अधिकतम तापमान

सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वातावरण में सुबह के समय नमी 95 फीसदी थी, जो शाम को 75 फीसदी दर्ज की गई।

हवा की गति पांच से दस किलोमीटर प्रति घंटा पश्चिम से पूरब दिशा में रही। राज्य कृषि मौसम केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक/प्रभारी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2008 में दिसंबर और जनवरी में बारिश नहीं हुई थी। इसके बाद अब ऐसा हुआ है। साथ ही उन्होंने बताया कि अगले

### पिछले पांच दिनों का तापमान

| तारीख | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| 26 जनवरी | 6.2 | 14.4 |
| 27 जनवरी | 7.0 | 14.2 |
| 28 जनवरी | 7.2 | 15.6 |
| 29 जनवरी | 9.0 | 22.0 |
| 30 जनवरी | 11.6 | 22.2 |

दो दिनों में दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं। पहली फरवरी को ही आसमान में बादल छाने की संभावना है और कहीं कहीं गरज के साथ छींटे भी पड़ने का अनुमान है। इसके बाद तीन और चार फरवरी को भी आंशिक बारिश की संभावना है।

# रंजिशन बालक से मारपीट कर गला दबाने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ चिनौर गांव की घटना, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** सदर बाजार क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी सनोज कुमार शर्मा ने बताया कि मोहल्ले के देवा उर्फ रचित से रंजिश चल रही है।

आरोप है कि 25 जनवरी को शाम साढ़े पांच बजे आरोपी देवा उर्फ रचित आदि उसके पुत्र लक्ष्य शर्मा (12) को पकड़कर घर में ले गए। आरोपियों ने उसके बेटे को मारा पीटा और गला दबाने का प्रयास किया। भतीजे वंश ने उसे बचाया। जब वह आरोपियों के घर शिकायत करने के लिए गया तो आरोपियों ने धमकी देकर भगा दिया। आरोप है कि 27 जनवरी की रात में दस बजे आरोपी देवा अपने एक साथी के साथ उसके दरवाजे पर आया। आरोपी ने उसके दरवाजे पर रॉड मारी और पानी का पाइप तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया, गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गए।

प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि देवा व अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

## एक नजर

### पत्नी की हत्या में आजीवन कारावास

**शाहजहांपुर।** सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि रोजा क्षेत्र के मोहल्ला मठिया कालोनी निवासी गजराज के खिलाफ वर्ष 2018 में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त ने शराब पीने के लिए पैसे न देने पर पत्नी की कुल्हाड़ी से प्रहार करके हत्या कर दी थी। पुलिस ने घटना के बाद अभियुक्त का चालान कर दिया था। विवेचना अधिकारी ने कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कक्ष संख्या प्रथम से अभियुक्त गजराज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई एवं पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

### युवक को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार के मोहल्ला ककरा कला निवासी नसीम खां ने बताया कि उसका एक मकान मोहल्ले में पुत्तन के मकान के पास है। उसके मकान के पड़ोस में अन्ने तथा उसका दामाद हफीज रहते है। नसीम ने अपने मकान में निकलने के लिए गली में लोहे का दरवाजा लगवाया था और उससे किसी को कोई परेशानी नही हो रही थी। लेकिन अन्ने व उसके दामाद हफीज ने दरवाजा लगने पर एतराज किया। मंगलवार की सुबह दस बजे नसीम अपने दरवाजे पर काम कर रहा था। आरोपी अन्ने, हफीज आदि उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर नसीम को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने हफीज, अन्ने, सहरोज, मुकीम, नाजिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# बिना डायवर्जन खोद रहे सड़क, अब निशात तिराहे पर निकलना मुश्किल

## बुधवार को बंद था बाजार, मनमानी कर खोद दी सड़क, मिट्टी के ढेर से लोगों को निकलने में हुई असुविधा, होते रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर में सीवर लाइन बिछाने के काम में मनमानी हो रही है। कई स्थानों पर सड़क खोदाई कर पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है, लेकिन रूट डायवर्जन न कराए जाने से शहर वासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। यही वजह है कि हर सड़क पर जाम लगा रहता है। बुधवार को बाजार बंद होने का फायदा उठाकर सीवर लाइन बिछाने के काम में लगे कर्मचारियों ने मनमानी पूर्वक सड़क खोद दी, जिससे जो दुकानें खुली थीं, वह भी बंद हो गई और लोगों को निकलने में काफी असुविधा हुई। निशात तिराहे पर खोदाई के कारण बुधवार को बहादुरगंज और सदर बाजार तक में जाम लगा रहा।

महानगर में सीवर लाइन बिछाने व एसटीपी प्लांट के कार्य को पूरा करने के लिए शासन की ओर से 3 अरब, 77 करोड़, 51 लाख, 48 हजार रुपये का बजट दिया गया है। शहर में 186 किमी सीवर लाइन बिछाई जानी है, लेकिन ढाई साल का समय बीत जाने के बाद भी खुदाई बंद नहीं हो सकी है। जबकि आए दिन शहर के किसी न किसी कोने पर खोदाई चलने से लोगों को


निशात तिराहे की सड़क पर लगा दिए मिट्टी के ढेर से लोगों को निकलने में हुई परेशानी। ● अमृत विचार

परेशानी उठानी पड़ रही है। कुछ स्थानों पर सीवर लाइन डालने के बाद भी सड़कों की मरम्मत सही से नहीं हो रही है। ऐसे में लोगों को सीवर लाइन पड़ जाने के बाद भी परेशानी से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। यहां उठ रही धूल-मिट्टी से लोग परेशान हैं।

गड्ढे वाली सड़कों से निकलने में दिक्कत हो रही है। निशात तिराहे पर खोदाई के कारण बुधवार को बहादुरगंज और सदर बाजार तक में जाम लगा रहा। इसी तरह मेन रोड की सड़कों की खोदाई पूरी करने के बाद अब ठेकेदार ने गली और मोहल्ले की सड़कों की खोदाई शुरू कर दी है। अब तक तो सिर्फ मुख्य मार्गों पर ही खोदाई होती थी, लेकिन अब यह गली और मोहल्लों में पहुंच गई है। इससे लोग परेशान हो चुके हैं।

### नो इंट्री में आ रहे चार पहिया वाहन और ई-रिक्शा

प्रशासन ने छोटे-बड़े चार पहिया वाहनों के साथ ही ई-रिक्शों को सदर चैराहा से लेकर घंटाघर तक नो-इंट्री की है। इस रोड पर इन वाहनों का आना-जाना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद इस रोड पर चार पहिया वाहनों और ई-रिक्शों की बजह से सबसे ज्यादा जाम लगता है। बहादुरगंज बाजार में लोगों का पैदल चलना मुश्किल है।

▸▸ शहर में 186 किमी सीवर लाइन बिछाने को मिला है 3 अरब, 77 करोड़, 51 लाख, 48 हजार

▸▸ सीवर लाइन डालने के बाद नहीं की जा रही सड़कों की मरम्मत धूल-मिट्टी से लोग परेशान

### दुकानदार भी जाम लगने का कारण

कुछ दुकानदार भी जाम लगने का कारण है। इन दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने अतिक्रमण कर रखा है। यह लोग अपने वाहन भी रोड पर आड़े तिरछे खड़े कर देते हैं। प्रशासन ने लोगों की असुविधाओं को देखते हुए वाहन स्टैंड भी सुनिश्चित किए हैं। मुख्य बाजारों में जाम न लगे इसके लिए प्रशासन ने अभियान भी चलाया और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। वाहनों को खड़ा करने के लिए वाहन स्टैंड भी सुनिश्चित किए, लेकिन प्रशासन की सख्ती कुछ ही दिन चली और जाम की स्थिति आज भी बनी हुई है।

### इन मुख्य सड़कों पर लगता है जाम

- अशफाक नगर चौकी से रोडवेज बस स्टैंड
- पंखी चौराहे से घंटाघर
- जेल रोड से अंटा चौराहा
- मालखाना मोड़ से कच्चा कटरा
- कच्चा कटरा से गर्रा फाटक
- गर्रा फाटक से पक्का पुल तक लगता है जाम

# ई-रिक्शा, भैंसों के कारण जेल रोड पर लगा जाम


जेल रोड पर भैंसों के निकलने के कारण लगता जाम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर की प्रमुख सड़कों पर जाम लग रहा है। लोग परेशान हैं, लेकिन ट्रैफिक पुलिस अंजान है। शहर की ऐसी की मुख्य सड़क नहीं है। जहां जाम न लग रहा हो। बुधवार को असमय निकली भैंसों के कारण जेल रोड पर जाम लग गया। शहर में लगातार बढ़ रहे ई-रिक्शों की बजह से भी जाम की स्थिति पैदा हो रही है।

शहर में जाम की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए प्रशासन ने इन ई-रिक्शों का रूट तय कर दिया था। इसके बावजूद ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की वजह से प्रतिबंधित ई-रिक्शा मुख्य बाजारों में नजर आते हैं। एक तरफ नगर निगम द्वारा सीवर लाइन बिछाई जा रही है। जिस कारण गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य सड़कें खोदी गई हैं।

> ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। नो इंट्री में घुसने वाले प्रतिबंधित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई होगी। निशात तिराहे पर जाम की समस्या को लेकर नोटिस भेजा जा रहा है। **-बालकृष्ण यादव**, यातायात प्रभारी।

# जिले में 4200 प्रधानमंत्री आवास अधूरे बीडीओ को पूरा करवाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मंजूर किए गए लगभग 4200 आवास अभी भी अधूरे हैं। जबकि इनमें से ज्यादातर को बनाने के लिए तीसरी किस्त का पैसा भी जारी हो चुका है। इसके बाद भी आवास पूरे नहीं हो पा रहे हैं। अब परियोजना निदेशक ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की ओर से सभी खंड विकास अधिकारियों को जल्द से जल्द आवास पूरे करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

सरकार ने जिले को 29562 प्रधानमंत्री आवास बनाने का लक्ष्य दिया था। कई महीने पहले इसके लिए पात्रों का चयन किया जा चुका है। 29362 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त का पैसा पहुंच चुका है। इस तरह देखें तो कुल 99.32 प्रतिशत लाभार्थी पहली किस्त का पैसा हासिल कर चुके हैं। जबकि 200 लाभार्थियों को पहली किस्त

▸▸ जिले को मिला है 29562 आवास बनाए जाने का लक्ष्य

▸▸ किस्त नहीं मिली तो कुछ पैसा मिलने पर भी अधूरे

का पैसा ही नहीं मिल सका है। यह लाभार्थी ब्लॉकों के चक्कर लगा रहे हैं और जल्द से जल्द पैसा भिजवाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन पैसा भेजना इस बार ब्लॉकों के स्तर पर संभव नहीं है। बीते दिनों पहली किस्त जारी न होने का मामला परियोजना अधिकारी अवधेश राम के संज्ञान में आया तो उन्होंने पड़ताल कराई। जिससे पता चला कि ब्लॉक स्तर से प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। तकनीकी कारण से पैसा फंसा हुआ है। कुछ का खाता नंबर गलत हो गया है तो कुछ को पोर्टल की दिक्कत के चलते पैसा हासिल नहीं हो पा रहा है। पूरे प्रकरण की रिपोर्ट बनाते हुए भारत सरकार को भेज दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में बंडा ब्लॉक के 44,

> समय सीमा के आधार पर पहली, दूसरी और तीसरी किस्त का पैसा जारी किया जाता है। जैसे-जैसे समय होता है किस्तें लाभार्थी के खाते में भेजी जाती हैं। समय पूरा होने के बाद भी अधूरे आवासों को पूरा करने के लिए बीडीओ को निर्देश दिए गए हैं। **-अवधेश राम,** पीडी डीआरडीए।

भावलखेड़ा के 5, ददरौल 4, जैतीपुर 23, जलालाबाद 4, कलान 23, कांट 9, खुदागंज कटरा 9, खुटार 2, मदनापुर 7, मिर्जापुर 42, निगोही 3, पुवायां 3, सिंधौली 15 और तिलहर के 7 लाभार्थियों को आवास का पैसा नहीं मिल सका है। इन्हें जल्द से जल्द पैसा मिले इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। एक ओर लगभग 200 आवास को पहली किस्त नहीं मिल पाई है और दूसरी ओर जिले में 4200 आवास अब भी अधूरे हैं। इनमें कुछ को तीसरी किस्त का पैसा नहीं मिला है जबकि कुछ पैसा जारी होने के बाद भी अधूरे हैं।

# ससुरालियों ने विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव नरौठा देवीदास निवासी नरेश की पुत्री बंटी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 फरवरी 2022 में उसकी शादी लखीमपुर खीरी के कस्बा गोला के मोहल्ला अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी राहुल राज के साथ हुई थी।

पिता ने शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे इसलिए एक बाइक, चेन और 50 हजार रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरा नहीं करने पर 25 नवंबर 2022 को पति राहुल राज, देवर नितिन राज, सास पुष्पाराज, ससुर राजकुमार, ननद सोनी राज ने उसे पिटाई कर घर से भगा दिया। तो वह अपने मायके नरौठा देवीदास में आकर रहने लगी। इसके बाद बंटी ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई। बुधवार को तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# अब तक सिर्फ बिचौलिया गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

## करोड़ों का घोटाला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वृद्धावस्था पेंशन घोटाले की विवेचना क्राइम ब्रांच के पास होने के बावजूद केस दर्ज होने के चार महीने बाद भी सिर्फ एक गिरफ्तारी हो सकी है। वह भी मुख्य आरोपी की नहीं बल्कि एक बिचौलिए की। मुख्य आरोपी पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार का अब तब कोई सुराग नहीं है। नामजद अन्य आठ आरोपी भी क्राइम ब्रांच की पकड़ से दूर हैं।

लगभग छह महीने पहले जिला समाज कल्याण विभाग में लगभग ढाई करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश हुआ था। 2390 बुजुर्गों की पेंशन का पैसा जालसाजों ने अपने चहेतों के खाते में भेजकर हड़प लिया। इस तरह लगभग ढाई करोड़ का गबन किया गया। मामले का खुलासा होने के बाद पूर्व जिला समाज कल्याण

▸▸ क्राइम ब्रांच के हाथ में केस होने के बावजूद पकड़ में नहीं आ रहे घोटालेबाज

▸▸ चार माह बाद भी नामजद अन्य आठ आरोपी भी पकड़ से दूर उठ रहे हैं सवाल

अधिकारी राजेश कुमार सहित नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

पहले सदर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही थी, लेकिन बाद में एसपी अशोक कुमार मीणा ने मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी। क्राइम ब्रांच ने शुरुआत तेजी दिखाते हुए एक बिचौलिए को पकड़ कर जेल भेज दिया। इसके साथ ही पूर्व समाज कल्याण अधिकारी की गिरफ्तारी को लेकर सवाल उठने लगे। कहा गया कि असली आरोपी जल्द सलाखों के पीछे पहुंच जाएंगे, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। खेल के बड़े खिलाड़ी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। केस दर्ज हुए लगभग चार महीने का समय बीत गया है। केस की विवेचना आम पुलिस की जगह क्राइम ब्रांच कर रही है, लेकिन फिर भी मुख्य आरोपी पकड़ से दूर हैं। देखने वाली बात यह होगी कि आखिर कब बड़े खिलाड़ी क्राइम ब्रांच के जाल में फंसते हैं।

### इनके खिलाफ दर्ज है एफआईआर

20 सितंबर को जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने घोटाले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार ही शामिल नहीं थे बल्कि आठ अन्य लोग भी थे। जिनमें सीतापुर का निवासी विशाल सक्सेना व सूरज, शाहजहांपुर का निवासी साकिब, सीतापुर का निवासी खुशाल, कांट शाहजहांपुर निवासी प्रियांशु शर्मा, खपरीपुर सदर बाजार शाहजहांपुर का निवासी राम औतार, निकरा शाहजहांपुर निवासी सतीश कश्यप, पलहौरा कांट निवासी पप्पू भी शामिल हैं। सभी ने मिलकर अपने पूरे कार्यकाल में 2025 पेंशनरों के बैंक खाते में परिवर्तन किया और 302 पेंशनरों को ब्लॉक किया। जबकि कुल 2496 पेंशनरों के खाते में वर्ष 2022-23 में परिवर्तन किया गया। नाम और बैंक खाते का मिलान 2390 लोगों का नहीं किया गया और इन्हीं लोगों की पेंशन दूसरे खातों में भेज दी गई। इस तरह कुल दो करोड़ 52 लाख 39 हजार रुपये का घोटाला किया गया।

> समाज कल्याण विभाग की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है। अब विवेचना क्राइम ब्रांच कर रही है। अब जो भी कार्रवाई होनी है वह पुलिस विभाग के स्तर से की जानी है। -वंदना सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी।

> पेंशन घोटाले के आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें लगी हुई हैं। पूर्व समाज कल्याण अधिकारी को भी पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जल्द ही सभी आरोपियों को जेल भेज दें। -बीएस वीर कुमार, सीओ सिटी

**अनदेखी** — नियमों का पालन न करके वाहन चालक भी जान बूझकर जोखिम में डालते हैं जान

# जनवरी माह में सड़क दुर्घटनाओं में गई तीस लोगों की जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों को जागरुक किया जा रहा है। लेकिन कुछ दिन ट्रैफिक नियमों का पालन होता है व्यवस्था फिर पुराने ढर्रे पर आ जाती है। जनवरी माह में सड़क दुर्घटनाओं में तीस लोगों की जान जा चुकी है। खतरनाक मोड़, स्पीड ब्रेकर, स्कूल, कॉलेज संकेतक बोर्ड नहीं लगे है और न ही पुलों के दोनों साइडों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगे है। वहीं लोग भी नियमों का पालन न करके जान बूझकर अपनी जिंदगी जोखिम में डालते है।

पुलिस प्रशासन की ओर से सड़क सुरक्षा जागरुकता माह चलाया जा है। इसके तहत लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक


क्षतिग्रस्त बस से घायल को निकालते लोग।(फाइल फोटो)। ● अमृत विचार

▸▸ खतरनाक मोड, स्कूल व कॉलेज, अस्पताल के सामने से संकेतक बोर्ड गायब

कर डग्गामार वाहनों का चालान किया जा रहा है। लेकिन डग्गामार वाहन चालक क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं चालक बाइक चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करते है। गुरुवार को अल्हागंज में हुए हादसे में टैंपो में सवार 12 लोगों की जान गई थी। वहीं, शहर में खतरनाक मोड़, स्कूल व कॉलेज, अस्पताल के सामने तथा स्पीड ब्रेकर से पहले संकेतक बोर्ड लगे होते थे। लेकिन यह सब बोर्ड गायब हो गए। जिला पंचायत कार्यालय के मोड़ तथा जीआईसी तिराहे पर वाहनों के लिए संकेतक बोर्ड जरूर लगा होना चाहिए। चौराहे व तिराहे पर काफी स्पीड में वाहन निकालते है।

### अभियान: 41 वाहनों का किया चालान

**शाहजहांपुर।** सड़क सुरक्षा माह के प्रति एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडेय ने बुधवार को जिले में चेकिंग अभियान में चलाया। इस दौरान 41 वाहनों का चालान किया गया। उन्होंने टीम के साथ निगोही रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। बिना परमिट, बिना डीएल, बिना फिटनेस, ओवरलोड, क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने में 41 वाहनों का चालान किया गया, जिसमें तीन वाहनों को सीज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेकिंग अभियान में सीओ ट्रैफिक वीएस वीर कुमार सिंह, यातायात प्रभारी बालकृष्ण यादव मौजूद रहे।

### वाहन चालकों से पुलिस की अपील

बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, बाइक चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, टैंपो, ई-रिक्शा व मैजिक में क्षमता के अनुसार सवारियां बैठाए, नशे में वाहन न चलाए, सड़क पार करते समय दोनों तरफ देखे, वाहन को ओवरटेक देख करें, वाहन अधिक स्पीड में न चलाए, वाहन मोड़ते समय इंडीकेटर का प्रयोग करें और वाहन को सड़क पर न खड़ा करें।

> सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक किया जा रहा है। समय-समय पर वाहनों की चेकिंग की जाती है। क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने पर वाहनों का चालान किया जाता है। - **बाल कृष्ण यादव**, यातायात प्रभारी

# किशोरी ने पंखे के कुंडे से फांसी लगाकर दी जान

**तिलहर, अमृत विचार:** सतनुआ गांव में एक किशोरी ने कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर जान दे दी। तिलहर थाना क्षेत्र के गांव सतनुआ निवासी मलखान की पुत्री गिरिजा देवी (16) ने मंगलवार की रात नौ बजे खाना खाया। वह एक कमरे में सोने के लिए चली गई। बुधवार की सुबह सात बजे लोगों ने देखा कि उसका शव कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ था। इस दौरान गांव वालों की भीड़ लग गई। मलखान ने थाने पर सूचना दी। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिवार वालों से जानकारी की। सीओ तिलहर प्रयांग जैन ने बताया कि परिवार वालों ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। उसी से क्षुब्ध होकर किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी है।

# ननिहाल में रह रहे युवक ने फंदे पर लटक कर दी जान

संवाददाता, निगोही

▸▸ गांव के बाहर नीम के पेड़ पर लटका मिला शव

**अमृत विचार:** निगोही के गांव हरसेली में नानी के पास रह रहे युवक ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। उसका शव बुधवार सुबह गांव के बाहर खेत में नीम के पेड़ पर रस्सी से फंदे पर लटका मिला।

खुदागंज के गांव थूथा मझिला निवासी वीरेश (25) पुत्र राजवीर सिंह निगोही के गांव हरसेली में नानी नन्ही बिटिया के यहां रहता था। मंगलवार दोपहर बाद करीब तीन बजे वह अचानक बिना बताए घर से निकल गया। नानी ने सोचा कि देर सवेर लौट आएगा लेकिन वह पूरी रात गायब रहा। सुबह जब गांव के लोग खेतों की तरफ गए तो गांव के उत्तर शिवपाल के खेत में खड़े नीम के पेड़ पर वीरेश का शव फंदे पर लटक रहा था। उसके गले में रस्सी से फंदा कसा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी करने के साथ ही शव को उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वीरेश के नाना रामकेशन की दस वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। वीरेश की एक बहन बड़ी है, जिसकी शादी हो चुकी है। भाइयों में वह इकलौता था। माता-पिता की मौत के बाद वह हरसेली में नानी की देखभाल के लिए आया था। वीरेश की मौत से नानी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं इस मामले में थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि वीरेश शराब पीने का आदी था, इसी वजह से उसने आत्महत्या कर ली। किसी तरह का कोई आरोप नहीं है फिर भी मौत का कारण जानने के लिए शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

## एक नजर

### दंपती ने युवक को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा क्षेत्र के गांव हुलास नगरा निवासी सत्यवीर ने बताया कि 25 जनवरी की शाम सात बजे वह दरवाजे पर बैठा हुआ था। मदनलाल व उसकी पत्नी अनीता उसके दरवाजे पर आई और गाली देने लगी। विरोध करने दोनों ने सत्यवीर को पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने घायल का डॉक्टरी परीक्षण कराया। पुलिस ने मदनलाल व उसकी पत्नी अनीता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सर्राफा की दुकान में नकब लगाकर जेवर चोरी

**बदायूं।** थाना जरीफनगर क्षेत्र के कस्बा दहगवां के वार्ड सात निवासी सुनील वर्मा की मुख्य बाजार में सर्राफा की दुकान है। उन्होंने बताया कि वह दुकान पर जेवरात बनाते हैं और निखारते हैं। कुछ ग्राहकों ने दुकान पर जेवर रखे थे। कस्बा निवासी प्रदीप वर्मा के 500 ग्राम, मुकेश कुमार उर्फ पप्पू भैया ने 800 ग्राम चांदी आभूषण बनाने के लिए दी थी। उनकी खुद की 500 ग्राम चांदी, सोना और 10 हजार रुपये दुकान में रखे थे। मंगलवार को उन्होंने दुकान बढ़ाई और घर चले गए थे। रात में चोरों ने दुकान में पीछे से नकब लगाया। अलमारी में रखी चांदी, सोना और रुपये चोरी कर लिए। इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सर्द रातों में खेतों की रखवाली से परेशान किसानों ने बाड़े में बंद कर दिए छुट्टा पशु

## स्कूल के निकट खाली पड़ी बंजर की जमीन पर एकत्र कर चारों ओर खींचे तार

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचारः** कड़ाके की ठंड में फसलों की रखवाली करना किसानों को भारी पड़ रहा है। बुधवार को किसानों ने छुट्टा पशुओं को प्राथमिक स्कूल के निकट खाली पड़ी बंजर की जमीन इकट्ठा कर बाड़े में बंद कर दिया। किसानों ने चारो ओर तार भी खींच दिए ताकि गोवंशीय दोबारा खेतों की ओर न जा पाएं। किसानों ने बीडीओ से शिकायत कर पशुओं को गोशाला भिजवाए जाने की मांग की।

ग्राम पंचायत खखूड़ी के मजरा नारायनपुर, मनोरथपुर सैसोबारी, याकूबपुर के ग्रामीणों ने बताया कि छुट्टा पशुओं के रहते किसानों को अब खेती करना बहुत मुश्किल लग रहा है। फसलों में लगने वाली बीमारी और कीट पतंगों से बचाने के बीच फसल बचाने की सबसे बड़ी बमुश्किल इन पशुओं से हो रही है। कड़ाके की ठंड में पूरी-पूरी रात इन पशुओं को खेतों से भगाने में गुजर जाती है। इसके बाद भी जरा सा मौका मिलते ही पशु खेत



नारायनपुर प्राथमिक स्कूल के निकट बाड़े में बंद पशु। ● अमृत विचार

▸▸ बीडीओ से की शिकायत पशुओं को गोशाला भिजवाए जाने की मांग

में घुस जाते है। जिस किसान के खेत में पशुओं का यह झुंड घुसता है तो फिर उसकी फसल को चट कर जाते हैं। यदि किसान झुंड में न जाकर अकेले इन पशुओं को भगाने जाएं तो यह पशु हमलावर हो जाते हैं, न जाने कितने लोगों को चोटिल कर चुके हैं। इसके बाद भी प्रशासन इन पशुओं को पकड़कर गोशाला में नहीं भिजवा रहा है। सर्द रातों में फसल की रखवाली

> किसानों से कह दिया गया है कि तब तक इसी स्थान पर उनके खाने-पीने की व्यवस्था करते रहो। जल्द ही पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाएगा।
>
> **-प्रहलाद सिंह,** खंड विकास अधिकारी

से आजिज आकर बुधवार को गांव के तमाम लोगों ने मिलकर इन पशुओं को ग्राम पंचायत खखूड़ी के मजरा नारायनपुर प्राथमिक स्कूल के निकट खाली पड़ी बंजर की जमीन पर इकट्ठा किया तारों का घेरा बनाकर उसके अंदर बंद कर दिया। किसानों के अनुसार करीब 100 के आसपास पशु बंद किए गए हैं। किसानों ने इस संबंध में खंड विकास अधिकारी प्रलाहद सिंह से शिकायत कि इन गायों को गोशाला भिजवाया जाए।

### क्या बोले किसान



छुट्टा पशुओं से बहुत ही परेशान हो गया है। रात भर जाड़े में फसल की रखवाली करनी पड़ती है फिर भी जरा चूक गए तो फसल बर्बाद कर जाते हैं।

**-अवधेश कुमार,** मनोरथपुर सैसोबारी



खेती करना अब बहुत मुश्किल हो गया है। कोई भी फसल घर लाना आसान नहीं है। छुट्टा पशुओं से कभी कभी जान का भी खतरा बन जाता हैं।

**-दिलशाद,** याकूबपुर

## पूरे दल को दलबदल कानून के दायरे में लाए जाने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** व्यक्तिगत स्तर पर दल बदल को रखे जाने के बजाय पूरे के पूरे दल को दल बदल कानून के दायरे में लाए जाने की मांग करते हुए आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

जिलाध्यक्ष विमलेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि सत्तालोलुप नेताओं के द्वारा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए अपनी दलीय प्रतिबद्धता बार-बार बदले जाने के कारण हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आ रही गंभीर त्रुटियों और अनियमितताओं पर समुचित अंकुश लगाए जाने के लिए देश में दल-बदल कानून लाया गया लेकिन देखा जा रहा है कि अब व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं बल्कि दलीय स्तर पर दल बदल कर लिया जा रहा है। बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार इसके उदाहरण है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की शुचिता वास्तविक बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि व्यक्तिगत स्तर पर दल बदल को रखे जाने के बजाय पूरे के पूरे दल को दल बदल कानून के दायरे में लाए जाने की जरूरत है। ज्ञापन देने वालों में अवनीश कुमार, सुधीर वर्मा, शैलेश कुमार, प्रभात कुमार वर्मा, मालती, रामवीर, अनुराधा, माधुरी आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरी करने के दो आरोपी पकड़े



पुवायां पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। बरामद सामान ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** गांव जारमानो में 26 जनवरी की रात पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। गांव जारमानो की प्रधान रेनू ने 30 जनवरी को थाने में तहरीर देकर बताया था कि 26 जनवरी की रात को ग्राम पंचायत में बने सचिवालय का चोर ताला तोड़कर सोलर पैनल, इनवर्टर व ट्यूबलर बैट्री व कम्प्यूटर चोरी कर ले गए हैं। मामले की अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने चोरों की सुरागरसी शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गंगसरा निवासी लालाराम व महेश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने पंचायत घर में हुई चोरी को कबूल किया। पुलिस ने चोरों के पास से सोलर पैनल और ट्यूबलर बैट्री को बरामद किया है। चोरी किये गए सामान में से इनवर्टर व कम्प्यूटर दो दिन पहले चलते फिरते कबाड़ी को दो हजार रुपये में बेच दिया था।

### डोडा समेत दो युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने बताया कि बुधवार की सुबह साढ़े दस बजे सूचना मिली कि जलालाबाद रोड पर इंदलपुर तिराहे दो लोग डोडा लिए हुए खड़े है और किसी का इंतजार कर रहे है। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर जाहिद खां निवासी पापड़ थाना दाातागंज जिला बदायूं व दिनेश निवासी भुड़िया थाना जैतीपुर है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 20 किलो डोडा बरामद कर दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया।

## इनरव्हील ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** इनरव्हील संस्था की मंडलाध्यक्ष संध्या गुप्ता ने बुधवार को शाहजहांपुर इनरव्हील संस्था का औपचारिक भ्रमण किया। अध्यक्ष नीलम गुप्ता, सचिव रागिनी कपूर, वरिष्ठ सदस्य सुनीता गर्ग ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया।

सभी पदाधिकारियों के साथ वह वृद्धाश्रम पहुंची, जहां विभा अग्रवाल ने बुजुर्गों को इनर प्रदान किए। मंडलाध्यक्ष ने बुजुर्गों का हाल लेने के बाद भजन आदि सुने तथा वहां चलाए जा रहे प्रौढ़ शिक्षा केंद्र का जायजा लिया। फिर सीतापुर आई हॉस्पिटल पहुंचे, जहां सहिजना गांव में लगाए गए मोतियाबिंद कैंप के मरीजों, जिनका ऑपरेशन हुआ था, उनका हाल चाल पूछा और कंबल प्रदान किए। पश्चात एक होटल में बोर्ड की बैठक हुई। शुरुआत दीप



सीतापुर आई हॉस्पिटल में मरीजों को कंबल वितरित करतीं पदाधिकारी।

▸▸ संस्था की मंडलाध्यक्ष का महिलाओं ने किया स्वागत

प्रज्वलन कर गणेश वंदना से हुई काव्या गर्ग ने सुंदर प्रस्तुति दी। फिर सचिव रागिनी कपूर ने अब तक की रिपोर्ट पढ़ी। बायोडाटा राजेंद्र कौर ने पढ़ा।

सहयोग करने वाले डॉ. पुनीत टंडन, डॉ पुनीता अग्रवाल, डॉ गौरव कौशल, डॉ आंचल कौशल, डॉ. नीना सिंह, डॉ. रजत अग्रवाल, गुरुनानक स्कूल की प्रधानध्यापिका हरमीत कौर, ननकमत्ता गुरुद्वारा की उपाध्यक्ष कमलेश माटा को तथा मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया। संचालन डॉ अंचल कौशल एवं सुनीता गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। अंत में अध्यक्षा नीलम गुप्ता ने आभार प्रकट किया। सीजीआर विभा अग्रवाल, आईएसओ मंजुला शर्मा , अनुभा मेहरोत्रा, एडिटर ज्योति गुप्ता, रीना अग्रवाल, सीएलसीसी सुनीता मौजूद रहीं।

## कोहरे में डंपर में घुसी कार, चालक गंभीर

**बदायूं, अमृत विचार:** मूसाझाग क्षेत्र में दातागंज मार्ग पर गांव गुलड़िया के पास एक कार घने कोहरे में डंपर में जा घुसी। इसमें कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार तीन लेखाकार, दो कंप्यूटर ऑपरेटर मामूली रूप से चोटिल हो गए। कार चालक को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने डंपरचालक को पकड़ लिया।

लखनऊ में मनरेगा का दो दिन का प्रशिक्षण होना है। इसमें विकास खंड कार्यालयों में तैनात लेखाकार, कंप्यूटर ऑपरेटर को जाना था। दहगवां नगर पंचायत के लेखाकार हरिओम गुप्ता, आसफपुर के अशोक पाल, जगत के ग्रीश पाल, जगत के कंप्यूटर ऑपरेटर अकरम, विकास भवन के ऑपरेटर आशीष ने लखनऊ जाने के लिए कार बुक की। बुधवार सुबह लखनऊ के लिए निकले थे।

## रेलकर्मियों की मांगों को लेकर नरमू ने दिया धरना

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचारः** नार्दन रेलवे मेंस यूनियन रोजा शाखा ने बुधवार को रेलकर्मियों की 27 मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी करते हुए मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन भेजा।

बुधवार की सुबह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नरमू के पदाधिकारियों यूनियन कार्यालय पर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंच गए। जहां एक सभा आयोजित की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रोजा परिक्षेत्र में रेलवे में कार्यरत कर्मचारियों की मांगे काफी समय से लंबित हैं। उन समस्याओं का आज तक कोई हल नहीं निकला। कहा कि कोविड के दौरान रोजा में रुकने वाली ट्रेनों का ठहराव खत्म



रोजा में धरना प्रदर्शन करते नरमू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ 27 सूत्रीय ज्ञापन डीआरएम को भेजा, नारेबाजी के बाद दिया सांकेतिक धरना

कर दिया गया था। कई बार मांग करने के बावजूद रेल अधिकारियों ने कोई कदम नहीं उठाया है। पुराने गेट गुमटी की जगह पर नई बिल्डिंग बनवाने, आवासों को ठीक किया जाए, रोजा रेलवे स्टेशन पर बाइक स्टैंड बनवाने की मांग की गई।

दो वर्ष पूरे कर चुके सहायक लोको पायलट की पदोन्नति सहित अन्य मांगों को उठाया गया। उन्होंने कहा कि यदि रेलवे के आला अधिकारियों ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना व प्रदर्शन में अमित भागवत मिश्रा, चंदन कुमार, अवधेश कुमार, शमीम अहमद खान, अमित राय, विजय कुमार, मनजीत सिंह, शेषमणि शर्मा, राजकुमार, मिल्लत अंसारी, सुशील, आनंद, दीपक, बाबूलाल, नंदन, उमेश, जनार्दन, सत्येंद्र, अंकित, कैलाश, केतन, राकेश आदि मौजूद थे।

## ब्लाक मुख्यालय पर भाकियू का धरना दूसरे दिन भी जारी

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने लोहरगवां गांव में मानक के अनुसार सीसी रोड का निर्माण कराए जाने और पशुओं को गोशाला भिजवाए जाने की मांग को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर धरना दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा।

महिला प्रकोष्ठ की मंडल अध्यक्ष माधुरी कुशवाह ने कहा कि लोहरगवां में सीसी रोड का मानक के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है। जिसकी जांच कराकर दोषी लोगों को दंडित किया जाए और छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाया जाए, किसानों के बिजली कनेक्शन होने के बाद फर्जी बिजली चोरी के मुकदमें दर्ज किए जा रहे है। उन्हें वापस लिया जाए। कई गांव में सड़कों को खोदकर डाल दिया है। किसानों को दिए गए बीज की सब्सिडी शीघ्र दिलाई जाए, छूटे हुए किसानों को सम्मान निधि दी जाए। किसानों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो पांच फरवरी को उग्र आंदोलन करते हुए चक्का जाम किया जाएगा। धरना देने वालों में शंकरलाल, आत्माराम, फिरासत खां रक्षपाल सिंह आदि थे।

## अभियुक्त की निशानदेही पर तमंचा बरामद

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** थाने के उप निरीक्षक योगेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि छोटेलाल निवासी इटौरा थाना सेहरामऊ दक्षिणी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि छह जनवरी को गांव के हिस्ट्रीशीटर सत्यशील ने उसके भतीजों संदीप व रितेश पर जान से मारने की नीयत से फायर किया था, जिससे दोनों घायल हो गए थे। पुलिस ने आरोपी सत्यशील को 19 जनवरी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लेकर अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा व खोखा एक झाड़ी से बरामद किया। पुलिस ने रिमांड पर लिए गए अभियुक्त को जेल भेज दिया।

## प्रबंध निदेशक ने ड्रायर हाउस में नवनिर्मित चीनी की गुणवत्ता देखी

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचारः** उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. लखनऊ के प्रबंध निदेशक रमाकांत पांडेय और प्रधान प्रबंधक जंगबहादुर यादव ने बुधवार को तिलहर मिल का निरीक्षण किया। उन्होंने गन्ने की आवक, पेराई से लेकर चीनी बनने तक की प्रक्रिया को देखा, जिस पर उन्होंने मिल कार्यों पर संतुष्टि जाहिर की।

उन्होंने सर्वप्रथम ड्रायर हाउस में नवनिर्मित चीनी गुणवत्ता देखी, जो मानक अनुरूप मिली। उसके बाद मिल की मशीनों का निरीक्षण किया। केन कैरियर पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में आए गन्ने की



निरीक्षण करते प्रबंध निदेशक रमाकांत पांडेय और प्रधान प्रबंधक जंगबहादुर यादव।

गुणवत्ता को चेक किया। इस दौरान चीनी मिल की चिमनी से सफेद धुंआ निकलते पाए जाने पर वायु प्रदूषण नियंत्रित मिला। प्रबंध निदेशक ने मिल के कार्यों की सराहना की। इस दौरान प्रधान प्रबंधक जंगबहादुर यादव, मुख्य गन्ना अधिकारी दमिनेश कुमार राय, मुख्य रसायनविद् रामलखन प्रजापति, मुख्य अभियंता महेन्द्र यादव, अवर अभियंता सिविल मोहित जायसवाल, एईडीपी चंद्रभान सिंह, स्टेनो विकास बाबू शर्मा, सुरक्षा अधिकारी रामकिशोर सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी गण मौजूद रहे।

▸▸ पेराई से लेकर चीनी बनने तक की प्रक्रिया का किया निरीक्षण

▸▸ तिलहर चीनी मिल में मौजूद रहे कई अधिकारी

### तिलहर चीनी मिल में बनेगा नया गोदाम

**तिलहर।** प्रबंध निदेशक ने बसंत कालीन बुवाई ,ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ट्रेंच विधि द्वारा बुवाई के दौरान सह फसली खेती से किसानों की आय दोगुनी होगी। उन्होंने बताया तिलहर चीनी मिल में नया गोदाम बनने के बाद पिपरोला में किराए पर लिए गए गोदाम पर प्रतिवर्ष होने वाले करोड़ों रुपये व्यय की बचत होगी। उन्होंने बताया पूरे देश में प्रति वर्ष 23 लाख टन चीनी का उपयोग होता है। इस वर्ष महाराष्ट्र का कर्नाटक में गन्ने का उत्पादन 25 प्रतिशत कम होने से उसका भार प्रदेश की चीनी मिलों पर बढ़ा है। उन्होंने गन्ना किसानों के लिए यार्ड में दरी, कंबल, अलाव के साथ ही शौचालय की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## अंग्रेजी और देशी शराब की दुकान में चोरी का प्रयास

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों में चोरों ने चोरी का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हो पाए। चोरों ने दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए। बुधवार सुबह जानकारी होने पर सेल्समैन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।

नगर के गोला बाईपास रोड अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानें रंगीलाल के मकान में बनी दुकानों में संचालित हो रही हैं। मंगलवार की रात देशी और अंग्रेजी शराब की दुकानों पर काम करने वाले सेल्समैन दुकानों को बंद कर अपने घर चले गए थे। तभी रात में कुछ चोरों ने दुकानों में चोरी करने के इरादे से दुकानों के बाहर लगे दो सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। लेकिन इसी बीच आहट होने पर चोर चोरी करने

▸▸ दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे किए क्षतिग्रस्त, पुलिस ने की जांच-पड़ताल

में सफल नहीं हो पाये और बगैर चोरी किए ही वहां से भाग निकले। बुधवार सुबह जब दोनों दुकानों के सेल्समैन दुकान खोलने के लिए पहुंचे, तो देखा की दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त थे। दुकान में चोरी के प्रयास किए जाने और सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त किए जाने की खबर सेल्समैन ने ठेकेदारों के साथ ही सूचना पुलिस को दी। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस ने चोरों द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए सीसीटीवी कैमरा को सही कराकर इतिश्री कर ली। वहीं थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि कुछ अराजकतत्वों द्वारा शराब की दुकानों के कैमरे तोड़े गए थे, जो सही करा दिए गए है। किसी के द्वारा कोई तहरीर नही दी गई है।

## स्वरोजगार बढ़ाकर गांव को और मजबूत करें समूह



प्रशिक्षण का दीप जलाकर उद्घाटन करते खंड विकास अधिकारी प्रहलाद सिंह।



दो दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करते लोग।

संवादाता, जलालाबाद

**अमृत विचारः** ब्लॉक की ग्राम पंचायतों के सुदृढ़ीकरण को लेकर ग्राम प्रधानों एवं स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण विकास खंड सभागार में शुरु हो गया। बुधवार को प्रशिक्षण का प्रारंभ खंड विकास अधिकारी प्रहलाद सिंह ने दीप जलाकर किया।

इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास के लिए प्रधानों और स्वयं सहायता समूहों को अब मिलकर काम करना है। जिससे हमारी ग्राम पंचायतें उत्कृष्ट पंचायत बने। उप निदेशक पंचायत महेंद्र सिंह के निर्देश में हो रहे प्रशिक्षण में 41 प्रधानों तथा 41 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। राज्य प्रशिक्षक राकेश कुमार पांडेय एवं डॉ. आशुतोष शुक्ल ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण में ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत का परिचय, समितियों का निर्माण, उद्देश्य, कार्य आदि के साथ ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण किस प्रकार करें आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया।

एडीओ पंचायत युनुस खान की देखरेख में हो रहे प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान रामवीर सिंह, आरती देवी, फिदा हुसैन, गुड्डी देवी, लौंगश्री, निशा देवी आदि के साथ समूह सखी प्रियंका देवी, ममता देवी, अंजुम, शालिनी सक्सेना, मनोरमा, उषा देवी, प्रीती सिंह, अलका, अनामिका देवी आदि शामिल हुईं। कार्यक्रम की व्यवस्था प्रोजेक्ट मैनेजर पवन पटेल एवं उनके सहयोगी रोहित चौरसिया ने की।

### कार्यशाला में बताई दृश्य श्रव्य माध्यमों की उपयोगिता

**शाहजहांपुर।** जन शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान कानपुर के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र पिपरोला के सभागार में किया गया। बुधवार को प्रशिक्षण कार्यशाला में एनएसक्यू एफ संवर्ग प्रशिक्षण तकनीक में दृश्य श्रव्य माध्यमों की उपयोगिता, शिक्षा और प्रशिक्षण के निष्पादन पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षक के मुख्य सत्र विनोद शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुए। प्रथम दिवस के सत्र समापन पर कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में अमित कुमार, अनीता, अंकित कुमार, अनुपमा, बेबी शर्मा, दिव्या गुप्ता, गोविंद कुमार, हरीशचंद्र, नन्हेलाल पूनम, प्रशांत पाठक, प्रीति शर्मा, रोशनी गुप्ता एवं अंजना राठौर, उपेंद्र कुमार शंखधार आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व कार्यशाला की शुरुआत मां सरस्वती एवं कुंवर जितेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर आरडीएसडीई के क्षेत्रीय निदेशक जेडी मसिलामणि, एनएसटीआई कानपुर के संयुक्त निदेशक एम कुमारवेल, मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य शिवदत्त शुक्ला, होम एम्पायर सोल्यूशन के प्रबंध निदेशक प्रशांत कश्यप एवं जन शिक्षण संस्थान के निदेशक सुशील मिश्रा आदि शामिल रहे।

# सड़क का पता नहीं, उबड़-खाबड़ कच्चा रास्ता बना मुसीबत

## भावलखेड़ा के गांव नुसरुतपुर उर्फ बांडी गांव का हाल, वाहनों के निकलने से उड़ती धूल कर देती है लोगों को बेहाल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक भावलखेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नुसरुतपुर उर्फ बांडी गांव की कच्ची उबड़-खाबड़ सड़क पर राहगीरों को काफ़ी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। जिम्मेदार लोग इस ओर बेपरवाह बने हुए हैं। राहगीरों ने बताया कि यह सड़क कई सालों से जर्जर पड़ी है। वाहनों के निकलने से उड़ती धूल से लोग सराबोर हो जाते हैं। बरसात के दिनों में तो इस रोड़ की हालत और भी खराब हो जाती है।

इस गांव को जाने के लिए हरदोई बाईपास से होकर एक रास्ता और दूसरा रास्ता रोजा मंडी गेट के पीछे से निकलता है। गांव से शहर आने के लिए ज्यादातर लोग मंडी गेट के पीछे वाले रास्ते से ही आते हैं और यही रास्ता सबसे अधिक खराब है। जर्जर स्थिति बालाजी भट्टे से बांडी गांव से होते हुए शकील के मकान से पहले तक है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से कई बार सड़क का डामरीकरण कराए जाने की मांग की लेकिन आज तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई। शकील, असलम, अब्दुल, रिजवान आदि ग्रामीणों का कहना है कि पक्की सड़क बने और पक्की नालियां हो तो सड़क पर जल भराव की समस्या भी खत्म हो। इस जर्जर सड़क पर स्कूल आने जाने वाले सभी छोटे-बड़े बच्चों का चलना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। आए दिन गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं, संबंधित ग्राम पंचायत के प्रधान को समस्या के विषय में बताया गया, लेकिन समाधान अभी तक नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि घर से निकलने के लिए यह मुख्य सड़क है, तो मजबूरन निकलना तो पड़ेगा ही वर्ना कहां से निकलेंगे। ग्रामीणों मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क को दुरुस्त कराया जाए।


रोजा से नुसरुतपुर उर्फ बांडीगांव को जाने वाली कच्ची सड़क। ● अमृत विचार


नुसरुतपुर उर्फ बांडीगांव में जलभराव। ● अमृत विचार

- बरसात के दिनों में होती है दलदल, जिम्मेदार बने अंजान
- बोले लोग, कई बार उठाई मांग लेकिन नहीं हुई सुनवाई

### गांव के अंदर भी बनी हुई है जलभराव की समस्या

गांव के लोगों का कहना है कि वर्षों पहले सड़क तो बनवाई गई लेकिन सड़क के दोनों किनारों पर नालियां नहीं बनवाई गईं। घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर भर रहा है। जिस कारण सड़क पर गड्ढे हो गए हैं और उनमें हर वक्त पानी भरा रहता है। इधर से कोई वाहन गुजरता है तो गंदे पानी की छींटें पड़ने से कपड़े गंदे हो जाते हैं।

उच्च अधिकारियों को कई बार सड़क की समस्या के बारे में अवगत कराया। कई माह बीत चुके हैं, जिसमें कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की बैठक में भी गांव की सड़क के बारे में अवगत कराया था। आश्वासन दिया है जल्द से जल्द समस्या का समाधान होगा।

–फिरासत अली खां, प्रधान नुसरूतपुर उर्फ बाड़ीगांव

### क्या कहते हैं ग्रामीण


उबड़-खाबड़ कच्ची सड़क पर निकलने में छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियां हो रही हैं। आए दिन बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो।
–असलम


हम लोगों को गांव से शहर आने में काफी दिक्कतें होती हैं, खास तौर पर बरसात के दिनों में निकलने में काफी दिक्कतें होती हैं। कई बार शिकायत के बाद भी समाधान नहीं हुआ।
–अब्दुल


इस सड़क पर सबसे अधिक परेशानी वाहन निकलने पर धूल उड़ने की वजह से होती है। चौपहिया वाहन के निकलने से पीछे चलने वाले दोपहिया वाहन व राहगीर धूल से सन जाते हैं।
–शकील


कच्ची सड़क के साथ उबड़-खाबड़ पर चलना बहुत मुश्किल हो रहा है, आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गांव से शहर के आवागमन में काफी दिक्कतें हो रही हैं।
–रिजवान

## भगवान अपने भक्तों पर अवश्य करते हैं कृपा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** गोकुलधाम कॉलोनी में चल रही श्री राम कथा के छठे दिन कथा व्यास आचार्य योगेंद्र दीक्षित ने तड़का वध और मारीच सुबाहु प्रसंग में बताया कि ताड़का अविद्या का रूप है। जब हमारे जीवन में अविद्या निवास करती है, तब हमें दुख होता है और दुख का कारण है आशा।



उन्होंने सुनाया कि हम जब संसार के लोगों पर आशा करते हैं, तब हमें दुख होता है इसलिए जो आशा है उसको भगवान को समर्पित कर देना चाहिए और दोष रूपी सुबाहु को मार देना, मारीच रूपी दोष अपने आप दूर हो जाएंगे। इसलिए भगवान ने एक वाण से ताड़का के प्राण लिए और अपने धाम को भेज दिया। कथा में अहिल्या उद्धार की चर्चा करते हुए कथा व्यास ने बताया कि भगवान अपने भक्तों को कभी भी निराश नहीं होने देते और किसी न किसी बहाने से भगवान भक्त पर कृपा करने अवश्य करते हैं। उन्होंने धनुष भंग, भगवान के विवाह की कथा को भी सुनाया। कथा के यजमान डा. सुरेश चंद्र मिश्र, महेश चंद्र मिश्र, अंकुर मिश्र, योगेश शर्मा, आशू दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

## फाइलेरिया से बचाव को निकाली जागरुकता रैली

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** भावलखेड़ा ब्लॉक के चौड़ेरा व जमुही गांव में नेगलेक्टेड ट्रापिकल डिजीज दिवस का आयोजन पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म के सदस्यों द्वारा किया गया। इस दौरान गांव में जागरुकता रैली निकाली गई और फाइलेरियां रोग की जानकारी दी गई।

जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है। यह क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। इसकी चपेट में आने वाले मरीजों के पैरों में सूजन आने लगती है, पेशाब में सफेद रंग का द्रव्य निकलने लगता है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया को हाथी पांव भी कहते है। यह व्यक्ति को कमजोर और अपाहित करने वाली बीमारी है।

फाइलेरिया शरीर के लटके हुए अंग जैसे पैर, हाथ आदि को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया का अब तक कोई उपचार उपलब्ध नहीं है। इस बीमारी से बचाव के लिए प्रत्येक साल अभियान चलाया जाता है। इस साल 10 फरवरी से 28 फरवरी तक अभियान चलाया जाएगा।

# पलियापट्टी गांव के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को मंडल में मिला दूसरा स्थान


पलियापट्टी गांव में स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर और मौजूद स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

- स्वास्थ्य कर्मियों को दी गई बधाई, किया जाएगा सम्मानित

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के तहत पलियापट्टी गांव के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को मंडल में दूसरा स्थान मिला। स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्ता परक बनाने एवं मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने पर डॉक्टर ने कर्मियों को बधाई दी।

चिकित्साधीक्षक डॉ. करन सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की टीम के द्वारा प्रत्येक बिंदु पर बीते दिनों जांच की गई थी। इसके बाद हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पलिया पट्टी को बरेली मंडल का द्वितीय स्थान मिला। उन्होंने बताया कि यह स्वास्थ्य विभाग के लिए गौरव की बात है। डॉ. तौकीर नवी के प्रयासों व लगन से यह संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत तीन अलग-अलग चरणों में अस्पताल का मूल्यांकन किया जाता है। जब इंटर्नल स्कोर 70 प्रतिशत से अधिक हो जाता है तब राज्य स्तरीय टीम द्वारा स्टेट असेसमेंट किया जाता है।

इसमें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ने 82 प्रतिशत अंक हासिल करके राष्ट्रीय असेसमेंट के लिए फ़ाइनल लिस्ट में शामिल हुआ था। जांच में परिसर की साफ सफाई, रख रखाव से लेकर अस्पताल के सभी स्टाफ का इंटरव्यू एवं दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया था। डॉ. करण सिंह ने बताया कि सफलता पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

## ट्रेन से कटी महिला का बच्चा भेजा गया अनाथालय

**बदायूं, अमृत विचार :** ट्रेन से कट कर जान देने वाली अज्ञात महिला का एक वर्षीय पुत्र को जिला अस्पताल से बुधवार को अनाथालय भेज दिया गया। बच्चे के होंठ में चोट लगी होने के कारण डॉक्टरों ने चौबीस घंटे तक उसको अपनी देखरेख में रखा। बच्चे को जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेश पर अनाथालय में भेजा गया है।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में सोमवार की रात को ग्रामीणों ने रेलवे लाइन के पास किसी बच्चे की रोने की आवाज सुनी। ग्रामीण जब उसके पास पहुंचे तो लगभग एक साल का बच्चा रेलवे लाइन से कुछ ही दूरी पर रो रहा था। उसके होंठ में चोट लगी होने से खून बह रहा था। ग्रामीणों ने देखा कि रेलवे लाइन पर एक महिला का क्षत विक्षत शव पड़ा था। ग्रामीणों ने इस मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच गयी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया जबकि बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बच्चे को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराने के बाद इस घटना की सूचना बड़े अफसरों को दी। बच्चे को जिला अस्पताल में देखने को कई लोग पहुंच गए। महिला के शव की शिनाख्त नहीं हुई है।

# लंबे समय से गैरहाजिर रही कलान की तीन आशाओं की सेवा समाप्त


स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए कार्रवाई के निर्देश
- मुख्य सेविकाओं से टीकाकरण में वजन मशीन न ले जाने पर जवाब तलब किया

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की तथा उनकी प्रगति के बारे में जाना। ब्लॉक कलान में लंबे समय से अनुपस्थित रहने के कारण जिलाधिकारी ने तीन आशाओं की सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। खराब प्रगति वाले ब्लॉकों को प्रगति में सुधार करने के सख्त निर्देश दिये। वहीं मुख्य सेविकाओं द्वारा टीकाकरण कैंप के दौरान वजन मशीन न ले जाने पर जवाब तलब करने के निर्देश दिए।

मातृत्व वंदना योजना की मंडल में रैंक एक तथा प्रदेश में 10 रैंक होने पर जिलाधिकारी ने खराब प्रगति वाले ब्लॉकों को सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि मातृत्व वंदना योजनान्तर्गत अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराएं।

आयुष्मान भारत योजना में 12 लाख के सापेक्ष 70.42 प्रतिशत प्रगति के साथ लगभग 8 लाख रजिस्ट्रेशन किए गए हैं। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायत सहायकों को लगाकर सभी ब्लॉकों में और अधिक रजिस्ट्रेशन करवाए जाएं। उन्होंने 65 प्रतिशत से कम प्रगति वाले ब्लॉकों की लिस्ट डीपीआरओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। फैमिली प्लानिंग के अन्तर्गत भावलखेड़ा व ददरौल की खराब प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने अतिरिक्त कैंप लगाकर प्रगति में सुधार करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके. गौतम, जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### क्षय रोग अधिकारी से डीएम ने जताई नाराजगी

क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 51 ग्राम पंचायतें क्षय रोग मुक्त हो चुकी है। संबंधित अधिकारी द्वारा स्पष्ट जानकारी उपलब्ध न कराए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के प्रति गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। फाइलेरिया नियंत्रण के संबंध में एमओआईसी को बीडीओ के साथ फील्ड पर कार्य करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए तथा स्कूलों में अभिभावकों के साथ बैठक कर प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। इम्यूनाइजेशन टीकाकरण में जनपद में एक रैंक होने पर जिलाधिकारी ने एमओआईसी को क्षेत्र में भ्रमण कर टीकाकरण का सत्यापन करने के निर्देश दिए तथा नियमित रूप से टीकाकरण कराने हेतु भी निर्देशित किया।

### 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाली योजनाओं से संबंधित मुख्य सेविकाओं का वेतन रोकने के निर्देश

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति/जिला अभिषरण योजना समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप पर बच्चों के वजन, लंबाई, गृह भ्रमण, टेक होम राशन, लाभार्थी आधार सत्यापन, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण तथा बच्चों के पोषण स्तर में सुधार आदि की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं प्रभारी को टीएचआर एवं गृह भ्रमण की फीडिंग बढ़ाए जाने के निर्देश दिये। टेक होम राशन में 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाली सभी मुख्य सेविकाओं का वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। हॉट कुक्ड मील योजना में निगोही, ददरौल, मदनापुर की खराब प्रगति होने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। पोषण ट्रेकर एप पर खुटार की सबसे कम प्रगति होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि कुपोषण दूर करने के लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा। कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होंने सक्षम आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिये जाने हेतु भी निर्देश दिये। कमांड सेंटर द्वारा तैनात कर्मचारियों की लोकेशन ट्रेक करने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाएं भी उपस्थित रहीं।

KESHLATA CANCER HOSPITAL LTD BAREILLY
केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• नि:शुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
• कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

# विद्यालय से निष्प्रयोज्य वस्तुओं का निष्पादन करने के निर्देश



शिक्षकों के साथ बैठक करते नवागत खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र कुमार। ● अमृत विचार


बैठक में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** नवागत खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र कुमार ने नगर का चार्ज लेने के बाद बुधवार को शिक्षकों के साथ बैठक की। जिसमें समस्त प्रधानाध्यापक, इंचार्ज संकुल व एआरपी शामिल हुए।

उन्होंने सभी से परिचय प्राप्त करने के बाद कायाकल्प योजना के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की तथा जो कार्य विद्यालय में नही हो सके। उन्हें विद्यालय में कंपोजिट ग्रांट से करवाएं, विद्यालय को साफ सुथरा बनाएं और विद्यालय में रखे जर्जर एवं निष्प्रयोज्य कबाड़, टाट फट्टी, दरी आदि को नियमानुसार खारिज कर हटाए तथा विद्यालय में एक भी पुस्तक अवशेष न रहे, सभी बच्चों में वितरित कर दी जाए, साथ ही बच्चों की उनस्थिति बढ़ाने का प्रयास करें। विद्यालय प्रबंध समिति बैठकों में अभिभावकों व रसोईयों से चर्चा करें और उनके बच्चों की नियमित उपस्थिति और ठहराव के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जर्जर विद्यालय भवन की स्थिति के लिए भी एक फार्मेंट भरवाकर उस पर चर्चा की। एआरपी मो. लतीफ ने कहा कि बच्चों का मूल्यांकन प्रपत्र प्राप्त कर बच्चों कि सूचना भरें। इमरान सईद खां ने खंड शिक्षा अधिकारी का पुष्प देकर स्वागत किया तथा शिक्षकों की ओर से आश्वासन दिया कि नगर क्षेत्र को शैक्षिक रूप से निपुण और अच्छा बनाने में पूर्ण सहयोग देंगे। बैठक में शाकिर बाबू संकुल, मो. कामिल, आदिल खां, ममता सिंह, अजरा बेगम, समीक्षा, अनीता भारती, शमशेर खां, सुबोध वर्मा, सुम्बुल, रीना, कहाकशा, तबस्सुम हयात, अंजू, सुनीता, नीरू आदि शामिल रहे।

### कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मुनीश का किया स्वागत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय सिंह द्वारा इस्तीफा देने के बाद कार्यवाहक जिलाध्यक्ष का बुधवार को फूलमाला पहनाकर शिक्षिकाओं ने स्वागत किया। विकास खंड ददरौल के कंपोजिट विद्यालय अर्करा रसूलपुर में संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनीश मिश्रा को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर शिक्षिकाओं ने उन्हें मिठाई खिलाकर एवं फूल-मालाएं पहनाकर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रेमपाल गंगवार, सौरभ अवस्थी, मुदित सेठ, मुजाहिदीन खां सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।


कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्रा का स्वागत करतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

## एक नजर

### बस के परिचालक को चालक और महिला ने पीटा

**बरेली।** अतरौली डिपो के परिचालक के साथ बदायूं डिपो के चालक और महिला ने मारपीट की। जांच को पहुंचे दरोगा ने भी उन्हें पीटा। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। मामले की शिकायत एआरएम से की गई है। अतरौली डिपो के परिचालक दीपक कुमार ने बताया कि मामूली विवाद पर बदायूं डिपो के चालक ने महिला साथी के साथ मिलकर उन्हें पीटा। उन्होंने पुलिस से शिकायत की तो जांच करने पहुंचे दरोगा ने भी उनके साथ मारपीट की। विवाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित परिचालक ने मामले की शिकायत बदायूं डिपो के एआरएम से की है।

### आसम के युवक से सात लाख हड़पे

**बरेली।** आसम के एक युवक से बरेली की एक कंपनी के मालिक ने करीब सात लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत बुधवार को एसएसपी कार्यालय में की। जनसुनवाई कर रहे अधिकारियों ने मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। आसम निवासी अबुल बसर ने बताया कि डेढ़ साल पहले उन्होंने बरेली की एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मालिक को छह लाख 94 हजार रुपये उधार दिए थे। कंपनी मालिक ने समय पर रुपये लौटाने का वादा किया था। आरोप है कि समय पूरा होने के बाद भी रुपये वापस नहीं किए। रुपये मांगने पर उन्हें दो चेक दिए गए, जो बैंक खाते में रुपये न होने के कारण बाउंस हो गए। सोमवार को उन्होंने कंपनी मालिक से उधार लिए रुपये लौटने को कहा। इस पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। अबुल बसर ने बताया कि उन्हें गुमराह करने के लिए ऑफिस के सामने एक नोटिस बोर्ड लगा दिया गया है कि कार्यालय कहीं और शिफ्ट हो रहा है। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

# मंडल रेल प्रबंधक ने शाहजहांपुर स्टेशन के साथ ओवरब्रिज निर्माण कार्य भी देखा

## उच्च गुणवत्ता के साथ समय से कार्य पूरे करने के दिए कड़े निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने शाखा अधिकारियों की टीम के साथ सीतापुर सिटी, शाहजहांपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। रामपुर रेलवे स्टेशन के मध्य समपार फाटक संख्या एलसी 334, एलसी 352 एवं एलसी 390 का निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया।

आरंभ में सीतापुर सिटी स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का निरीक्षण किया। सेक्शन में नौ से 13 फरवरी तक सीतापुर सिटी एवं सीतापुर जंक्शन के मध्य नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। जिसमें सीतापुर सिटी एवं सीतापुर जंक्शन के मध्य रेल लाइन का दोहरीकरण होना है। वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक (सामान्य) चेतन तनेजा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों का जायजा लिया।

रेल प्रबंधक ने तिलहर यार्ड में समपार फाटक संख्या एलसी-334 पर निर्माण किए जा रहे रेल ओवरब्रिज के कार्य का निरीक्षण किया और उच्च गुणवत्ता के साथ समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। रेल प्रबंधक ने पीतांबरपुर स्टेशन यार्ड के समपार फाटक संख्या 352 का निरीक्षण किया। दुगनपुर रेलवे स्टेशन के पास समपार फाटक संख्या 390 पर रेल अंडरपास मार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

### देश के लंबी दूरी की ट्रेनों के विलंब से चलने का सिलसिला जारी, यात्री परेशान

**मुरादाबाद।** लंबी दूरी की ट्रेनों की प्रतीक्षा के बाद लोग यात्रा का माध्यम बदलने को मजबूर हैं। बुधवार को जनसाधारण, लिंक एक्सप्रेस, उपासना और गरीब नवाज के यात्रियों को अपना कार्यक्रम बदलना पड़ा। दोपहर बाद सीआईटी और स्टेशन मास्टर कक्ष में कई यात्री आए और टिकट निरस्त कराया। रेल प्रबंधन ट्रेनों के विलंब को लेकर कुछ भी स्पष्ट बोलने को तैयार नहीं है। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि लंबी दूरी की ट्रेनें प्रभावित हो रही हैं। कोहरा पर किसी का नियंत्रण नहीं है। संरक्षा कारणों से रात में ट्रेनों की गति नियंत्रित कर दी गयी है। उधर, दोपहर बाद अचानक मौसम बदलने के बाद रेलवे के परिचालन विभाग के जिम्मेदारों के चेहरे पर तनाव देखा गया। स्टेशन अधीक्षक ने कहा कि मौसम अचानक खराब हो गया। इसका प्रभाव ट्रेनों की समयबद्धता पर पड़ेगा। साधारण श्रेणी के यात्रियों की गाड़ी जनसेवा एक्सप्रेस का बुरा हाल है। सुबह के समय यह गाड़ी 15 घंटे 46 मिनट की देरी से चल रही थी। रात में 13 :58 मिनट देरी से यहां पहुंची। उधर, सरयू-यमुना 3 घंटे 52 मिनट, गंगा-सतलुज 6 घंटे 18 मिनट, दुर्गियाना 2 घंटे 30 मिनट, चंडीगढ़ मेल 3 घंटे 4 मिनट और काठगोदाम जनशताब्दी 2 घंटे 12 मिनट की विलंब से आई। धार्मिक नगरी कामाख्या से चलने वाली कामाख्या एक्सप्रेस 3 घंटे 5 मिनट की देरी से चल रही है। देहरादून से सूबेदारगंज के बीच चलने वाली लिंक एक्सप्रेस के यात्री 4 घंटे 50 मिनट से ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। सियालदह एक्सप्रेस 1 घंटा 56 मिनट चलने को सूचित रही जबकि, जम्मू से कानपुर के बीच चलने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 4 घंटे 10 मिनट देर से आई। गरीब नवाज के यात्रियों को 3 घंटा ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ी। उपासना एक्सप्रेस 2 घंटे 4 मिनट, गरीब रथ एक घंटा 23 मिनट और चंपारण सत्याग्रह एक घंटा 9 मिनट की विलंब से स्टेशन पहुंची। सप्तक्रांति, दून एक्सप्रेस, हिमगिरि, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, बेगमपुरा, हमसफर एक्सप्रेस के यात्रियों को ठंड में ट्रेन का इंतजार करना पड़ा।

**13 घंटे 58 मिनट प्रभावित रही जनसाधारण एक्सप्रेस, देरी को लेकर रेल प्रबंधन के पास नहीं है कोई जवाब**

# इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी से मिस्त्री ने 12 लाख ठगे

**बरेली।** एसी-फ्रिज मैकेनिक ने पुराना माल मंगाकर बेचने पर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर इलेक्ट्रानिक व्यापारी से 12 लाख रुपये ठग लिए। दबाव बनाने पर आरोपी किराये का मकान छोड़कर पत्नी और बच्चों के साथ भाग गया। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैंट के सदर बाजार निवासी फिरोज अहमद ने बताया कि उनकी सेटेलाइट बस अड्डे के पास इलेक्ट्रानिक्स शॉप है। सात माह पहले उनकी जान पहचान लखनऊ के गांव महोना के काजी टोला निवासी एसी-फ्रिज मिस्त्री शाहाब बेग से हुई। शाहाब इस समय कैंट के सदर बाजार में ही किराये के मकान में बच्चों के साथ रह रहा था। उसने बताया कि बिजली के पुराने सामान बेचने में अधिक लाभ है। उसकी कंपनी में पहचान है, इसलिए सामान मंगा सकता है। फिरोज के अनुसार दिसंबर में शाहाब बेग ने बताया कि कानपुर की एक कंपनी स्क्रैप का माल बेच रही है। 12 लाख लगाकर 16 लाख रुपये आसानी कमाए जा सकते हैं।

# लंबी ट्रेनों के देरी से चलने का सिलसिला जारी, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लंबी दूरी की ट्रेनों की प्रतीक्षा के बाद लोग यात्रा का माध्यम बदलने को मजबूर हैं। बुधवार को जनसाधारण, लिंक एक्सप्रेस, उपासना और गरीब नवाज के यात्रियों को अपना कार्यक्रम बदलना पड़ा। दोपहर बाद सीआईटी और स्टेशन मास्टर कक्ष में कई यात्री आए और टिकट निरस्त कराया। रेल प्रबंधन ट्रेनों के विलंब को लेकर कुछ भी स्पष्ट बोलने को तैयार नहीं है।

स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि लंबी दूरी की ट्रेनें प्रभावित हो रही हैं। कोहरा पर किसी का नियंत्रण नहीं है। संरक्षा कारणों से रात में ट्रेनों की गति नियंत्रित कर दी गयी है। उधर, दोपहर बाद अचानक मौसम बदलने के बाद रेलवे के परिचालन विभाग के जिम्मेदारों के चेहरे पर तनाव देखा गया। स्टेशन अधीक्षक ने कहा कि मौसम अचानक खराब हो गया। इसका प्रभाव ट्रेनों की समयबद्धता पर पड़ेगा। साधारण श्रेणी के यात्रियों की गाड़ी जनसेवा एक्सप्रेस का बुरा हाल है। सुबह के समय यह गाड़ी 15 घंटे 46 मिनट की देरी से चल रही थी। रात में 13:58 मिनट देरी से यहां पहुंची। उधर, सरयू-यमुना 3 घंटे 52 मिनट, गंगा-सतलुज 6 घंटे 18 मिनट, दुर्गियाना 2 घंटे 30 मिनट, चंडीगढ़ मेल 3 घंटे 4 मिनट और काठगोदाम जनशताब्दी 2 घंटे 12 मिनट की विलंब से आई। धार्मिक नगरी कामाख्या से चलने वाली कामाख्या एक्सप्रेस 3 घंटे 5 मिनट की देरी से चल रही है।

देहरादून से सूबेदारगंज के बीच चलने वाली लिंक एक्सप्रेस के यात्री 4 घंटे 50 मिनट से ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। सियालदह एक्सप्रेस 1 घंटा 56 मिनट चलने को सूचित रही जबकि, जम्मू से कानपुर के बीच चलने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 4 घंटे 10 मिनट देर से आई। गरीब नवाज के यात्रियों को 3 घंटा ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ी। उपासना एक्सप्रेस 2 घंटे 4 मिनट, गरीब रथ एक घंटा 23 मिनट और चंपारण सत्याग्रह एक घंटा 9 मिनट की विलंब से स्टेशन पहुंची। सप्तक्रांति, दून, हिमगिरि, जलियांवाला बाग, बेगमपुरा, हमसफर के यात्रियों को इंतजार करना पड़ा।

### छात्रा को अगवा करने में चार पर रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली पुलिस ने छात्रा को अगवा करने के मामले में 17 दिन बाद एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर की एक कांशीराम कालोनी निवासी 20 वर्षीय युवती 13 जनवरी को अपने घर से कोचिंग पढ़ने आवास विकास गई थी। युवती की मां का आरोप है कि तभी रास्ते से पहले से योजना बनाकर घात लगाए बैठे गोविंदनगर निवासी आकाश गौतम ने अपने भाई सोनू, बहन गीता और मां मुन्नी देवी की सहमति से उसकी पुत्री को अगवा कर लिया और गाड़ी में डालकर भाग निकले।

# किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन आरोपियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**प्रत्येक दोषी पर लगा 1.10 लाख रुपये का जुर्माना, पीड़िता को दी जाएगी पूरी धनराशि**

**अमृत विचार :** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। हर दोषी पर एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पीड़िता को पूरी धनराशि दी जाएगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने कोतवाली उझानी के प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर बताया था कि 18 अप्रैल 2021 की रात 9 बजे शिवम यादव अपने पिता सत्येंद्र, परिवार के रिश्ते में चाचा अनिल के सहयोग से उनकी 13 साल की बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया। अपने बयान में पीड़िता ने तीनों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करते हुए इस मामले को अपने ऑपरेशन कंविक्शन के अंतर्गत चिह्नित करते हुए पैरवी की थी। न्यायालय में गांव मिही लाल नगला निवासी शिवम यादव पुत्र सत्येंद्र यादव, पिंटू पुत्र सुरेंद्र और अनिल कुमार पुत्र भगवान सिंह पर किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष की विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद तीनों को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपियों पर एक लाख दस हजार रुपये का जुर्माना डाला। आरोपियों को सजा दिलाने में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक, विवेचक अनूप सिंह और कोतवाली उझानी के पैरोकार का योगदान रहा।

# किसान से 2.10 लाख रुपये लूटे

संवाददाता, एटा

**किसान को पहले पीटा फिर हाथ-पैर बांधकर खेत में फेंक गए**

**अमृत विचार :** बाइक सवार पांच बदमाशों ने कासगंज के किसान को सरेआम रोक लिया और हाथ-पैर बांधकर जमकर पीटा। उसके पास से 2.10 लाख रुपये लूटने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। उधर से गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने किसान को मेडिकल कॉलेज के जाकर भर्ती कराया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

कासगंज के गांव मुनीम नगर निवासी कालीचरन (50) की एटा में रहने वाली भांजी ने जमीन का सौदा किया था, जिसका बुधवार को बैनामा कराया जाना था। कालीचरन के मुताबिक उन्हें 2.10 लाख रुपये भांजी को देने थे। बुधवार सुबह करीब 6 बजे बाइक पर घर से एटा जाने के लिए निकले। वह एटा की देहात कोतवाली क्षेत्र में नहर के पास पहुंचे होंगे। तभी पीछे से दो बाइकों पर आए पांच युवकों ने ओवरटेक करने के बाद कालीचरन को रोक लिया और पकड़कर नीचे खेत में ले गए। जहां पांचों ने उनकी पिटाई की और रस्सी से हाथ-पैर बांधकर फेंक दिया। उनके थैले में रखे 2.10 लाख रुपये लूटने के बाद बदमाश फरार हो गए। बदमाशों के भागने पर कालीचरन ने शोर मचाया तो उधर से गुजर रहे राहगीरों ने मौके पर जाकर देखा और उनके हाथ-पैर खोले। राहगीरों ने इसकी सूचना एटा देहात कोतवाली पुलिस को दी। सुबह-सुबह लूट की घटना होने की सूचना मिलने पर पुलिस में खलबली मच गई।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क
~~₹200/-~~ ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ!
हेल्पलाइन नं०
6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पूर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

# स्कूल बस की टक्कर से पलटा ऑटो, युवक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार:** दो दिन से घने कोहरे की वजह से हादसे बढ़ गए हैं। मंगलवार को बच्चों को स्कूल ले जाने वाली ईको कार, डीसीएम और रोडवेज बस में भिड़ंत से तीन बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। अगले दिन बुधवार को भी एआरटीओ कार्यालय के पास बिल्सी मार्ग पर एक स्कूल बस ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया। एक ग्रामीण की मौत हो गई। चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर मजरा निवासी श्रीपाल (26) पुत्र अमर पाल मजदूरी और सब्जी बेचकर परिवार का पालन पोषण करते थे। बुधवार सुबह वह अपने गांव निवासी प्रेमपाल सिंह के साथ सब्जी बेचने गांव दबिहारी निवासी मोतीलाल के ऑटो से आए थे। जिसके बाद वापस लौट रहे थे।

ऑटो प्रमोद चला रहे थे। मोतीलाल का बेटा कालू भी बैठा था। घना कोहरा था। सुबह लगभग साढ़े आठ बजे एआरटीओ चौराहे से बिल्सी मार्ग पर सामने से आई स्कूल बस ने ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो पलट गया। श्रीपाल की मौके पर मौत हो गई जबकि प्रेमपाल सिंह, चालक प्रमोद, कालू घायल हो गया। बस का चालक भाग गया।

# विवेचना पूरी नहीं, हत्यारोपी फरीदपुर चेयरमैन को पहले ही दे दी क्लीनचिट

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

**घर में काम कर रहे मजदूर की हत्या का है आरोप, महीने भर बाद भी पुलिस ने नहीं किया गिरफ्तार**

**दोनों पक्षों में समझौता होने को गिरफ्तार न करने की वजह बता रहे अफसर**

**रिपोर्ट लिखाने वाली पत्नी का आरोप- धोखे से कराए समझौतेनामे पर दस्तखत**

**अमृत विचार :** घर में काम कर रहे मजदूर की हत्या के आरोपी फरीदपुर नगर पालिका के चेयरमैन शराफत जरीवाला को पुलिस ने विवेचना पूरी होने से पहले ही क्लीन चिट दे दी है। महीने भर बाद भी न उन्हें गिरफ्तार किया गया है, न ही गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अफसरों का दावा है कि दोनों पक्षों में समझौता हो चुका है लेकिन चेयरमैन के खिलाफ एफआईआर लिखाने वाली मजदूर की पत्नी का आरोप है कि उनके बेटों को तीन लाख रुपये देकर उनसे धोखे से समझौतेनामे पर दस्तखत कराए गए हैं।

चेयरमैन शराफत जरीवाला पिछले महीने अपने घर पर कुछ निर्माण करा रहे थे। गांव रमपुरा रतन में रहने वाले नरेंद्र भी उनके घर पर मजदूरी कर रहे थे। 25 दिसंबर को उनकी छत से गिरकर मौत हो गई थी। उनकी पत्नी रीना ने इसके बाद चेयरमैन पर आरोप लगाया था कि नरेंद्र से किसी बात पर नोकझोंक होने पर उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का दे दिया, इससे नीचे गिरकर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रीना की ओर से शराफत जरीवाला के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली लेकिन उन्हें गिरफ्तार करने की कोई कोशिश नहीं की।

अब पुलिस एक तरफ दोनों पक्षों के बीच समझौता होने की बात कह रही है तो दूसरी तरफ विवेचना जारी होने का भी दावा कर रही है। एसपी देहात मुकेश चंद मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता हो चुका है। इसी आधार पर अब विवेचना की जा रही है। इसमें जो साक्ष्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। उधर, रीना की आरोप है कि उनके आरोपी चेयरमैन ने अपने करीबियों को भेजकर दो बेटों को तीन लाख रुपये दिलवाए थे। इसके बाद उनके पढ़ीलिखी न होने का फायदा उठाकर उनसे धोखे से समझौतेनामे पर अंगूठा लगवा लिया गया। उस समय घर पर भी कोई नहीं था। उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई समझौता नहीं किया है। वह चाहती हैं कि उनके पति की हत्या करने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।

### हत्या का आरोप धुला नहीं, गणतंत्रदिवस पर झंडा फहराकर चले गए

चेयरमैन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज होने के बाद पुलिस कई दिन तक उन्हें फरार बताती रही। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता होने को गिरफ्तारी न करने का कारण बताना शुरू किया लेकिन इसी बीच 26 जनवरी को थाने से सिर्फ सौ मीटर दूर नगर पालिका कार्यालय में हत्यारोपी होने के बावजूद शराफत जरीवाला ने झंडा फहराया और घंटों वहां मौजूद भी रहे लेकिन पुलिस बेखबर बनी रही। इस कार्यक्रम में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह भी मौजूद थे, लिहाजा यह भी आरोप लगा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर ही सपा के चेयरमैन को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। उधर, महीने भर से नगर पालिका का कामकाज भी लगभग ठप पड़ा है।

# डीएम ने सात दिन में मांगी थी रिपोर्ट, 15 दिन बाद मौके पर पहुंचे

## चार सदस्यीय कमेटी के दो सदस्यों ने ही किया एसटीपी का निरीक्षण, दो दिन बाद रिपोर्ट देने का दावा

संवाददाता, बरेली

**सराय तल्फी एसटीपी: 35 एमएलडी क्षमता का प्लांट शुद्ध कर पा रहा है सिर्फ 10 एमएलडी**

**करीब 90 करोड़ से बना प्लांट रामगंगा को नहीं बचा पा रहा गंदे पानी से**

**अमृत विचार :** करीब 90 करोड़ की लागत से सराय तल्फी में बना एसटीपी 35 एमएलडी क्षमता होने के बाद भी नालों को न जोड़े जाने की वजह से सिर्फ 10 एमएलडी पानी का ही रोज ट्रीटमेंट कर पा रहा है।

अफसर इसके बावजूद इसका कारण पता लगाने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। जिला पर्यावरण समिति की बैठक में डीएम ने चार सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर सात दिन में रिपोर्ट मांगी थी लेकिन जांच टीम ही पूरे 15 दिन बाद बुधवार को एसटीपी का दौरा करने पहुंची। सराय तल्फी में बने एसटीपी में शहर के सभी नाले न जोड़े जाने की वजह से रामगंगा में अब भी शहर का गंदा पानी जा रहा है। नाले जोड़ने का काम जल निगम को करना था। डीएम रवींद्र कुमार ने 12 जनवरी को हुई जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जल निगम की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए चार सदस्यीय टीम बनाकर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी थी लेकिन 15 दिन तक जांच कमेटी ने जांच शुरू करने की ही सुध नहीं ली। बुधवार को भी चार के बजाय जल निगम ग्रामीण की एक्सईएन कुमकुम गंगवार और पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन समेत जांच टीम के दो ही सदस्य प्लांट पर पहुंचे। कुछ देर प्लांट का निरीक्षण मौके पर मौजूद जल निगम के जेई से पूछताछ करने का बाद दोनों लौट गए। बता दें कि सराय तल्फी एसटीपी से कालीबाड़ी, कैंट, आवास विकास सिविल लाइंस, मिशन कंपाउंड, राम वाटिका, पुराना शहर, अलखनाथ, साहूकारा, चौपुला, कोहाड़ापीर, पटेल चौक, बिहारीपुर सिविल लाइंस, जिला पंचायत रोड आदि इलाकों की सीवर लाइनों को जोड़ा जाना है।

### एसटीपी चलाने और रखरखाव का अभी ठेका भी नहीं

सराय तल्फी में एसटीपी 2019 को बनना शुरू हुआ था लेकिन कोरोना शुरू होने के बाद निर्माण कार्य रुक गया। दो साल काम ठप रहने की वजह से निर्माण पूरा हुआ तो उसे चालू कर दिया गया लेकिन अब तक एसटीपी को चलाने और उसके रखरखाव का ठेका नहीं दिया गया है। निर्माण करने वाली एजेंसी ही उसे चला रही है। बता दें कि डीएम ने इस प्लांट के शुरू होने के बाद उसके रखरखाव पर अब तक हुए खर्च समेत वित्तीय जांच का भी आदेश दिया था, लेकिन यह जांच अभी नहीं हुई है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे पुत्र साहिल खान के पासपोर्ट सं. W0535695 में भूलवश गलत नाम साहिल (SAHIL) दर्ज हो गया है। जबकि सही नाम साहिल खान (SAHIL KHAN) है। जो उसके आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य अभिलेखों में दर्ज है। साहिल व साहिल खान एक ही व्यक्ति के नाम है। मेरे पुत्र के पासपोर्ट में साहिल खान सही नाम दर्ज किया जाये। **ताहिर खान पुत्र नईम खान, निवासी पुरवा बब्बन खां, सुभाष नगर, तह. व जिला बरेली**

आवश्यकता है
एक्सपोर्ट लाइन स्कूल ड्रेस के कारीगर की।
पता
मढ़ीनाथ रोड सनईया-सिठौरा बरेली
7817003402
7817003404

सूचना
मैंने अपना नाम जुबैर (Juvair) से बदलकर Juvair Khan पुत्र Alim Khan उर्फ Nanhe निवासी ग्रान्ट नं. 21 उर्फ ढाका कैण्ट, शेरपुर कलां, थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत कर लिया है। भविष्य में मैं इसी नये नाम का प्रयोग करूंगा।

सूचना
मेरे 5 पुत्र हैं मैंने अपने चौथे पुत्र इरफान बेग को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण परेशान होकर उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **शमशादी बेगम पत्नी स्व. श्री अच्छन वेग, निवासी- ग्राम हरदासपुर, थाना सिरौली, तहसील आंवला, जिला बरेली**

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म. सं. 11 स्थित खसरा नं. 245/292 और 247, 248 सन सिटी विस्तार (प्रतापपुर जीवन सहाय) त. व जिला बरेली से सम्बद्ध पूर्व विक्रय विलेख जिसका बैनामा मो. चांद पुत्र श्री मो. दीन और नूर हसन पुत्र श्री हाजी जगरूप खान ने श्रीमती मीतू सक्सेना पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार सक्सेना के हक में किया गया जिसकी रजिस्ट्री दि. 25.11.2011 को उप निबन्धक बरेली उ.प्र. के कार्यालय में वही संख्या 1 खण्ड संख्या 4950 के पृष्ठ सं. 73 से 118 पर क्रमांक 12887 पर हुई है जिसका अन्तिम पृष्ठ जिसमें उपरोक्त विवरण हैं वो कहीं खो गया है मिल नहीं रहा है। इस बैनामे का उपयोग यदि कोई करता है तो वह अवैधानिक होगा। वरूण गुप्ता पुत्र श्री विक्रम गुप्ता निवासी म.सं. 11 सन सिटी विस्तार (प्रतापपुर जीवन सहाय) त. व जिला बरेली

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### कुंडू हिमाचल प्रदेश के डीजीपी पद पर बहाल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पालमपुर स्थित एक व्यवसायी द्वारा दायर मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के उपरांत आयुष विभाग में प्रमुख सचिव के रूप में स्थानांतरित किए जाने के कुछ सप्ताह बाद संजय कुंडू को राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद पर बहाल कर दिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि उन्हें राज्य पुलिस प्रमुख के पद पर बहाल करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। कुंडू को दो जनवरी को जारी किया गया तबादला आदेश उच्चतम न्यायालय के 12 जनवरी के निर्देश के अनुपालन में वापस ले लिया गया। शीर्ष अदालत ने व्यवसायी निशांत शर्मा पर दबाव बनाने की कोशिश के आरोप में कुंडू को डीजीपी पद से हटाने के हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को रद कर दिया था।

### पीसी जार्ज ने भाजपा में किया पार्टी का विलय

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के प्रमुख पीसी जॉर्ज ने बुधवार को अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया। केरल के राजनीतिक मामलों के भाजपा प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जॉर्ज अपने बेटे शॉन और केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के अन्य नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी ने पार्टी मुख्यालय में कहा, आज पी सी जॉर्ज के नेतृत्व वाला केरल जनपक्षम (सेक्युलर) भाजपा में विलय कर रहा है।

### जम्मू-कश्मीर के छह जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण(जेकेडीएमए) ने छह जिलों के ऊंचे इलाकों में अगले 24 घंटों में हिमस्खलन की चेतावनी बुधवार को जारी की। प्राधिकरण के अधिकारियों ने जारी बयान में कहा, "अगले 24 घंटों में जम्मू संभाग के डोडा जिले और कश्मीर के गांदरबल के ऊंचे इलाकों में समुद्र तल से 2800 और 3500 मीटर की ऊंचाई पर कम खतरनाक स्तर का हिमस्खलन होने की आशंका है।" बयान में कहा गया कि पुंछ और कश्मीर घाटी के बारामूला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों में 2400 मीटर से ऊपर मध्यम खतरनाक स्तर का हिमस्खलन होने की आशंका है। इन इलाकों में रहने वाले लोगों को जरूरी सावधानी बरतने और अगले आदेश तक हिमस्खलन की आशंका वाले इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी गई है।

### सेंथिल बालाजी की हिरासत 7 फरवरी तक बढ़ी

**चेन्नई।** चेन्नई की एक अदालत ने बुधवार को तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की हिरासत सात फरवरी तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल जून में बालाजी को गिरफ्तार किया था। उन्हें यहां केंद्रीय कारागार से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्थानीय अदालत में पेश किया गया था। ईडी ने 'नकदी के बदले नौकरी देने' से जुड़े एक घोटाले के सिलसिले में धनशोधन रोकथाम कानून के तहत बालाजी को गिरफ्तार किया था।

### गृह विभाग के अवर मुख्य सचिव को हटाया

**रांची।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अविनाश कुमार को बुधवार को झारखंड सरकार के गृह विभाग के अवर मुख्य सचिव के पद से हटा दिया गया। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। राज्य के गृह सचिव को ऐसे समय पद से हटाया गया है जब प्रवर्तन निदेशालय धनशोधन के एक मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ कर रहा है। बयान के अनुसार मुख्य सचिव एल खिगंते गृह, जेल एवं आपदा प्रबंधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

# लोस चुनाव में भाजपा को मजबूत करने के लिए कांग्रेस ने माकपा से मिलाया हाथ

## पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम में लगाए आरोप

**मालदा (प. बंगाल), एजेंसी**

▸▸ कहा-माकपा ने 34 साल के शासन में लोगों को प्रताड़ित किया



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कांग्रेस पर आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य में भाजपा को मजबूत करने के लिए माकपा से हाथ मिलाने का आरोप लगाया। बनर्जी ने यहां एक सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में दो सीट पर चुनाव लड़ने के उनके प्रस्ताव को कांग्रेस द्वारा अस्वीकार करने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने राज्य में अपने 34 साल के शासन के दौरान लोगों को प्रताड़ित किया था और वह इसके लिए वामदल को कभी भी माफ नहीं कर पायेंगी। बनर्जी ने कहा कि कांग्रेस के पास राज्य विधानसभा में एक भी विधायक नहीं है। मैंने उन्हें दो लोकसभा सीट की पेशकश की लेकिन वे और अधिक चाहते थे। इसलिए, मैंने उनसे कहा कि मैं उनके साथ एक भी सीट साझा नहीं करूंगी।

उन्होंने कहा वह उन लोगों को भी माफ नहीं करेंगी जो माकपा का समर्थन करते हैं... क्योंकि ऐसा करके वे वास्तव में भाजपा का ही समर्थन कर रहे हैं। मैंने पिछले पंचायत चुनावों में ऐसा देखा है। बनर्जी ने कहा कि यदि मालदा से कांग्रेस के दिवंगत दिग्गज नेता गनी खान चौधरी के परिवार से कोई चुनाव लड़ता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। ममता ने कहा लेकिन टीएमसी भी चुनाव लड़ेगी। वे (कांग्रेस) भाजपा को मजबूत करने के लिए माकपा के साथ मिलकर लड़ेंगे... केवल टीएमसी ही राज्य में भाजपा से राजनीतिक रूप से लड़ने में सक्षम है। इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को मालदा जिले के इंग्लिश बाजार में अपनी 'जोनोसंजोग यात्रा' शुरू की। इसके मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

### केंद्र ने बकाया जारी न किया तो कल से धरना

बनर्जी ने कहा कि अगर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 1 फरवरी तक राज्य का बकाया नहीं चुकाती है तो वह 2 फरवरी से कोलकाता में धरना देंगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और धन का भुगतान न होने से प्रभावित लोगों से धरने में शामिल होने का आग्रह किया। धरना कोलकाता के रेड रोड इलाके में बीआर आंबेडकर प्रतिमा के निकट आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने सारा बकाया चुकाने के लिए एक फरवरी तक का अल्टीमेटम दिया है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह दो फरवरी से धरने पर बैठेंगी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमजीएवाई) सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं के मद में राज्य का 7,000 करोड़ रुपये बकाया है।

### कोविड-19 के 133 नए मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 से संक्रमण के 133 नए मामले सामने आए जबकि दो मरीजों की मौत हो गई। बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस वायरस से दो मरीजों की मौत हो गई। गुजरात और महाराष्ट्र में एक-एक मरीज की मौत हो गई। इस बीच उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,389 हो गई है। पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या दोहरे अंकों में आ गई थी, लेकिन वायरस के नए स्वरुप और ठंड की वजह से संक्रमंण के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पांच दिसंबर के बाद एक दिन में सर्वाधिक 841 मामले 31 दिसंबर को सामने आए थे जो मई 2021 में आए मामलों का 0.2 प्रतिशत थे। कोविड के लगभग 92 प्रतिशत उपचाराधीन मरीज घर पर ही पृथकवास में हैं। अधिकारिक सूत्रों ने कहा, "वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि ''जेएन-1'' उपस्वरुप की वजह से न तो नये मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है और न ही अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

# कड़ाके की सर्द रात में पत्नी को घर से निकाला, मौत

**गुरुग्राम(हरियाणा), एजेंसी**

**बेरहम पति**

▸▸ गुरुग्राम के सुंदरपुर गांव का मामला, दहेज प्रताड़ना का आरोप

▸▸ आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

गुरुग्राम के एक गांव में पति ने कड़ाके की सर्द रात में पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पति पर आरोप है कि वह महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था।

पुलिस के मुताबिक पति ने रविवार की रात 28 वर्षीय महिला की पिटाई की और उसे जबरन घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने बताया कि फारुख नगर थाने में पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला पूनम का विवाह सुंदरपुर गांव में रहने वाले मंगतराम से हुआ था और दोनों नौ वर्षों से साथ रह रहे थे। पूनम के भाई हेमंत कुमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा कि मंगतराम दहेज के लिए पूनम की अक्सर पिटाई करता था और कई बार घर से बाहर निकाल चुका था।

कुमार ने आरोप लगाया कि मंगतराम ने शराब पीने के बाद पूनम की पिटाई की और दो लाख रुपये दहेज की मांग कर रहा था। कुमार ने आरोप लगाया, 28 जनवरी की रात मंगतराम ने शराब पीने के बाद उसकी बहन को पिटाई की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। 29 जनवरी को सुबह मुझे सूचना मिली की उसकी बहन की मौत हो गई। जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि वह शौचालय के पास बेहोश पड़ी थी। उसे कमरे में ले गए लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने बताया कि कुमार की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। चिकित्सकों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# फर्जी खबरों पर आईटी नियम : बंबई हाईकोर्ट की खंडपीठ ने खंडित फैसला सुनाया

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ न्यायमूर्ति पटेल ने कहा-तीसरे न्यायाधीश नए सिरे से करेंगे मामले की सुनवाई

बंबई उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ फर्जी खबरों से निपटने के लिए संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को खंडित फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति गौतम पटेल याचिकाकर्ताओं की दलीलों से सहमत हुए, वहीं न्यायमूर्ति नीला गोखले ने सरकार के पक्ष को बरकरार रखा।

न्यायमूर्ति पटेल ने अदालत कक्ष में कहा कि हमारे बीच असहमति है। मैंने याचिकाओं पर विचार किया है और न्यायमूर्ति गोखले ने सरकार के पक्ष में फैसला दिया है। इसलिए अब इस मामले की सुनवाई तीसरे न्यायाधीश द्वारा नए सिरे से की जाएगी। मामला उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा जो इसे तीसरे न्यायाधीश को सौंपेंगे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को दिए गए पहले के आश्वासन को 10 दिन के लिए बढ़ाने पर सहमति जताई, सरकार सोशल मीडिया पर फर्जी, झूठे और भ्रामक तथ्य चिह्नित करने को संशोधित आईटी नियमों के तहत स्थापित की जाने वाली फैक्ट चेकिंग यूनिट (एफसीयू) को अधिसूचित नहीं करेगी। पीठ ने इस कथन को स्वीकार कर लिया।

नियमों के तहत, यदि एफसीयू को ऐसे किसी पोस्ट के बारे में पता चलता है या उसके बारे में सूचित किया जाता है जो फर्जी, गलत है या जिसमें सरकार के कामकाज से संबंधित भ्रामक तथ्य हैं, तो वह इसे सोशल मीडिया मध्यस्थों को भेज देगा। इसके बाद पोस्ट को हटाने या उस पर अस्वीकरण का विकल्प होगा।

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा, 'एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' और 'एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स' ने नियमों के खिलाफ याचिकाएं दायर कीं थीं, उन्हें मनमाना और असंवैधानिक बताते हुए दावा किया था कि उनका नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर भयानक प्रभाव पड़ेगा।

### बॉम्बे सैपर्स के जवानों के हैरतअंगेज करतब...



बॉम्बे सैपर्स के जवान पुणे की दिघी पहाड़ियों पर सैपर्स ग्रुप के प्रतिष्ठित युद्ध स्मारक के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में प्रदर्शन करते हुए।। ● एजेंसी

### मानव तस्करी में तीन रोहिंग्या को 10-10 साल की सजा

**नूंह (हरियाणा)।** हरियाणा के नूंह जिले की एक अदालत ने 2021 के मानव तस्करी के एक मामले में तीन रोहिंग्या पुरुषों को 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय के वर्मा ने मंगलवार को सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। लोक अभियोजक प्रताप सिंह ने बताया कि नूंह की बाल कल्याण समिति को फरवरी 2021 में गोपनीय सूचना मिली थी कि दो बांग्लादेशी युवतियों को कुछ लोग मिजोरम और कोलकाता के रास्ते भारत लाए हैं। पुलिस के अनुसार मोहम्मद अयास नामक व्यक्ति ने क्रमशः 19 और 20 साल की दोनों युवतियों को दिल्ली से नूंह लाया था। पुलिस ने बताया कि बाद में मोहम्मद अयास और दो अन्य रोहिंग्या पुरुष- हफीज अहमद और मोहम्मद यूनुस- दोनों युवतियों को नूंह जिले के मालाब गांव ले गए और उन्हें कश्मीर घाटी में 70,000 रुपये में बेचने का फैसला किया। पुलिस के मुताबिक बाल कल्याण समिति की एक टीम ने मालाब गांव में उनके ठिकाने पर छापेमारी की और दोनों युवतियों को बचा लिया। चिकित्सा जांच में उनके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। पुलिस ने बताया कि दिसंबर 2021 में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### फास्टैग : केवाईसी अनुपालन की समय सीमा एक माह बढ़ी

**नई दिल्ली।** राजमार्गों का प्रबंधन करने वाला निकाय एनएचएआई फास्टैग के लिए केवाईसी अनुपालन की समय सीमा एक महीने के लिए बढ़ाएगा। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 15 जनवरी को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कहा था कि बैंक अधूरे केवाईसी वाले फास्टैग को 31 जनवरी, 2024 के बाद निष्क्रिय कर देंगे, भले ही उनमें वैध राशि मौजूद हो। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 1.27 करोड़ में से केवल सात लाख मल्टीपल फास्टैग बंद किए गए हैं। इसलिए, हम इस समय सीमा को एक महीने और बढ़ा रहे हैं। एनएचएआई ने इससे पहले कहा था कि खाते में राशि होने के बावजूद अधूरे केवाईसी (अपने ग्राहक को जानिए) वाले फास्टैग 31 जनवरी के बाद निष्क्रिय कर दिए जाएंगे। इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली की दक्षता बढ़ाने और टोल प्लाजा पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही को संभव बनाने के लिए एनएचएआई ने 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल लागू की है। इसका उद्देश्य कई वाहनों के लिए एक ही फास्टैग के इस्तेमाल या एक विशेष वाहन के लिए कई फास्टैग जोड़ने को हतोत्साहित करना है।

# राहुल गांधी की कार का शीशा टूटा

**मालदा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

**अधीर रंजन ने पथराव का लगाया आरोप**



भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, अररिया, बिहार में राहुल गांधी।

कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा टूट जाने की घटना के बीच कांग्रेस की प. बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया है कि मालदा जिले में इस गाड़ी पर 'पथराव' किया गया।

उधर, कांग्रेस ने एक्स हैंडल पर कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा एक महिला के वाहन के सामने आ जाने पर अचानक ब्रेक लगाने के कारण टूटा। इस घटना में गांधी को कोई चोट नहीं पहुंची। टेलीविजन फुटेज में निर्धारित पड़ाव पर पहुंचने के बाद वह क्षतिग्रस्त शीशा का निरीक्षण करते हुए नजर आए। प्रदेश कांग्रेस ने दावा किया कि यह 'हमला' मालदा के हरिश्चंद्रपुर इलाके में उस वक्त हुआ, जब यह यात्रा बिहार से पुनः बंगाल पहुंची। चौधरी ने कहा, ''राहुल गांधी जिस वाहन में यात्रा कर रहे थे, उसकी पिछली खिड़की का शीशा पथराव के बाद टूट गया... इस तरह के कृत्य अस्वीकार्य हैं।

**बिहार में राहुल की कार में हुई तोड़फोड़ : ममता**

**बहरामपुर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की कार में तोड़फोड़ पश्चिम बंगाल में नहीं बल्कि बिहार में हुई। बनर्जी ने मुर्शिदाबाद जिले में एक सभा में कहा कि हमें पता चला है कि बिहार के कटिहार और किशनगंज में उनकी कार पर पथराव किया गया।

### गुरुग्राम के पटौदी में साध्वी की गला रेतकर हत्या

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में पटौदी इलाके में 50 वर्षीय एक साध्वी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक साध्वी की पहचान खटकारा गांव की रोशनी देवी के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार वह सोनीपत जिले के गगना गांव के एक अन्य साधु नफे उर्फ खमाई नाथ के साथ मिर्जापुर गांव में एक श्मशान घाट के पास एक झोपड़ी में रह रही थी। नफे ने पुलिस को बताया कि वह दूध लेने गया था और जब वह अपनी झोपड़ी में वापस आया तो उसने रोशनी को घायल अवस्था में पाया। पुलिस ने बताया कि साध्वी खून से लथपथ हालत में मिली और उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस घटना को लेकर पटौदी थाने में हत्या का एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि दोनों श्मशान की सफाई करते थे और दान-दक्षिणा पर गुजारा करते थे। पटौदी पुलिस थाने के अतिरिक्त प्रभारी उप-निरीक्षक महेश कुमार ने कहा कि 'साध्वी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है। वहीं हम सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रहे हैं।

### मराठा समुदाय को कुनबी जाति प्रमाणपत्र देने के खिलाफ याचिका

▸▸ राज्य सरकार पर ओबीसी के आरक्षण को प्रभावित करने का आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने के महाराष्ट्र सरकार के कदम को चुनौती देते हुए बंबई उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। मंगेश ससाने द्वारा मंगलवार को दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार मराठा समुदाय को कुनबी प्रमाण पत्र देकर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को प्रभावित कर रही हैं। ससाने खुद को ओबीसी वेलफेयर फाउंडेशन का अध्यक्ष बताते हैं।

उच्च न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, याचिका पर छह फरवरी को सुनवाई की संभावना है। याचिका में मराठा समुदाय के लोगों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अनुमति देने वाले, 2004 से जारी पांच सरकारी प्रस्तावों को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता के वकील आशीष मिश्रा ने दावा किया कि पहले मराठा समुदाय के लोगों को कुनबी प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया कठिन थी, लेकिन हर आंदोलन के साथ प्रक्रिया को आसान बना दिया गया। यह सिर्फ मराठाओं को (आरक्षण के लिए) सुविधा देने के लिए था। याचिका में कहा गया कि 2021 में उच्चतम न्यायालय ने मराठाओं को आरक्षण देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को असंवैधानिक करार दिया था। मिश्रा ने दावा किया कि अब सरकार मराठाओं को कुनबी प्रमाणपत्र प्राप्त करने और आरक्षण लाभ की अनुमति देकर उन्हें पिछले दरवाजे से प्रवेश दे रही है।

# मी लार्ड ! पुलिस विपक्षी दलों के साथ संबंध स्वीकारने को कर रही प्रताड़ित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### ईमेल और फोन के पासवर्ड देने के लिए किया मजबूर

आरोपियों ने दावा किया कि उन्हें अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट, ईमेल और फोन के पासवर्ड देने के लिए मजबूर किया गया। संसद पर 2001 में हुए आतंकवादी हमले की बरसी के दिन गत 13 दिसंबर को सुरक्षा में चूक की बड़ी घटना उस वक्त हुई थी जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से सागर शर्मा और मनोरंजन डी सदन के भीतर कूद गए थे और उन्होंने नारेबाजी करते हुए 'केन' के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया था।

▸▸ संसद की सुरक्षा में चूक: आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक मार्च तक बढ़ाई गई

संसद की सुरक्षा में चूक मामले में गिरफ्तार छह में से पांच आरोपियों ने बुधवार को अदालत को बताया कि दिल्ली पुलिस उन्हें विपक्षी दलों के साथ अपने संबंध स्वीकार करने के लिए प्रताड़ित कर रही है। आरोपियों ने यह दलील अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष दी। न्यायाधीश ने सभी छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक मार्च तक बढ़ा दी है।

पांच आरोपियों मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत ने अदालत को बताया कि लगभग 70 कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए उन्हें मजबूर किया गया था। आरोपियों ने एक संयुक्त याचिका में अदालत को बताया, आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत अपराध और राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ उनके संबंध होने की बात स्वीकार करने के लिए प्रताड़ित किया गया,बिजली के झटके दिए गए। ।

अदालत ने मामले में पुलिस से जवाब मांगा और अर्जी पर सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख तय की। मामले में छठी आरोपी नीलम आजाद हैं, जिसने पहले अदालत के सामने आरोप लगाया था कि पुलिस ने उसे कई कोरे कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया था। आजाद की अर्जी फिलहाल अदालत में लंबित है। संयुक्त याचिका में कहा गया है, कि पॉलीग्राफ/नार्को/ब्रेन मैपिंग के दौरान (बाद में/पहले), परीक्षण करने वाले संबंधित व्यक्तियों ने दो आरोपी व्यक्तियों पर उनकी संलिप्तता के बारे में एक राजनीतिक दल/नेता का नाम लेने के लिए दबाव डाला था।

# द्रमुक सरकार तमिलनाडु में कभी लागू नहीं होने देगी सीएए: स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी**

▸▸ कहा-यह कानून श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों और मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करता है



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) को लागू करने की अनुमति कभी नहीं देगी क्योंकि यह कुछ समूहों मसलन मुसलमानों और देश में शरण लिए श्रीलंकाई तमिलों के प्रति भेदभावपूर्ण है। स्टालिन राज्य में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए फिलहाल अन्य देशों की यात्रा पर हैं।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के 29 जनवरी के बयान कि देश में सात दिन के अंदर सीएए लागू किया जाएगा के जबाव में यह बात कही। स्टालिन ने संसद में इसे पेश किए जाने के वक्त संशोधन के पक्ष में मतदान करने के लिए राज्य के मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर अन्नाद्रमुक की आलोचना की और कहा कि यदि संशोधित नागरिकता विधेयक को उस पार्टी का समर्थन न होता तो शायद यह कानून नहीं बन पाता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों और मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करता है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने सोमवार को दावा किया था कि सीएए एक सप्ताह के भीतर देशभर में लागू कर दिया जाएगा। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मटुआ समुदाय बहुल बोंगांव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ठाकुर ने कहा था कि कानून को सात दिन के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा।

# उच्चतम न्यायालय ने वकील से कहा राजनीतिक हस्तियों पर टिप्पणी न करें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे के मामले की शीर्ष कोर्ट में चल रही सुनवाई



उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे से संबंधित मामले पर सुनवाई के दौरान बुधवार को एक वकील से कहा राजनीतिक हस्तियों पर टिप्पणी न करें। वकील ने बहस करते समय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और अन्य का नाम लिया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, सात न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ का नेतृत्व कर रहे हैं। वकील ने दलील दी थी कि मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं हैं क्योंकि वे चुनावी परिणाम को प्रभावित करने की स्थिति में हैं।

कील ने परोक्ष रूप से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेताओं का जिक्र करते हुए तर्क दिया, अल्पसंख्यक के रूप में मुसलमान चुनावों को प्रभावित करते हैं और अगर भिंडरांवाले को श्रीमती गांधी ने खड़ा किया तो ओवैसी को भाजपा ने शह दी। वे मुस्लिम वोटों को विभाजित करना चाहते हैं।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम संवैधानिक कानून के दायरे से बाहर नहीं जाएंगे। राजनीतिक हस्तियों पर टिप्पणी न करें। वकील ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार, देश की आबादी में मुस्लिम 14.2 प्रतिशत थे। उन्होंने कहा कि यह अदालत इस सवाल का फैसला करने में सक्षम नहीं है कि वे किसी चुनाव को प्रभावित करते हैं या नहीं। इसीलिए मैंने उल्लेख किया है कि इस सवाल पर विचार करने के लिए कोई आयोग गौर सकता है।

इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, तो आपके अनुसार, मुस्लिम चुनावी नतीजों को प्रभावित करने की स्थिति में हैं, इसलिए वे अल्पसंख्यक नहीं हैं। वकील ने कहा, हां।

### आज भी अदालत के सामने दलीलें जारी रहेंगी

एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मामला कई दशकों से कानूनी चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। शीर्ष अदालत ने 12 फरवरी, 2019 को मुद्दे को फैसले के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था। गुरुवार को दलीलें जारी रहेंगी।

एकः सम्पन्नमश्नाति वस्ते वासश्च शोभनम् ।
योऽसंविभज्य भृत्येभ्यः को नृशंसतरस्ततः ॥

जो व्यक्ति स्वार्थी है, कीमती वस्त्र, स्वादिष्ट व्यंजन, सुख-ऐश्वर्य की वस्तुओं का उपभोग स्वयं करता है, उन्हें जरूरतमंदों में नहीं बांटता-उससे बढ़कर क्रूर व्यक्ति कौन होगा?


## संपादकीय

# बजट से उम्मीदें

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को बजट सत्र के उद्घाटन अवसर पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में कहा कि एक देश तेज गति से तभी प्रगति कर सकता है जब वह अतीत की चुनौतियों को हरा दे और भविष्य के निर्माण में अधिकतम ऊर्जा लगाता है। उन्होंने कहा सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसानों और गरीबों के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। यानि स्पष्ट है कि भविष्य के लिए हम कौन सी राह पकड़ने वाले हैं। ध्यान रहे लोकसभा चुनाव से पहले संसद का यह आखिरी सत्र है। गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम अंतरिम बजट सदन में पेश करेंगी। इस बजट पर पूरे देश की नजर रहेगी। हालांकि बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी क्योंकि यह आम चुनाव से पहले लेखानुदान होगा। सरकार जो अंतरिम बजट पेश करेगी वह सिर्फ तब तक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने के वास्ते होगा जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है, तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है, हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद लेकर आएंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ताधारी पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए, मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी ऐसा होते देख चुके हैं। 'किसान सम्मान निधि' योजना की घोषणा फरवरी 2019 के अंतरिम बजट में ही की गई थी। उसके दो महीने बाद लोकसभा के चुनाव हुए थे। सर्वे एजेंसी सीएसडीएस के मुताबिक लोकसभा चुनाव में इस योजना ने खेल परिवर्तक की भूमिका निभाई। मौजूदा लेखानुदान में क्या होगा, किन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, उनकी अटकलें ही लगाई जा सकती हैं, लेकिन देश के सामने जो समस्याएं और चुनौतियां हैं, उनके आधार पर विश्लेषण किया जा सकता है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था कोरोना के बावजूद बेहतर स्थिति में है, लेकिन रोजगार, नौकरी, असमानता और देश पर कर्ज का बोझ आदि ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अब बजट के जरिए गंभीरता से संबोधित किया जाना चाहिए।

# शीत का प्रकोप, ऊष्मा और प्रकाश से हमारा नाता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0 .5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है।

सबसे ठंडा शहर साइबेरिया में साखा रिपब्लिक (रूस) का फेडरल डिस्ट्रिक्ट याकुत्स्क है। यहां 31 जनवरी को तापमान शून्य से नीचे 32 डिग्री सेल्सियस था। हर तरफ बर्फ था। लगता है याकुत्स्क फ्रीज हो गया है। फिर भी लोग जीते हैं और सक्रिय हैं। 'फिजियोलॉजी ऑफ कोल्ड' के लिहाज से देखा जाए तो यह बड़ी हिम्मत है। यहां रहने वाले लोगों के शरीर ने अनुकूलन कर लिया है। अमेरिका और याकुतिया के वैज्ञानिकों की रिसर्च यह बताती है कि दीर्घ निवास के कारण याकुट लोगों की शरीर क्रिया अनुकूलन की वजह से शीत को अद्भुत रूप से झेलने के काबिल हुई है। वैज्ञानिकों ने इन लोगों की शरीर क्रिया, मौसम के अनुसार शारीरिक गतिविधि, शरीर में वसा और कार्बोहाइड्रेट, हार्मोन और ठंड की वजह से शरीर के अंग-प्रत्यंगों में सूजन की संभावना होने के अलावा पोषण स्तर का आंकलन भी किया है। यह मालूम हुआ कि इनके शरीर में विशिष्ट प्रकार से मेटाबोलिक क्रियाओं की उत्पत्ति के बावजूद कुछ खास तरह से चयापचई विकारों का विकास होता है जिसे अमेरिका-रूस की संयुक्त मेडिकल रिसर्च टीम ने दर्ज किया। ऐसी ही कुछेक शारीरिक दिक्कतें भारत में मैदानी और पर्वतीय इलाकों में रहने वालों में देखा गई हैं जिनके कारण और नैदिनिकी कुछ अलग तरह की है।

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है। राजस्थान में चुरू और हरियाणा के हिसार और नारनौल में तो यह शून्य दर्जे सेल्सियस से भी एक-दो दर्जा नीचे अनेक बार आंका गया है। गर्मी झेलने वाले लोग एक डिग्री सेल्सियस तक और 46 डिग्री तक तापमान पहुंचने पर अनुकूलन कैसे करते हैं। यह रहस्य शरीर की चयापचयी क्रियाओं और हार्मोन्स के स्राव की मात्रा के स्तर, रक्त में इसके विचरण और शरीर के रेस्पांस पर निर्भर करता है। हमारे लिए जून महीने में हीट-स्ट्रेस और शीत ऋतु में कोल्ड-स्ट्रेस को झेलना मुश्किल होता है। शरीर को अपने भीतर का 'कोर-टेम्परेचर' बनाए रखने से पहले कुछ परिवर्तन करने पड़ते हैं। यह तभी संभव है जब

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते।

शरीर के भीतर मौजूद एंडोक्राइन ऑर्गन्स का आपस में सही जैव-रासायनिक संबंध कायम रहे और कोशिकाओं और सिस्टम में मौजूद संवेदी अर्थात् रिसेप्टर्स अपना काम सही से करें। चूंकि ऋतु परिवर्तन के दौरान दिन और रात की अवधि, प्रकाश और अंधेरे के कुल समय और तापमान एवं वायुमंडल में मौजूद नमी में बदलाव धीरे-धीरे होता है। इसलिए अनुकूलन भी साथ-साथ, धीमी गति से होता रहता है। मई-जून में लू चलने पर वातावरण अत्यधिक गर्म होने से और शीत ऋतु में कंपकपा देने वाली पश्चिमी हवाओं के चलने या कोल्ड-वेव के दौरान शरीर का एक हिस्सा अगर उघड़ा रह जाए और शरीर में पानी की कमी हो जाए तो क्रमशः हीट-स्ट्रेस और कोल्ड स्ट्रेस होता है।

कोल्ड-स्ट्रेस के बाद अगर 'हाइपोथर्मिया' हो जाए और समय से शरीर को उष्मा के संपर्क में न लाया जाए तो मृत्यु निश्चित है। वैज्ञानिक अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि शरीर का भीतरी तापमान 85.1 डिग्री फारेनहाइट तक अगर गिर जाता है तो यह जानलेवा संकट की स्थिति है और ऐसे में प्रति मिनट एक-दो बार ही दिल धड़कता है। नब्ज़ और सांस तो करीब-करीब बंद ही मालूम पड़ते हैं। अगर तापमान गिर कर 68 डिग्री फारनहाइट हो जाए तो मृत्यु निश्चित है। उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप लंबी अवधि तक बना रहे तो प्रत्येक जीवधारी के शरीर में स्वैच्छिक रूप से चलने वाली मेटाबोलिक प्रक्रियाएं कुछ उत्पात कर सकती हैं। मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ितों के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय होता है। बच्चों और वृद्ध लोगों के लिए यह बड़ी मुश्किलें पैदा करता है। सोने-जागने के समय और अवधि में अनिश्चितता होने लगती है, भूख बिगड़ जाती है और तरल भोजन का सेवन न करने और आहार की किस्म का ध्यान न रखने, पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी न पीने के कारण भी शरीर का रेस्पोंस और जैव-रासायनिक संतुलन अत्यधिक ठंडे मौसम मैं चौपट हो जाता है।

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते। अधिक ठंड और गर्मी में चिक को नीचे सरका कर लू और शीत से बचाव कर लिया जाता और अंदर के कमरों का तामपान 4-5 डिग्री सेल्सियस तक कम रखा जा सकता था। यूरोप, रूस, कनाडा, उत्तरी अमेरिका और जापान में पारंपरिक घरों को गर्म रखने के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था बनाई जाती थी। इसमें एक दहन कक्ष में आग जलाकर इसकी ऊष्मा को पक्के सुरंगों और पाइप्स के जरिए पूरी इमारत में पहुंचाया जा सकता था। इसे सेंट्रल हीटिंग सिस्टम कहते हैं।

उत्तरी अक्षांशों में बसे शहरों में रईस लोगों और सरकारी इमारतों में आज भी यह सिस्टम चालू है। भारत में उत्तर के सर्दी झेलने वाले इलाकों में आजकल बनाए जाने वाले घरों के डिजाईन 'बिगाड़' दिए गए हैं। आर्किटेक्ट लोग आर्टिफीसियल-हीटिंग और कूलिंग को तरजीह दी जाए, ऐसा डिजाईन निकालते हैं। इससे घरों में एयर-कंडिशनर लगाने पड़ते हैं और जीवनयापन मंहगा हो जाता है। अत्यधिक शीत को सहने की क्षमता को पहचानने के लिए पृथ्वी पर अनेक चुनिंदा जगहों पर रहने वाले जीव-जंतुओं और मनुष्यों के शरीर पर अध्ययन किए गए हैं ताकि अनुकूलन कैसे होता है इसका पूरा मैकेनिज्म मालूम किया जाए और किसी वजह से इसके दुष्प्रभाव की चपेट में मनुष्य या पालतू जीव आए तो उसका सही से इलाज किया जा सके। ऊंचे और हिमपात वाले पर्वतों पर ऑक्सीजन की कमी भी गैर-रहवासियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है अगर अनुकूलन के नियमों का पालन न किया जाए। मैदानी स्थानों पर जहां हिमपात होता है या अत्यधिक शीत होती है, तब पालतू पशु और मनुष्य के विपत्ति में पड़ने पर इलाज करने के प्रोटोकॉल न केवल तय किए गए हैं, बल्कि अत्याधुनिक रिसर्च से इसमें बराबर सुधार भी आता रहा है। उत्तरी ध्रुव क्षेत्र और हिमपात होने वाले पर्वतों और मैदानी इलाकों में जो जीव-जंतु रहते हैं वे हिमपात से पहले या तो नीचे आ जाते हैं या वे दीर्घ निद्रा लेते हैं। दीर्घ निद्रा के दौरान इनके शरीर की चयापचयी प्रक्रियाएं सुस्त पड़ जाती हैं और अंदर के मल द्रव्य 'री-सायकल' होने शुरू हो जाते हैं। इसकी बायो-केमिस्ट्री बड़ी अद्भुत है और नाइट्रोजन वेस्ट पदार्थ सुसुप्तावस्था में भी बाहर न निकले तो भी किसी प्रकार की टॉक्सिसिटी पैदा नहीं करते। यह लाखों साल में क्रमिक विकास के दौरान अनुकूलन से ही संभव हुआ है।

एक और महत्वपूर्ण बात यह कि कोहरे और आकाश में जरूरत से अधिक नमी व्याप्त हो जाने से कई दिन तक मनुष्य को अगर सूरज दिखाई न दे शरीर के भीतर मौजूद 'जैव-घड़ी' अर्थात् बायो-लॉजिकल क्लॉक, की सुइयां स्लो हो जाती हैं या कूदने-फांदने लगती हैं, कंफ्यूज हो सकती हैं और व्यक्ति का ध्यान डिगा सकती हैं। इसे 'डिस-ओरिएंटेशन' कह सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति को मेटाबोलिक डिसऑर्डर है और दवा पर निर्भर है तब उसकी दवा की रोजाना की डोज और दिनचर्या को हल्का सा बदलने की जरूरत भी हमारा डॉक्टर बताएगा।

स्वस्थ मनुष्य को शारीरिक गतिविधि और हल्का व्यायाम, तरल, गर्म और ताजा आहार लेने। मांस-मदिरा से बचने, धूम्रपान कम कर देने या बिल्कुल ही त्याग देने और आहार में नमक और मीठा कम करने की भी स्लाह तो देगा ही, डॉक्टर यह भी कहेगा कि दवा निश्चित समय नियमित तौर पर लें। इसलिए सूरज के उदय होने के बाद अस्त होने तक विभिन्न उष्मीय तीव्रता से दृष्टिगोचर होना और इसे महसूस करना, ऋतु में अत्यधिक शीत होने के दिनों में जरूरी माना गया है। सबसे जरूरी है कोल्ड-एक्सपोज़र से बचना और शरीर की अंदरूनी ऊष्मा को बचा कर रखना। कुल मिलाकर यह मामला 'डाईयुर्नल रिदम्स' और सोलर-रेडिएशन से जुड़ा हुआ है जिसके केंद्र में है सूर्य और इससे मिलने वाली ऊष्मा की मात्रा और प्रकाश की तीव्रता और अवधि। इस दौरान ऋतु अनुसार वायु के प्रवाह की गति और वर्षा जरूरी हैं।

## प्रसंगवश

# महात्मा गांधी के आखिरी घंटे

वो 30 जनवरी का दिन था। महात्मा गांधी सुबह 3:30 बजे उठे और कुछ कांग्रेस के कागजी मसौदों को तैयार करके वापस सोने चले गए। इस दौरान उन्होंने नींबू और शहद का गरम पेय और मौसमी का जूस पिया। दोबारा वे 8:00 बजे उठे अखबारों पर नजर दौड़ाई फिर बृज कृष्ण ने उनकी तेल से मालिश की, नहाने के बाद उन्होंने बकरी का दूध, उबली हुई सब्जियां टमाटर मूली, गाजर का सलाद और संतरे का रस लिया। इस दौरान उनके पुराने साथी जो डरबन में उनके साथ थे रुस्तम सोराब जी अपने परिवार के साथ उनसे मिलने आए। इसके बाद बापू दिल्ली के कुछ मुस्लिम नेताओं से भी मिले। सुधीर घोष और उनके सचिव प्यारे लाल ने नेहरू और पटेल के बीच मतभेदों पर लंदन टाइम्स में छपी एक टिप्पणी पर उनकी राय मांगी तो बापू ने कहा यह मामला वह पटेल के सामने उठाएंगे, जो 4:00 बजे शाम को उनसे मिलने आ रहे हैं और नेहरू से भी बात करेंगे, जो 7:00 बजे शाम में आएंगे।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

उधर बिरला हाउस के लिए निकलने से पहले नाथूराम गोडसे ने नारायण दत्तात्रेय आप्टे से कहा कि उसका मूंगफली खाने का मन कर रहा है। आप्टे उनके लिए मूंगफली लेने गए। थोड़ी देर बाद आकर बोले मूंगफली मिल नहीं रही है, लेकिन गोडसे ने फिर से उनसे मूंगफली लाने के लिए कहा, आप्टे फिर से निकले और इस बार वह मूंगफली लेकर आए। दोनों ने मूंगफलियां खाई आप्टे ने कहा कि काम पर निकलने का समय हो रहा है। 4:15 बजे उन्होंने कनॉट प्लेस से एक तांगा किया और बिरला हाउस से कुछ पहले ही वह उतर गए। (इस बात को लॉपियर एंड कॉलिन्स ने अपनी किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में लिखा है।)

4:00 बजे शाम को सरदार पटेल अपनी पुत्री मनी बेन के साथ बापू से मिलने आए और शाम 5:00 बजे प्रार्थना के समय तक उनसे बातचीत करते रहे। सरदार पटेल के साथ बात करते हुए बापू लगातार चरखा चला रहे थे और उन्हें समय का आभास न हुआ, पर आभा को मालूम था कि गांधी जी को प्रार्थना में देरी से पहुंचना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह परेशान हो रही थी, लेकिन सरदार पटेल के सामने उनकी हिम्मत नहीं हो रही थी कि वह गांधी को टोक सकें कि उन्हें देर हो रही है। इसलिए उन्होंने बापू की जेब घड़ी उठाई और उसे धीरे से हिलाकर बापू को दिखाया। मणिबेन ने देखा और उनकी बातचीत में हस्तक्षेप किया। 5:10 हो चुके थे। आभा और मनु ने बापू को चप्पल पहनाकर उनका हाथ अपने कंधे पर रखकर उठाया। रास्ते में उन्होंने आभा से मजाक किया तुमने आज मुझे मवेशियों का खाना दिया था। उनका इशारा गाजरों की तरफ था आभा ने कहा हां बा भी इसको घोड़े का खाना कहती थीं, इस पर बापू हंसते हुए बोले अब मेरी दरियादिली देखों मैं इसका आनंद उठा रहा हूं जिसकी कोई परवाह तक नहीं करता है।

आभा ने बात को आगे बढ़ते हुए कहा आज आपकी घड़ी सोच रही होगी कि उसे नजर अंदाज किया जा रहा है तो बापू हंसते हुए बोले मैं घड़ी की तरफ क्यों देखूं यह नर्स का काम होता है। तुम्हारी वजह से मुझे 10 मिनट की देरी हो गई नर्स को अपना काम बिल्कुल समय पर करना चाहिए। ईश्वर के सामने भी प्रार्थना सभा में एक भी मिनट की देर से मुझे चिढ़ होती है। यही बात करते-करते हुए प्रार्थना स्थल तक पहुंच चुके थे।

आभा और मनु ने उन्हें बैठाते हुए अपने कंधों से उनका हाथ हटाया और बापू ने अपने दोनों हाथ लोगों के अभिवादन के लिए जोड़ लिए। तुरंत ही बाएं तरफ से नाथूराम जाकर उनके पैरों में झुका तो मनु को लगा कि वह उनका पैर छूना चाहता है। आभा ने जोर से बोला बापू को पहले ही देर हो चुकी है, उनके रास्ते में व्यवधान न उत्पन्न करिए, लेकिन गोडसे ने मनु को धक्का दिया तो उनके हाथ से माला और पुस्तक नीचे गिर गई। मनु उसे उठाने के लिए झुकी तो गोडसे ने पिस्तौल निकालकर सीधे तीन गोलियां बापू के सीने और पेट में दाग दीं। बापू के मुंह से "हे राम ममम" निकला और वह नीचे की ओर गिरे, आभा ने गिरते हुए बापू को संभाल लिया।

नाथूराम फायर करने के बाद पिस्टल को अपने हाथ से ऊपर उठकर पुलिस-पुलिस चिल्लाने लग गया, लेकिन वहां तो जैसे सारी चीज रुक गई थी और कम से कम एक मिनट तक कोई इंसान उसके पास तक नहीं आया। बाद में माली रघु काका ने उसके सर पर खुरपी के बट से प्रहार किया और उसे पकड़ लिया।

# बदलते दौर में भारत और ताइवान के रिश्ते

ताइवान पूर्व एशिया में स्थित एक खूबसूरत द्वीप जो रिपब्लिक ऑफ चाइना भी कहलाता है। चीन ताइवान को 'वन चाइना पॉलिसी' का हिस्सा मानता है। जबकि यह अपने को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखता है और दुनिया भी इसे इसी नजरिए से देखती है। क्षेत्रफल के आधार पर ताइवान एशिया में शायद सबसे छोटा देश और दुनियाभर में 129 वां है। तुलनात्मक रूप से क्षेत्रफल में यह केरल से भी छोटा और जनसंख्या में हरियाणा से भी कम है, लेकिन विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण न तो चीन इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर रखना चाहता है और न ही अमेरिका इसे प्रभाव मुक्त करना चाहता है।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है।

दरअसल चीन के बढ़ते प्रभुत्व को देखते हुए अमेरिका भी उससे खौफ खाया हुआ है। दक्षिण पूर्वी चीन के तट से लगभग सौ मील की दूरी पर ताइवान स्थित है। अमेरिका की चिंता है कि अगर ताइवान पर चीन का कब्जा हो जाता है तो हवाई द्वीप पर स्थित अमेरिकी सेना के ठिकाने चीन के निशाने पर आ सकते हैं। साथ ही प्रशांत महासागर में चीन को खुला रास्ता मिल सकता है, जो अमेरिका के हितों को प्रभावित करेगा। इसलिए अमेरिका ताइवान का शुभचिंतक बना है। उसे निरंतर सैन्य सहायता और कूटनीतिक मदद भी करता आया है।

हाल ही में 13 जनवरी को ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव हुआ जिसमें डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी यानी सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार लाइ चिंग-ते जो वर्तमान में उपराष्ट्रपति पद पर हैं, ने जीत हासिल की। यह दल तीसरी बार सत्ता संभालने जा रहा है। लाइ चिंग-ते ने त्रिकोणीय संघर्ष में 40 प्रतिशत वोट हासिल किए। ताइवान चुनाव इस साल की सबसे चर्चित भू राजनीतिक घटनाओं में से पहली है। अमेरिका और चीन के आपसी रिश्तों के लिए भी यह अहम माना जा रहा है। अगर दोनों के रिश्तों में फर्क पड़ता है तो भारत पर भी असर पड़ना तय है। ज्ञात रहे कि इस साल भारत, अमेरिका समेत दुनिया के लगभग 50 देशों में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने हैं। भारत ताइवान से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रखता है, लेकिन वन चाइना पॉलिसी को भी मानता है। यह पॉलिसी 1949 में आई और भारत ने इसे तुरंत मान्यता दे दी, परंतु अमेरिका ने इसे तीन दशक बाद यानी 1979 में मान्यता दी। यही कारण है कि चीन और अमेरिका कई बार आमने-सामने दिखते हैं।

ताइवान ने अमेरिका से पर्याप्त मात्रा में हथियार भी खरीदे। अमेरिकी सांसद नैंसी पेलोसी के 2022 में ताइवान दौरे के बाद चीन और अमेरिका के संबंधों में और ज्यादा कड़वाहट आई। उस दौरान चीन ने ताइवान सीमा पर युद्ध अभ्यास शुरू कर घेराबंदी भी कर दी थी। अमेरिका को ललकारते हुए चीन का यह बयान भी आया था कि जो लोग आग से खेल रहे हैं, वे जल जाएंगे। ताइवान दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित देशों से घनिष्ठता बढ़ा रहा है। हालांकि भारत में हमेशा से इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय मामलों में सावधानी बरतते हुए ही कदम आगे बढ़ाए हैं। वन चाइना पॉलिसी मानने के बावजूद भारत ने वर्ष 2008 से इसका जिक्र करना बंद कर दिया है। यह कदम चीन की उस धृष्टता के बाद उठाया गया था जब उसने अरुणाचल प्रदेश के दो शहरों को मंदारिन नाम देते हुए जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्टेपल वीजा जारी कर दिया था। इस दौरान ताइवान और भारत एक-दूसरे के करीब आते रहे। भारत और ताइवान शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, व्यापार के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ खड़े हैं।

टेक्नोलॉजी की बात करें तो ताइवान कंप्यूटर उद्योग का घर है। आईटी उत्पादों का निर्माण, डिजाइन और निर्यात करने वाली एसर जैसी विश्वसनीय कंपनी यहीं की है। कंपनी के उत्पादों में पर्सनल कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, टैबलेट, पीसी, स्मार्टफोन, स्मार्ट डिवाइस, एलसीडी मॉनिटर, सर्वर आदि शामिल हैं। आज भी करीब तीन हजार भारतीय छात्र ताइवान में पढ़ाई कर रहे हैं। व्यापारिक भागीदारी लगातार बाढ़ रही है। भारतीय फिल्म समारोहों में ताइवान की फिल्मों का प्रदर्शन हो रहा है। यह बात अलग है कि वन चाइना पॉलिसी को मानते हुए भारत ताइवान के खुलकर समर्थन में नहीं आ पाता है।

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है। ताइवान भी इस क्षेत्र की शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए हमेशा से वचनबद्ध रहा है। समान दृष्टिकोण होने के कारण भारत के साथ इसके वैचारिक रिश्ते प्रबल हैं। बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला यह देश लोकतंत्र का भी सच्चा समर्थक नजर आता है।

## सोशल फोरम

# जिज्ञासा महा ठगनी हम जानी

जिज्ञासा की मोहिनी कभी इस तरह ठग लेती है कि आदमी खुद को भस्म करने की हद तक नाचता है। मेरे एक बॉस साबुन बनाने वाली कंपनी के लिए मार्केटिंग रिसर्च कर रहे थे। वे जानना चाहते थे कि कोई अपना साबुन किस तरह चुनता है? एक दिन जिज्ञासा की झोंक में उन्होंने अपनी काम वाली बाई को करीब बुलाया और उससे पूछ बैठे-तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करती हो? बॉस का प्रश्न नितांत अकादमिक था, पर बाई ने उसे निजी दिलचस्पी का मामला माना और रोते हुए मेम साब से शिकायत कर दी। भाभी जी ने बॉस की खूब लू उतारी।




संजय वर्मा
इंदौर

यह किस्सा यूं याद आया कि पिछले दिनों मुझे भी जिज्ञासा की नागिन ने डस लिया। मैं 'द बर्थ ऑर्डर बुक' नाम की एक किताब पढ़ रहा था। इसके लेखक केविन लैमन का मानना है कि आप जैसे भी हैं, आपको वैसा बनाने के लिए आपका बर्थ ऑर्डर जिम्मेदार है। मतलब आप अपने माता-पिता की कौन से क्रम की संतान हैं, इससे तय होगा कि आपका व्यक्तित्व, दिलचस्पियां और जीवनशैली कैसी होगी। मुझ पर किताब का नशा ऐसा चढ़ा कि लगा मुझे जीवन के सारे प्रश्नों का हल मिल गया है। मैं मानने लगा कि पुतिन ने यूक्रेन पर हमला क्यों किया इसके पीछे भी उसका बर्थ आर्डर है। मुझे लगा कि मैं किसी को भी देखकर उसका बर्थ ऑर्डर बता सकता हूं। इसी बीच एक पार्टी में जाना हुआ। मैंने पार्टी में आए हर शख्स को इसी निगाह से देखना शुरू किया। एक भाभी जी बहुत इठला रही थीं। मैंने उनके पास जाकर पूछ क्या आप अपने भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं? भाभी जी हड़बड़ा गईं। उन्हें पता नहीं था कि मैं ऐसी कोई किताब पढ़ रहा हूं। न ही यह पता था कि मैं अभी तक किताब आधी ही पढ़ी है और यह अधजल गगरी छलक रही है। उन्होंने यथासंभव रुखा होते हुए कहा-नहीं मैं अपने भाई बहनों में सबसे बड़ी हूं, पर इससे आपको क्या मतलब? मैंने अपना तीसरा पैग जल्दी-जल्दी खत्म किया और निकल लिया। यारों ऐसा भी होता है। आप सिर्फ काम, क्रोध लोभ, मोह और अहंकार की वजह से ही नहीं, जिज्ञासा की वजह से भी पिट सकते हैं। बहरहाल किताब बड़ी दिलचस्प है। मुझे खास तौर पर इसलिए पसंद आई, क्योंकि मैं मंझलों की विलुप्त प्राय प्रजाति का सदस्य हूं और इसमें मंझलों के दुख की बात है।

– फेसबुक वॉल से

# धड़कते दिल की तमन्ना हो, मेरा प्यार हो तुम



पिछली सदी के चौथे एवं पांचवे दशक की स्टार अभिनेत्री और दिलकश गायिका सुरैया के बारे में यह बहस होती रही है कि उनके अभिनेत्री और गायिका रूपों में बेहतर रूप कौन सा था। अभिनेत्री के रूप में उन्हें हिंदी सिनेमा की पहली 'ग्लैमर गर्ल' माना जाता है जिन्होंने अपने चुंबकीय व्यक्तित्व, शालीन सौंदर्य और दिलफरेब अदाओं से करोड़ों के दिल जीते थे। अपनी सीमित अभिनय प्रतिभा के बावजूद उस दौर की कई बेहतरीन अभिनेत्रियों-नूरजहां, नरगिस, कामिनी कौशल, निम्मी और मधुबाला के बीच भी उनकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ी। अपने दो दशक लंबे कैरियर में सुरैया की कुछ चर्चित फिल्मे थीं - उमर खैयाम, विद्या, परवाना, अफसर, प्यार की जीत, शमा, बड़ी बहन, दिल्लगी, वारिस, माशूका, जीत, खूबसूरत, दीवाना, डाक बंगला, अनमोल घड़ी, मिर्ज़ा ग़ालिब और रुस्तम सोहराब। इन फिल्मों में अभिनेत्री के तौर पर सुरैया में नया और अलग कुछ भी नहीं था। सीधे-सादे अभिनय के बावजूद पर्दे पर उनकी शालीन उपस्थिति, ग्लैमर, मीडिया द्वारा बनाए गए उनके रहस्यमय आभा मंडल और अभिनेता देव आनंद के साथ चर्चित, लेकिन असफल प्रेम-संबंधों की वजह से ही लोग उनकी फिल्मों तक खींचे चले आते थे।




ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

ज्यादातर लोगों का मानना यह है कि सुरैया अभिनेत्री से बेहतर एक गायिका थी जिनकी खनकती, महीन, सुरीली आवाज के लाखों मुरीद आज भी हैं। हालांकि उन्होंने संगीत की कभी विधिवत शिक्षा नहीं ली, लेकिन उनका रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था। वे पार्श्वगायिका ही बनना चाहती थीं। उनके गायन की शुरुआत आकाशवाणी से हुई थी। संगीतकार नौशाद ने आकाशवाणी के एक कार्यक्रम में जब सुरैया को गाते सुना तो उनकी आवाज और अंदाज से प्रभावित हुए। उन्होंने पहली बार सुरैया को फिल्म 'शारदा' में गाने का मौका दिया। उसके बाद जो हुआ वह इतिहास है। उनके कुछ बेहद लोकप्रिय गीत हैं - तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी, जब तुम ही नहीं अपने दुनिया ही बेगानी है, तुम मुझको भूल जाओ, ओ दूर जाने वाले वादा न भूल जाना, धड़कते दिल की तमन्ना हो मेरा प्यार हो तुम, नैन दीवाने एक नहीं माने, सोचा था क्या क्या हो गया, वो पास रहे या दूर रहे नजरों में समाए रहते हैं, मुरली वाले मुरली बजा, तेरे नैनो ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया, नुक्ताचीं है गमे दिल उसको सुनाए न बने, दिले नादां तुझे हुआ क्या है, ये न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता, ये कैसी अज़ब दास्तां हो गई है, ऐ दिलरुबा नज़रें मिला। 'मिर्ज़ा ग़ालिब' में गुलाम मोहम्मद के संगीत में गालिब की कुछ गजलों को जिस बारीकी और खूबसूरती से उन्होंने गाया है, उन्हें सुनना आज भी एक विलक्षण अनुभव है। उनकी आवाज की खनक, गहराई और भंगिमाएं सुनने वालों को एक दूसरी ही दुनिया में ले जाती थी। लता के उत्कर्ष के पूर्व सुरैया ने ही हिंदी सिनेमा में गीत को गरिमा और ऊंचाई दी थी। राष्ट्रपति का स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त फिल्म 'मिर्जा गालिब' में सुरैया की गायिकी से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनसे कहा था- 'तुमने मिर्जा गालिब की रूह को जिंदा कर दिया।' आज उनके अभिनय का अंदाज पुराना पड़ गया है, लेकिन उनकी दिलकश गायिकी का असर संगीत प्रेमियों पर कई सदियों तक हावी रहेगा।

# केलिगीतों की परंपरा

भागवत-कार ने रास-प्रसंग में केलिगीतों का उल्लेख किया है-निशम्य गीतं तदनंग वर्द्धनम्। केलिगीतों की परंपरा उससे भी प्राचीन रही होगी। गाहा सतसई में राधा का उल्लेख है। तमिल साहित्य के अध्येताओं ने मुल्लइ वन-प्रांतर में गाय चराने वाले ऐयर जन में प्रचलित लोकगीतों की बात कही है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ब्रज साहित्य के समीक्षकों ने गोप-आभीर-गुर्जर के लोकगीतों का संदर्भ दिया है। कोई गीत-परंपरा गीत गोविंद के पीछे है और कोई गीत-परंपरा विद्यापति के गीतों से जुड़ी हुई अवश्य है। विद्यापति के जमाने में राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लोक प्रचलित थे और हरगौरी के गीत भी लोक जीवन में गाए जाते थे। विद्यापति ने राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लिखे और हरगौरी के गीत भी लिखे विद्यापति के गीत-महेशवानी, सोहर, बटगमनी, तिरहुत, समदाउन, नचारी आदि पुनः लोकमानस में रच बस गए। उनके गीत मंदिरों में कीर्तन के रूप में भी गाए जाने लगे। सूरदास के पदों के संबंध में यही बात आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कही है। ऐसे अनेक लोकगीत आज भी ब्रज में प्रचलित हैं जिनमें सूर के पद तथा लोकगीत का भेद कहीं खो गया है।


केलिगीतों की वही प्राचीन परंपरा भागवतकार के मन में गूंज रही थी जिसका स्वर वेणुगीत, युगलगीत, गोपीगीत, भ्रमरगीत और महिषीगीत का राग बन गया है।

वह लोकमन ही था, जो भागवतकार के मन में संक्रांत हुआ, ठीक वैसे ही जैसे भागवतकार का मन जयदेव, विद्यापति, महाप्रभु चैतन्य और आचार्य वल्लभ के मन में संक्रांत हुआ तथा आचार्य मानस, कवि मानस और भक्त मानस से वह पुनः लोक मानस में संक्रांत हुआ। लोकमन से प्रेरणा पाकर भारत के चित्रकारों ने रस और रास के चित्र बनाए तथा संगीतकारों ने रास के संगीत और नृत्य का विकास किया। यह लोक मानस और शास्त्र मानस की निरंतर प्रक्रिया है।

# भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह समेत 12 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

## मकान-गुरुद्वारे पर कब्जे और लूटपाट का लगा है आरोप

गोंडा कार्यालय



● एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** मनकापुर स्थित गुरुद्वारा पर कब्जा करने व लूटपाट के आरोप में एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश पर बुधवार को गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक व अपराध निरीक्षक सहित 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दोषसिद्ध होने पर सांसद को तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र की गुरबचन कौर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके ससुर मोहर सिंह ने मोहल्ला 'भगत सिंह नगर में मकान का निर्माण कराया था। मकान के भीतरी हिस्से में गुरुद्वारा भी स्थापित है। आरोप है कि 13 सितंबर, 2023 को मनकापुर निवासी भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह और अपराध निरीक्षक अरुण कुमार राय तथा अन्य लोगों के साथ पहुंचे और धमकी दी कि मकान खाली कर दो। इस भूमि को सांसद राजा भैया ने खरीद लिया है। 14 सितंबर को इसकी सूचना अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी मनकापुर को जांच का आदेश दिया। 15 सितंबर को निरीक्षक अरुण कुमार राय 15 पुलिसकर्मियों के संग मौके पर पहुंचे और गुरुद्वारा खाली करने के लिए धमकी देने लगे। 16 सितंबर को कानपुर के इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट लालनगर निवासी कुलवंत कौर, उनके बेटे जसविंदर सिंह, फैजाबाद के मनिंदर पाल, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह और अरुण कुमार राय ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर मकान पर कब्जा कर लिया।

पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। एमपी एमएलए कोर्ट ने बीते 18 जनवरी को सांसद कीर्तिवर्धन सिंह सहित सभी 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया जाए। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर कुलवंत सिंह पत्नी स्वर्गीय गुरदीप सिंह, जसविंदर सिंह उर्फ गोल्डी, महिंदर पाल सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, जीशान जिस्सू खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह व अरुण कुमार राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## प्रोन्नति मिलने से अगले दिन ही रिटायर हो गए तीन डॉक्टर

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में मंगलवार को डॉक्टरों को मिलने वाली प्रोन्नति में तीन डॉक्टरों की बुधवार को सेवानिवृत्ति तय हो गई। इन डॉक्टरों में बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अतुल मेहरोत्रा है, जिन्हें बुधवार को शासकीय नियमों के अनुसार पद छोड़ना था, को विदाई मिल गई। दरअसल, सरकारी डॉक्टरों की अधिवर्षता आयु 65 साल सशर्त बढ़ाई गई है, नए नियमों में 62 साल के बाद ग्रेड चार तक के डॉक्टर 65 साल तक चिकित्सकीय सेवाएं तो देंगे मगर प्रशासनिक पदों पर सेवाएं नहीं दे सकेंगे। विभाग में ग्रेड पांच व अन्य ऊपरी ग्रेड में सभी पद प्रशासनिक पद हैं, इसलिए ग्रेड पांच के डॉक्टरों को 62 साल में ही अनिवार्य सेवानिवृत्त देने का प्रावधान हैं। मंगलवार को ग्रेड चार से ग्रेड पांच में 44 डॉक्टरों को प्रोन्नति मिली हैं। इनमें अतुल मेहरोत्रा के अलावा, परिवार कल्याण विभाग में कार्यरत डॉ.मंजू रानी और डॉ.सुमाता तालीब, ग्रेड चार में होने की वजह से 62 साल के बाद भी सेवाएं जारी रखने का मन बना चुकी थी।

# एक आईएएस, 12 पीसीएस के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **राज्य संपत्ति अधिकारी बने पवन गंगवार, विवेक श्रीवास्तव बने एलडीए के सचिव**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बुधवार को एक आईएएस और 12 पीसीएस अफसरों का तबादला किया है। राज्य संपत्ति अधिकारी रहे वीके सिंह के डीएम बनाए जाने से खाली पद पर एलडीए के सचिव आईएएस पवन गंगवार को तैनात किया गया है। जबकि गाजियाबाद के एडीएम (वित्त/राजस्व) पीसीएस विवेक श्रीवास्तव को लखनऊ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है। जबकि बेलपत्र बिक्री के मामले में काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ सुनील वर्मा का तबादला हुआ है।

राज्य सरकार ने राज्य संपत्ति अधिकारी पर बुधवार को पहले लोक निर्माण विभाग के विशेष सचिव आईएएस अफसर विनोद कुमार का तबादला हुआ, लेकिन कुछ ही घंटे में इसे संशोधित करते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव पवन गंगवार की तैनाती का आदेश जारी हुआ। विनोद अपने पद पर पूर्ववत बने रहेंगे। कुछ दिनों पहले काशी विश्वनाथ मंदिर में चढ़ाया गया बेलपत्र पांच-पांच रुपये में बेचने का मामला पकड़ा गया था। इस बारे में काशी विश्वनाथ न्यास के अध्यक्ष तक को जानकारी नहीं थी। उन्होंने इसके लिए मंदिर प्रबंधन के अधिकारियों पर निशाना साधा और नाराजगी जताई थी। इसे लेकर विरोध प्रदर्शन और पोस्टरबाजी भी हुई थी। माना जा रहा है कि इसी बात को लेकर 2020 से सीईओ तैनात 2011 बैच के पीसीएस अफसर सुनील वर्मा को हटाया गया है। उन्हें वाराणसी में ही अपर आयुक्त बनाया गया है। जबकि वाराणसी के अपर आयुक्त पीसीएस विश्व भूषण मिश्रा को काशी विश्वनाथ मंदिर का नया सीईओ व वाराणसी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

शासन ने सिटी मजिस्ट्रेट मऊ रहे पीसीएस राजेश सिंह का तबादला प्रयागराज के एडीएम (वित्त/राजस्व) पद करके प्रोन्नति दी है। जबकि इस पद तैनात पीसीएस जग प्रसाद को अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल बनाया गया है। एसडीएम प्रयागराज पीसीएस राजेश कुमार श्रीवास्तव को ललितपुर में एडीएम नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति बनाया गया है। प्रयागराज में एसडीएम रहे पीसीएस अजीत कुमार जायसवाल को सिटी मजिस्ट्रेट जालौन बनाया गया है। मिर्जापुर से सिटी मजिस्ट्रेट पीसीएस विनय कुमार सिंह द्वितीय को प्रयागराज का एडीएम बनाया गया है।

पीसीएस दिनेश कुमार को सिटी मजिस्ट्रेट जालौन से एडीएम (वि/रा) गाजीपुर बनाया गया है। पीसीएस संजय कुमार को उपजिलाधिकारी बिजनौर से सिटी मजिस्ट्रेट फर्रूखाबाद बनाया गया है। पीसीएस अरविंद कुमार द्विवेदी को सिटी मजिस्ट्रेट अयोध्या से मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है, जबकि यहां सचिव रहे राजेश कुमार चतुर्थ को गाजियाबाद का एडीएम बनाया गया है। आगरा में सिटी मैजिस्ट्रेट पीसीएस आंनद कुमार सिंह को मेरठ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है। गाजियाबाद में सिटी मैजिस्ट्रेट पीसीएस शुभांगी शुक्ला को एडीएम (वित्त/राजस्व) गा बनाया गया है। गाजियाबाद में एडीएम (वित्त/राजस्व) पीसीएस विवेक श्रीवास्तव को लखनऊ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है।

## सर्वदलीय और कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आज

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधानमंडल के बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक गुरुवार को होगी। इसके बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। अगले दिन 2 फरवरी शुक्रवार से विधानमंडल का बजट सत्र शुरू होगा। 5 फरवरी को राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उप्र. का बजट पेश करेगी। सभी मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का कार्यक्रम पहले तय था जिसे स्थगित कर दिया गया है।

बजट सत्र की शुरुआत दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के समक्ष राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। तीन फरवरी को शनिवार होने के बावजूद सदन की बैठक आहूत की जाएगी। उस दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। बीते दिनों शाहजहांपुर की ददरौल सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह व बलरामपुर की गैसड़ी सीट से सपा विधायक डॉ. शिव प्रताप यादव का निधन हुआ था।

## सार-संक्षेप

### अखिलेश के करीबी नेता ने छोड़ी सपा, लगाए आरोप

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आते ही मैनपुरी में पार्टी के नेता और उद्योगपति मनोज यादव ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा से इस्तीफा दे दिया। मनोज यादव ने पार्टी छोड़ते वक्त कहा कि सपा में पारिवारिक कलह अधिक है। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का आरोप लगाया है। मनोज ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बिना किसी पक्षपात के काम किया जा रहा है। मनोज ने अभी खुलासा नहीं किया कि वे भाजपा में जाएंगे या नहीं। इससे पहले मंगलवार को ही पार्टी ने राज्य की 16 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। इस सूची में सपा ने डिंपल यादव को फिर से मैनपुरी सीट पर उम्मीदवार घोषित किया है।

### अब्बास अंसारी को नहीं मिली राहत

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ के जियामऊ स्थित निष्क्रांत संपत्ति को धोखाधड़ी से अपने नाम कराने के आरोपी मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी की उस निगरानी याचिका को एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने विशेष एसीजेएम एमपी-एमएलए कोर्ट के 20 नवंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी थी। निगरानी याचिका के विरोध में विशेष अधिवक्ता रमेश कुमार शुक्ला एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्वाला प्रसाद शर्मा ने अदालत को बताया अब्बास अंसारी ने विशेष एसीजेएम एमपी-एमएलए अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव के समक्ष अपने को आरोपों से उन्मोचित किए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिसे विशेष अदालत ने 20 नवंबर 2023 को खारिज करते हुए आरोप तय करने हेतु तिथि नियत की थी।

# कारण बताओ नोटिस का महत्व सत्ता के मनमाने प्रयोग को रोकने में निहित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ **कारण बताओ नोटिस का पालन करना केवल एक प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं: हाईकोर्ट**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में कारण बताओ नोटिस जारी कर विभागीय कार्यवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ गहरी नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस के महत्व को परिभाषित करते हुए कहा कि कारण बताओ नोटिस का महत्व कानून के शासन को बनाए रखने और सत्ता के मनमाने प्रयोग को रोकने में निहित है।

नोटिस में परिभाषित दायरे से परे किसी प्राधिकारी द्वारा की गई कोई भी कार्रवाई वैधता और प्रक्रियात्मक निष्पक्षता की सीमाओं का उल्लंघन मानी जाती है।इसके साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी करने वाले प्राधिकारी से इसे जारी करने से पहले विशिष्ट आरोपों या चिंताओं को सावधानीपूर्वक रेखांकित करने की अपेक्षा की जाती है। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि कारण बताओ नोटिस का पालन करना केवल एक प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं है, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है, जिसके दायरे से परे कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है। कारण बताओ नोटिस का पालन सत्ता के मनमाने प्रयोग के खिलाफ एक बुनियादी सुरक्षा है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ की एकलपीठ ने मेसर्स ए सोसिएटेड स्विच गियर्स एंड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के निदेशक जवाहर लाल जैन की याचिका को स्वीकार कर उनके खिलाफ सहायक आयुक्त और अपर आयुक्त,राज्य कर/वाणिज्य कर, गौतमबुद्ध नगर द्वारा आक्षेपित आदेशों को रद्द करते हुए पारित किया। मौजूदा मामले में अधिकारियों ने कारण बताओ नोटिस में दिए गए कारणों से आगे बढ़कर जुर्माना लगाया है, जो कारण बताओ नोटिस में याची को कभी प्रदान नहीं किये गए। याची के पास उक्त आधार पर अपना बचाव करने का कभी कोई अवसर नहीं था, इसलिए कारण बताओ नोटिस सीधे तौर पर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। कोर्ट ने संबंधित विभाग को याची द्वारा जमा की गई राशि इस आदेश की तारीख से 4 सप्ताह की अवधि के भीतर याची को वापस करने का निर्देश दिया।

## तिलोत्तमा व राजीव कृष्णा बने डीजी

**लखनऊ, अमृत विचार :** कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार और डीजी मानवाधिकार एसके माथुर बुधवार को रिटायर हो गए। इनकी सेवानिवृति से एडीजी स्तर के दो अफसरों को प्रमोशन मिल गया है। इसमें एडीजी तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी राजीव कृष्णा हैं। राजीव कृष्णा केन्द्र के लिए एमपैनल्ड हो चुके हैं। 1990 बैच की आईपीएस अफसर एडीजी तिलोत्तमा वर्मा, पुलिस प्रशिक्षण तथा 1991 बैच के एडीजी राजीव कृष्णा, विजिलेंस में तैनात हैं। डीजी के दो पद खाली होने से इस बार राजीव कृष्णा को लाभ मिल गया।

# लोस चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस में शुरू हुई टिकट वितरण पर कवायद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की ओर से लोकसभा प्रत्याशियों के लिए 16 टिकट घोषित करने के बाद प्रदेश कांग्रेस में भी टिकट वितरण पर कवायद शुरू हो गई है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में टिकट वितरण को लेकर चर्चा हुई। इस बीच, लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी मुख्यालय में 'वार रूम' बनाया गया है। बैठक में 2009 में जीती गईं सीटों के साथ ही, लखनऊ व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सीटों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश में शीघ्र प्रवेश करने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भी चर्चा हुई। प्रदेश प्रभारी ने यात्रा को सफल बनाने पर जोर दिया। कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ सीपी राय ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए पूर्व सांसद पीएल पुनिया को संयोजक व नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' को सह संयोजक बनाया गया है।

# 17 वरिष्ठों को पीछे छोड़ प्रशांत की हुई ताजपोशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते प्रशांत कुमार।

▸▸ **प्रदेश को चौथी बार भी नहीं मिला पूर्णकालिक डीजीपी**

**अमृत विचार :** डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार की उप्र के नए कार्यवाहक डीजीपी पद पर ताजपोशी 17 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को पीछे छोड़कर हुई हैं। हालांकि वरिष्ठता में सबसे ऊपर होने के बाद मुकुल गोयल इस पद के लिए दावेदार नहीं माने जा रहे थे। दरअसल, उन्हें पहले ही अयोग्य ठहराते हुए डीजीपी के पद से हटाया गया था। साथ ही फरवरी माह में ही वह रिटायर होने वाले हैं। वैसे अमृत विचार के नवम्बर और दिसम्बर और दो दिन पहले भी प्रकाशित खबर में यह साफ कर दिया था कि चौथी बार भी प्रदेश पुलिस का मुखिया, कार्यवाहक होगा और वह प्रशांत कुमार होंगे।

दरअसल, वरिष्ठता क्रम में प्रशांत कुमार से ऊपर अफसरों में मुकुल गोयल के अलावा आनंद कुमार, शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, पीवी रामाशास्त्री, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्या, सत्य नारायन साबत, अविनाश चंद्रा, संजय एम. तरडे, एमके बशाल, तनूजा श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा हैं। इसमें शफी अहसान रिजवी का कैडर उप्र-उत्तराखंड में फंसा है, इसलिए वह भी इस पद के लिए अर्ह नहीं थे। आनंद कुमार, पिछली बार भी मजबूत दावेदारों में थे, लेकिन डीजी जेल के पद पर तैनाती के दौरान जेलों में भ्रष्टाचार की हुई शिकायतों की तपिश ने उनकी साख पर बट्टा लगा दिया था। लिहाजा ऐन मौके पर वह दौड़ से बाहर हो गए थे और विजय कुमार को जिम्मेदारी दे दी गई थी।

**मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में टॉप पर :** प्रशांत कुमार वैसे तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठता सूची में काफी नीचे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। वैसे नए डीजीपी के लिए उनके पक्ष में जमीन पहले से ही तैयार की गई थी। मसलन, डीजी के नियमित 14 पद रिक्त न होने के बावजूद एक माह पहले ही डीपीसी के माध्यम से उन्हें डीजी बना दिया गया। पहले यह माना जा रहा था कि 31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके माथुर के सेवानिवृत होने के बाद खाली होने वाले पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे।

सूत्रों के मुताबिक शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। इसके अलावा डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास पहले से ही था।

### पुलिस के मुखिया फिर कार्यवाहक

प्रशांत कुमार की तैनाती के साथ देश के सबसे राज्य उप्र को चौथी बार भी पूर्णकालिक डीजीपी मिलने का रास्ता बंद हो गया। 11 मई 2022 को सरकार ने पूर्णकालिक डीजीपी मुकुल गोयल को अचानक हटा दिया था। उसके बाद से अभी तक देश के सबसे बड़े राज्य की पुलिस को उसका पूर्णकालिक डीजी नहीं मिल पाया है। गोयल के बाद सरकार ने डीएस चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया था। फिर 31 मार्च 2023 को चौहान के रिटायरमेंट के बाद आरके विश्वकर्मा कार्यवाहक डीजीपी बने। विश्वकर्मा के 30 मई को रिटायर होने के बाद विजय कुमार कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए और 31 को उनकी सेवानिवृति के बाद प्रशांत कुमार को इस पद पर बैठाया गया है।

## कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर अखिलेश ने उठाए सवाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में निरन्तर चौथी बार कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति किए जाने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल खड़े किए हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि लगता है एक बार फिर उप्र को कार्यवाहक डीजीपी मिलने वाला है। अखिलेश ने कहा कि जनता पूछ रही है कि हर बार कार्यवाहक डीजीपी बनाने का खेल दिल्ली-लखनऊ के झगड़े की वजह से हो रहा है या फिर अपराधियों के संग सत्ता की सांठगांठ के कारण। अखिलेश इससे पूर्व विधानसभा में भी कार्यवाहक उप्र. पुलिस के मुखिया को लेकर सरकार से सवाल पूछते रहे हैं।



## वर्ग पहेली-329

**बाएं से दाएं**

1.1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली,नष्ट करने वाली।

5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।

7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।

8.1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।


**ऊपर से नीचे**

2. तीन रंगों वाला।

3.1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात :काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।

4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।

6.1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।



### वर्ग पहेली - 328 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | | 2 के | | 3 सिं | |
| तु | | जु | | गा | |
| क | | अ | | रि | |
| | 4 ढो | ल | 5 कि | या | |
| 6 पू | | | लो | | 7 झाँ |
| ज | | 8 पी | ल | पाँ | व |
| न | | | | | ली |

## सुडोकू-46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | 4 | | 8 | | | |
| 5 | | | 6 | | | | 7 | 1 |
| | | 9 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 5 |
| | 3 | 4 | | | | 2 | 9 | |
| 1 | | | 9 | | 2 | | | |
| 2 | | 3 | | 1 | | 8 | | |
| 6 | 7 | | | | 4 | | | 3 |
| | | | 3 | | 5 | | | 2 |

### सुडोकू - 45 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 |
| 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-षष्ठी 14.03 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष** — आज व्यवसाय और करियर में आपको अच्छा धन लाभ होगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कई सारे रुके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को सम्भाल लेंगे।

**वृष** — आज व्यापार में नया अनुबंध कर सकते हैं। किसी सहकर्मी से आपका झगड़ा हो सकता है। घर की जरूरतों का ध्यान रखें। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। एकाग्रता के साथ कार्य करेंगे, तो परिणाम बेहतरीन तरीके से मिलेंगे।

**मिथुन** — आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिजनों का रुख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियां आपको संभालनी होंगी। गरिष्ठ भोजन के सेवन से आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** — आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। चिकित्सा के पेशे से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है। अपने शौक को पूरा करने में समय लगा सकते हैं। दिखावे और आडंबर के चक्कर में गलती न हो इसका ध्यान रखें।

**सिंह** — आज व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आपको व्यवसाय में काफी लाभ मिल सकता है। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा।

**कन्या** — आज आपको लक्ष्यों के प्रति सहज रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव हो सकता है। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी,लेकिन इसका आपको सकारात्मक परिणाम भी अवश्य मिलेगा। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

**तुला** — आज दांपत्य और प्रेम संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशन्सा होगी।

**वृश्चिक** — आज बातचीत के माध्यम से कई सारी परेशानियां सुलझने की संभावना बन सकती है। आत्मविश्लेषण में समय जरूर व्यतीत करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय और धन बर्बाद न करें।


**धनु** — आज निजी संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। व्यापार में आप नया प्रयोग कर सकते हैं जिसमें शीघ्र ही आपको सफलता भी मिल सकती है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप न करें।

**मकर** — आज जॉब में बदलाव के के विषय में सोच सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। सकारात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। रूढ़िवादी विचारों से आपको बचना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में गलत राय भी बना सकते हैं।

**कुंभ** — आज साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम कर रहे लोगों का जॉब में स्थानांतरण या विभागीय बदलाव हो सकता है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

**मीन** — आज उतना ही काम करें जितना आप संभाल सकते हैं। झूठे वायदे करने से आपको बचना चाहिए। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना आपके लिए बेहद जरूरी है।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.31-11.14, 14.53-15.37 तक।
दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 2 फरवरी 03.49 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
परदेसी बाबू — सुबह : 10.00
दानवीर — रात : 07.00

**SONY MAX**
तुम्हारी सुलु — सुबह : 10.50
सड़क — रात : 09.17

**SONY PIX**
वर्टिकल लिमिट — सुबह : 08.46
इट — शाम : 06.30

**ZEE CINEMA**
हम साथ साथ हैं — सुबह : 10.30
मुक्काबाज — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
नमक हलाल — दोपहर : 12.14
कभी खुशी कभी गम — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,752.11 | 21,725.70 |
| नुकसान | 612.21 | 203.60 |
| प्रतिशत में | 0.86 | 0.95 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, गुरुवार, 1 फरवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1160 डीएमओ 840।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1865, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1435, सचिन 1435, सूरज 1460, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350 **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छांटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**–डालमियां 4030, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी (नई) 4090 रुपये।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,000-48,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,900 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,050 |
| चांदी आभूषण | 73,700। |

# बजट 2024 से पहले बाजार हुआ गुलजार

## शेयरों में तेजी के चलते सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा और निफ्टी भी 21700 के पार पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 711.49 अंक तक उछला था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा-निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर बजट पर होगी। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-अंतरिम बजट से पहले बाजार में एक सकारात्मक धारणा बनती दिखी। हालांकि, बजट को लेकर उम्मीदें कम हैं लेकिन बाजार को कर राजस्व अधिक होने से राजकोषीय घाटा कम रहने की उम्मीद है। कहा-कुल मिलाकर बाजार में रुख उतार-चढ़ाव वाला है। इस समय गिरावट पर लिवाली की रणनीति उपयुक्त है।

### निवेशकों की संपत्ति 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ी




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति बुधवार को 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,58,130.52 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,78,375.88 करोड़ रुपये पहुंच गया।

# आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंची

▸▸ सरकारी आंकड़े के मुताबिक दिसंबर में 3.8 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

दिसंबर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 14 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले इसी अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कच्चा तेल, बिजली, इस्पात और सीमेंट क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा।

आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनकी वृद्धि नवंबर में 7.9 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2023 से निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। दिसंबर, 2023 के दौरान कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घट गई। समीक्षाधीन महीने में केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा। यह उद्योग दिसंबर, 2022 के 2.6 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन एक प्रतिशत घट गया। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।



### राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 55 प्रतिशत

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो वार्षिक बजट अनुमान का 55 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## सरकार ने खुले बाजार में अब तक 71 लाख टन गेहूं बेचा

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि कीमतों को काबू में रखने के लिए उसने खुले बाजार में नीलामी के जरिये अब तक 71.01 लाख टन गेहूं और 1.62 लाख टन चावल की बिक्री की है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक-खुले बाजार में गेहूं और चावल की उपलब्धता बढ़ाने और इनकी कीमतों को काबू में रखने के लिए सरकार 28 जून, 2023 से साप्ताहिक ई-नीलामी के जरिए गेहूं और चावल बेच रही है। केंद्र सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना के तहत बिक्री के लिए कुल 101.5 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल आवंटित किया है।

# देश के केंद्रीय बजट 2024 से एमएसएमई को है काफी उम्मीदें

▸▸ संगठन ने कहा-सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला है क्षेत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने देश के केंद्रीय बजट 2024 में वर्तमान अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों को देखते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर रणनीतिक फोकस रखे जाने की अपील की है।

संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, एमएसएमई क्षेत्र, कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है, जिसने 1 जुलाई, 2020 और 1 अगस्त, 2023 के बीच 12,36,15,681 व्यक्तियों को रोजगार देने का आंकड़ा है।

महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने विविध योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं के तहत ऋण सहायता, नए उद्यम विकास, फॉर्मलाइजेशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, कौशल विकास और बाजार सहायता जैसे मुद्दों को कवर किया गया है। 11 जनवरी, 2023 को लॉन्च किया गया उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म भी अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक दायरे में लाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

## जीएसटी संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जनवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह किसी महीने में अब तक का दूसरा बड़ा संग्रह है। चालू वित्त वर्ष में तीन महीने ऐसे रहे, जब संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने कहा-जनवरी 2024 में (31-01-2024 की शाम पांच बजे तक) जमा सकल जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये है, जो जनवरी 2023 में एकत्रित 1,55,922 करोड़ रुपये के राजस्व से 10.4 प्रतिशत अधिक है।

# ईटीएफ निकासी से 2023 में सोने की वैश्विक मांग पांच प्रतिशत गिरी

▸▸ डब्ल्यूजीसी की एक रिपोर्ट से हुआ खुलासा

मुंबई, एजेंसी

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निकासी जारी रहने से सोने की वैश्विक मांग वर्ष 2023 में एक साल पहले की तुलना में पांच प्रतिशत घटकर 4,448.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

डब्ल्यूजीसी की सोने की मांग के रुझान पर रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में सोने की कुल वैश्विक मांग 4,699 टन थी। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक स्वर्ण ईटीएफ में लगातार तीसरी बार वार्षिक निकासी देखी गई। पिछले साल 244.4 टन ईटीएफ की निकासी हुई, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 109.5 टन रहा था। सबसे अधिक नुकसान यूरोप में हुआ, जहां होल्डिंग में 180 टन की कमी आई। यह वर्ष 2013 के बाद का सबसे खराब वार्षिक प्रदर्शन है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल के अंत में ईटीएफ निकासी की गति काफी धीमी हो गई, लेकिन अक्टूबर में हुई भारी निकासी का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही पर दबदबा रहा।



## एक नजर

### खुदाई के दौरान मिट्टी ढही, दो लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के फूलबाग थाना क्षेत्र में बुधवार को एक निजी कंपनी में सेफ्टी टैंक की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह जाने की घटना में इसमें दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र में प्रयाग पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में उस समय हुआ जब दोनों मजदूर 10 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मृत मजदूरों की पहचान मध्यप्रदेश के रहने वाले रामकिशन (25) और वंदना (25) के रूप में की गई है।

### शिवसेना विधायक अनिल बाबर का निधन

**मुंबई।** शिवसेना विधायक अनिल बाबर का बीमारी के कारण बुधवार तड़के महाराष्ट्र के सांगली जिले में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबर ने सांगली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाबर के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि बाबर के निधन से उन्होंने एक मार्गदर्शक एवं करीबी सहयोगी और राज्य के लोगों ने एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि खो दिया है। बाबर महाराष्ट्र के सांगली जिले के खानापूर-अटपाडी से विधायक थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुई की टिप्पणी

# गरिमा बनाए रखें न्यायिक अधिकारी: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 2006 के आपराधिक अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुए कहा है कि न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी. श्रीनरसिम्हा की पीठ ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने वकील के माफीनामे को खारिज करने का सही फैसला किया क्योंकि इसमें निष्कपटता का अभाव था। पीठ ने कहा कि माफीनामा देर से दायर किया गया और यह केवल एक दिखावटी कदम था। उनकी उम्र और कई बीमारियों से पीड़ित होने की बात पर गौर करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा वकील को दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक कर दिया गया।

वकील गुलशन बाजवा ने 17 अगस्त, 2006 को एक मुवक्किल के लिए एक मामले में पेश होने के दौरान उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष एक वकील को कथित तौर पर धमकी दी थी। जब उन्हें नोटिस जारी किया गया तो वह पेश नहीं हुए। इसके बाद बाजवा ने इसी मामले में अर्जी दाखिल कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर आरोप लगाए। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने अपने एक आदेश में कहा कि हम न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की आवश्यकता पर उच्च न्यायालय के फैसले से पूरी तरह सहमत हैं।

शीर्ष अदालत वर्तमान में दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के उस फैसले के खिलाफ बाजवा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें अदालत की अवमानना के लिए तीन महीने कैद की सजा सुनाई गई थी। उच्चतम न्या या लय की पीठ ने कहा कि हालांकि, अपीलकर्ता की उम्र और उनकी इस दलील को ध्यान में रखते हुए कि वह कुछ बीमारियों से पीड़ित है, हम उच्च न्यायालय द्वारा दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक करते हैं।

### दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं



शीर्ष अदालत ने कहा-उच्च न्यायालय ने वकील के व्यवहार में एक पैटर्न देखा। उन्हें उस पीठ के साथ दुर्व्यवहार करने की आदत है, जो उनसे सहमत नहीं है। अदालत ने कहा, अपीलकर्ता के खिलाफ दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं है।

## संजय सिंह जेल से नहीं आए संसद, तीन सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** संसद के बजट सत्र के पहले दिन राज्यसभा में तीन सदस्यों को शपथ दिलाई गई। न्यायिक हिरासत में चल रहे संजय सिंह शपथ नहीं ले सके।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति सतनाम सिंह संधू को राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था और दिल्ली विधानसभा से तीन सदस्य नारायण देव गुप्ता, संजय सिंह एवं महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को निरोध निर्विरोध चुना गया है। इनमें नारायण देव गुप्ता एवं संजय सिंह को दूसरी बार चुना गया है जबकि स्वाति पालीवाल पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता का स्थान पर आई हैं। संजय सिंह को छोड़ सभी तीनों सदस्यों को सभापति द्वारा शपथ दिलाई गई। माना जा रहा है कि संजय सिंह बाद में शपथ लेने जेल से आएंगे।

# अंतरिम बजट आज, 146 सांसदों का निलंबन वापस

▸▸ रेलवे के बजट में हो सकती है 20 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार :** बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले बुधवार को उन सभी 146 सांसदों का निलंबन वापस ले लिया गया, जिन्हें शीतकालीन सत्र में बारी-बारी से निलंबित किया गया था। अंतरिम बजट को चुनावी दृष्टि से लोकलु भवन होने की संभावना है और रेलवे को 20 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि मिल सकती है।

संभावना है कि चुनावी वर्ष होने के कारण इस बार का बजट लोक लुभावना होगा और आम जनता से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं का ऐलान होगा। रेलवे को भी पिछले बजट की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा फंड आवंटित होगा।

9 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र को लेकर केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रहलाद जोशी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जनता दल (यू), तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना, तेलुगु देसम सहित कई दलों के नेताओं से सहयोग करने की अपील कर चुके हैं। बजट सत्र में सबसे ज्यादा निगाहें रेलवे पर टिकी है। कहा जा रहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 20 प्रतिशथ ज्यादा फंड दिया जाएगा। मगर किराए में किसी छूट की संभावना नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे बोर्ड में बजट पूर्व हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई थी जिसमें कहा गया था कि हम रेल यात्रियों को वास्तविक किराए में 55 फीसद का अनुदान पहले से ही दे रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों सहित कुछ श्रेणियां के किराए में छूट का प्रावधान हो सकता है।

## जम्मू कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, सात की मौत

**बारामूला।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से सात यात्रियों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में उरी के बोनियार इलाके में एक यात्री वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात ग्रामीण-कश्मीर) रवींद्र पॉल सिंह ने बताया कि इस हादसे में सात लोगों की जान चली गयी जबकि सात अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि शव बरामद कर लिये गये हैं तथा कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को बारामूला के एक अस्पताल में ले जाया गया है।

# दुष्कर्म के आरोप पर एम्स का चिकित्सक तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक चिकित्सक को साथी महिला चिकित्सक को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में तलब किया और कहा कि मौजूद साक्ष्य मामले को आगे बढ़ाने के लिए 'प्रथम दृष्टया पर्याप्त' हैं।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौड़ हौज खास थाने में डॉ. दीपक गुप्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धाराओं 376 (बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक अपराध), 313 (महिला की सहमति के बिना गर्भपात कराना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दर्ज मामले की सुनवाई कर रही थीं। मजिस्ट्रेट ने कहा-मैंने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 के तहत चालान और दर्ज बयान व साक्ष्यों को देखा है और प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि ये सभी चीजें मामले को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त हैं। उन्होंने 23 जनवरी को एक आदेश में कहा-सभी चीजों को देखते हुए मैंने आरोपी के खिलाफ भादंसं की धाराओं के अंतर्गत अपराध पर संज्ञान लिया है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुपरटेक समूह प्रमुख आर के अरोड़ा की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को रियल्टी प्रमुख सुपरटेक समूह के अध्यक्ष और प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 21 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। अरोड़ा ने 24 जनवरी के निचली अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उनके वकील ने अदालत की अर्जी पर विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि वह पिछले छह महीने से हिरासत में हैं।

# जातीय जनगणना को लेकर झूठा श्रेय ले रहे राहुल

▸▸ राहुल गांधी के बयान पर नीतीश ने किया पलटवार

पटना, एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह दावा 'बेतुका' है कि राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। राज्य के महागठबंधन से अलग होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने के तीन दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में जनता दल यूनाइटेड (जद यू) अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि विपक्षी गठबंधन को दिया गया नाम 'इंडिया' उन्हें पसंद नहीं था। बिहार के महागठबंधन में कांग्रेस भी एक घटक है।

कुमार ने कहा-उनका (राहुल) दावा बेतुका है कि राज्य में जातिगत सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। हर कोई जानता है कि पहल केवल मैंने ही की थी। अब लोग श्रेय ले रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मंगलवार को पूर्णिया में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि 'महागठबंधन' के सहयोगियों के दबाव में जाति-आधारित सर्वेक्षण के बाद नीतीश खुद को घिरा हुआ महसूस कर रहे थे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक तरह से उन्हें राहत दे दी। विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निधाना साधते हुए कुमार ने कहा-वे लोग (घटक दल) कुछ नहीं कर रहे थे... सीट बंटवारे पर भी कोई चर्चा नहीं हो रही थी। सच कहूं तो, इस गठबंधन को दिया गया नाम (इंडिया) मुझे बिल्कुल पंसद नहीं था। उन्होंने स्वयं निर्णय लिया। अब, मैं यहां (राजग) वापस आ गया हूं। अब कहीं और जाने का सवाल नहीं उठता है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के सवाल पर जदू (यू) प्रमुख ने कहा-जांच एजेंसी अपना काम कर रही है।

## केरल की अदालत ने तिहरे हत्याकांड के दोषी को सुनाई मौत की सजा

**कोच्चि।** केरल की एक अदालत ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने भाई भाभी और भतीजी की हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए बुधवार को मौत की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) बिंदु पी.ए. ने संवाददाताओं को बताया कि अतिरिक्त जिला अदालत (महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार और यौन हिंसा के मामलों के लिए) ने आरोपी को अपने सबसे बड़े भाई की बेटी(घटना के समय 33 साल उम्र) की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई। एसपीपी ने कहा कि धारदार हथियार से महिला पर 35 बार हमला किया गया था जो अपराध की नृशंता को प्रदर्शित करता है।

# आप की अर्जी पर चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम से जवाब-तलब

### महापौर का चुनाव

▸▸ हाईकोर्ट ने जवाब देने के लिए तीन हफ्ते का दिया समय

चंडीगढ़, एजेंसी



पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने महापौर का नए सिरे से चुनाव कराने की आम आदमी पार्टी (आप) की अर्जी पर बुधवार को कोई राहत देने से इनकार कर दिया तथा चंडीगढ़ प्रशासन एवं नगर निगम से तीन हफ्ते में जवाब मांगा।

आम आदमी पार्टी ने मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय से मंगलवार के चुनाव को खारिज करने तथा उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से महापौर का चुनाव कराने का अनुरोध किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कल आश्चर्यजनक ढंग से कांग्रेस-आम आदमी पार्टी (आप) गठबंधन को हराते हुए चंडीगढ़ महापौर चुनाव में सभी तीन शीर्ष पद जीत लिए। इस गठबंधन ने पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बुंगेर की खंडपीठ ने बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ नगर निगम, पीठासीन अधिकारी अनिल मसिह, नवनिर्वाचित महापौर मनोज सोनकर एवं अन्य को नोटिस जारी कर उनसे तीन हफ्ते में जवाब मांगा। इस मामले में अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

आप पार्षद एवं महापौर पद के लिए प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने चंडीगढ़ नगर निगम और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन एवं अन्य के खिलाफ याचिका दायर की है। सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन के वकील अनिल मेहता ने कहा कि अदालत ने याचिकाकर्ता को कोई अंतरिम राहत नहीं दी। मेहता ने कहा-हमें जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का वक्त दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि याचिका की पोषणीयता से जुड़ा मुद्दा अब भी लंबित है। याचिकाकर्ता के वकील गुरमिंदर सिंह ने कहा कि अदालत ने नोटिस जारी किया तथा प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते दिए।

गुरमिंदर सिंह ने कहा कि हमारे अनुरोध का दायरा था कि महापौर चुनाव परिणाम खारिज किया जाए तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं। सिंह पंजाब के महाधिवक्ता भी हैं। अपनी अर्जी में याचिकाकर्ता ने अदालत से उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराये जाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि कोई कदाचार न हो।

# अश्विन टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर, बुमराह चौथे पायदान पर

## आईसीसी की गेंदबाजी तालिका में रविंद्र जडेजा छठे स्थान पर


दुबई, एजेंसी

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार है, जबकि जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में अश्विन ने 6 विकेट झटके थे। बुमराह ने भी इस मैच में 6 विकेट चटकाए थे, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं।



### बल्लेबाजों में विराट कोहली शीर्ष 10 में अकेले भारतीय



विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय है। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 196 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप 20 स्थान के सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट भी अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे हैं। भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर आ गए है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भी अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल रहे। केमार रोच दो पायदान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार पायदान ऊपर 33वें और गाबा में मैन ऑफ द मैच रहे शमरा जोसेफ 42 पायदान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गए है।

### टेस्ट ऑलराउंडरों में रविंद्र जडेजा सूची में टॉप पर

टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गए है। वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन को कड़ी टक्कर दे सकते है। अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था। अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गए हैं।



# जीशान से मिलना बिछड़े भाई से मिलने जैसा


### पाकिस्तान के पूर्व टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने भारतीय टीम के आने पर जताई खुशी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने कहा कि भारतीय कोच और कप्तान जीशान अली से इस्लामाबाद में मिलना अपने बिछड़े भाई से मिलने जैसा था। लगभग 36 साल पहले बेंगलुरु का दौरा करने वाले पाकिस्तान के डेविस कप टीम के पूर्व कप्तान को अच्छी तरह से याद है कि जीशान के पिता, दिवंगत अख्तर अली ने कैसे पाकिस्तान के खिलाड़ियों की देखभाल की थी।

उन्हें वह भी याद है जब वह बिना वीजा के त्रिवेंद्रम चले गए थे लेकिन एक डीआईजी ने उन्हें परेशान किए बिना वापस भेज दिया। अब 62 साल के हो चुके हामिद अब भी भारतीय खिलाड़ी श्रीनिवासन वासुदेवन के शुक्रगुजार है, जो उन्हें 1987 में बेंगलुरु में आवास खोजने के लिए संघर्ष करते समय अपने घर ले गए थे। साल 2000 में प्राइड ऑफ परफॉर्मेंस से सम्मानित हामिद इस बात से बेहद खुश है कि भारत की टेनिस टीम पाकिस्तान आई है। उन्होंने कहा कि जब वह इस्लामाबाद में भारतीय दल से मिले तो ऐसा लगा जैसे अपने ही भाइयों से मिल रहे है, जो अलग हो गए थे।

### भारत में जाते तो नहीं लगता विदेशी सरजमीं पर हैं



हमीद ने 1982 में एशियाई खेलों के लिए दिल्ली की यात्रा की थी और उन दिनों की यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि जब वह भारत जाते तो नहीं लगता कि किसी विदेशी सरजमीं पर हैं। भारत और पाकिस्तान एक जैसे हैं। दोनों देशों की भाषा, भोजन, पोशाक, सब एक जैसा है। जैसा मसालेदार खाना कराची में खाते हैं, वैसा ही स्वाद दिल्ली में भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वह 1987 में सेटेलाइट टूर्नामेंट के लिए बॉम्बे, बेंगलुरु और त्रिवेंद्रम गए थे। उन्हें आवास मिलने में परेशान हो रही थी और भारतीय खिलाड़ी वासुदेवन को यह पता चला तो सुरक्षा चिंताओं की परवाह किए बिना उन्हें अपने घर ले गए।

# मंजू रानी ने पैदल चाल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद उन्होंने 10 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया। मंजू ने 45 मिनट और 20 सेकंड के समय के साथ 10 किमी स्पर्धा का शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगी।

सीनियर 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के लिए संभावित एथलीटों का चयन करने के लिए कार्यक्रम में शामिल किया है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर चयन होने वाली टीम अप्रैल में तुर्की में आयोजित होने वाली मैराथन पैदल चाल मिश्रित रिले में चुनौती पेश करेगी। इस प्रतियोगिता की शीर्ष 22 टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी।

### एक दिन पहले भी मंजू ने 20 किमी स्पर्धा में जीता था सोना



### साहिल ने दिग्गजों को हराकर जीता स्वर्ण पदक

पुरुषों के 10 किमी स्पर्धा में पंजाब के साहिल ने अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। साहिल ने 39 मिनट 25 सेकंड का समय लिया। उत्तराखंड के परमजीत सिंह बिष्ट 39 मिनट 36 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एशियाई कांस्य पदक विजेता दिल्ली के विकास सिंह 39 मिनट 37 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गोवा के ओंकार विश्वकर्मा ने 35 किमी स्पर्धा को दो घंटे 39 मिनट और 19 सेकंड के समय के साथ जीता। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंदना पटेल ने स्वर्ण जीता।

# भारतीय बल्लेबाजों ने स्वीप-रिवर्स स्वीप के अभ्यास में बहाया पसीना

## पहले टेस्ट में रोहित शर्मा के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने नहीं मारा था यह शॉट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारत के मौजूदा दौर के बल्लेबाजों को स्वीप शॉट के लिए नहीं जाना जाता है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम के खिलाड़ियों ने नेट सत्र में जमकर इस शॉट का अभ्यास किया। कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अन्य किसी भारतीय बल्लेबाज ने हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में स्वीप शॉट नहीं लगाया था। इंग्लैंड यह टेस्ट 28 रन से जीता था। यह भारतीय टीम की 2013 के बाद से घरेलू मैदान पर सिर्फ चौथी हार थी।इंग्लैंड ने इस टेस्ट में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप का कारगर इस्तेमाल किया था।



### नेट सत्र में लय तलाशते दिख शुभमन

दोपहर में नेट सत्र में लय तलाश रहे शुभमन गिल को स्वीप और रिवर्स स्वीप दोनों का अभ्यास करते देखा गया। गिल ऐसे खिलाड़ी है जिसके पास लगभग सभी शॉट्स हैं लेकिन पहले मैच में जरूरत से ज्यादा रक्षात्मक होने पर उनकी आलोचना हुई। शुक्रवार से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में पदार्पण करने के दावेदार रजत पाटीदार भी स्वीप और रिवर्स स्वीप का अभ्यास करते देखे गए। टीम के बल्लेबाज हर गेंद पर स्वीप नहीं कर रहे थे लेकिन हैदराबाद के नेट सत्र की तुलना में यह काफी अधिक था। टीम में पहली बार शामिल हुए सरफराज खान को भी बल्लेबाजी अभ्यास करते देखा गया। वह और पाटीदार दोनों स्लिप में कैच का अभ्यास भी कर रहे थे।

### अपनी ताकत अनुसार चाहिए खेलना

टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहिए। स्वीप और रिवर्स स्वीप ऐसी चीज नहीं है जिसे आप आजमा सकते हैं। इसका अभ्यास करने की जरूरत है। आपके पास अधिक शॉट हैं तो वह फायदेमंद है। हम पारंपरिक तरीके से खेलते हैं। हमारी ताकत सीधे बल्ले से खेलना और अपने पैरों का उपयोग करना है। हमें इसे अच्छी तरह से करने की जरूरत है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट सुबह टीम के सत्र में रिवर्स स्वीप के अभ्यास से पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में तैयार हुए।

### सरफराज और पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल फैसला

विक्रम राठौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना मुश्किल विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीतकर पांच मैचों की शृंखला में वापसी करना चाहेगी। हैदराबाद में खेले गए पहले मैच में मिली हार के साथ रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गई है। विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से टीम का हिस्सा है। सरफराज, सौरभ और पाटीदार ने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण नहीं किया है।

## खेल डायरी

### किदांबी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे



**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया। श्रीकांत दूसरे दौर में भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे। मिथुन ने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया था। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। हालांकि समीर वर्मा पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए, जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए।

### जय शाह लगातार तीसरी बार बने एसीसी अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष चुना गया। जय शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनका समर्थन किया। जय शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे। उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। उनके नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी–20 और 2023 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया।

### अखिल ने काहिरा विश्व कप में कांस्य पदक जीता

**काहिरा।** पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल श्योराण ने बुधवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतकर अपने कॅरिअर का दूसरा व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप का पदक जीता। क्वालिफिकेशन में 589 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाले अखिल ने 8 खिलाड़ियों के 45 निशाने के फाइनल में 451.8 का स्कोर किया। चेक गणराज्य के जिरी प्रिविरत्स्की ने 462.9 अंक के साथ स्वर्ण, जबकि दो बार के विश्व चैंपियन फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे ने 460.5 अंक के साथ रजत पदक जीता। भारत ने सत्र के शुरुआती विश्व कप चरण में छह पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारत दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है।

### मयंक अग्रवाल को अस्पताल से मिली छुट्टी



**अगरतला।** कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और वह वापसी के लिए तैयार हैं। मयंक को बीमार पड़ने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। उन्होंने एक्स पर अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए अपनी तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि वह अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। वापसी की तैयारी कर रहे हैं। प्रार्थना, प्यार और समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया। मयंक ने पानी समझकर एक पाउच से पेय पदार्थ पीया था जो इंडिगो एयरलाइंस के विमान में उनकी सीट पर रखा था। इसे पीने के बाद वह बीमार पड़ गए। कर्नाटक टीम के प्रबंधक रमेश राव ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा कि लगा था कि मयंक को अस्पताल में कम से कम दो या तीन दिन रुकने की जरूरत होगी लेकिन डॉक्टरों ने 24 घंटे के भीतर ही उन्हें छुट्टी दे दी। हालांकि मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ टीम का अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। मयंक के प्रबंधक ने साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# सचिन को खाता खोलने के लिए 3 मैच तक करना पड़ा इंतजार

मुंबई, एजेंसी

सचिन तेंदुलकर ने अपने दोस्तों को अपने जीवन का पहला मैच देखने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा क्योंकि दुनिया का सबसे सफल बल्लेबाज पहली ही गेंद पर आउट हो गया था।

सचिन ने अपने समर्थकों के सामने कुछ बहाने बनाए और उन्हें मना लिया कि उनके आउट होने में उनकी गलती नहीं थी। उनके वही दोस्त दूसरे मैच के लिए भी मैदान में पहुंचे लेकिन इस बार भी तेंदुलकर पहली ही गेंद पर आउट हो गए। तेंदुलकर ने तीसरे मैच के लिए अपने दोस्तों को मैदान पर नहीं बुलाया। उन्हें किस्मत में बदलाव की उम्मीद थी लेकिन इस बार भी भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह एक रन बनाकर सिर्फ खाता ही खोल पाए।

तेंदुलकर ने बुधवार को कहा कि अपने जीवन के पहले मैच में उन्होंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। वह अपनी कॉलोनी के मुख्य बल्लेबाज थे। उनके सभी मित्र आए और वह पहली गेंद पर आउट हो गए जो काफी निराशाजनक था।

### सचिन ने साझा किए अपने शुरुआती मैचों के अनुभव



### जब समझ में आई एक रन की अहमियत

तेंदुलकर ने कहा कि तब उन्होंने एक रन बनाने की अहमियत समझी। उन्होंने पांच–छह गेंद खेली और एक रन बनाकर आउट हुए लेकिन वह खुश थे कि उन्होंने एक रन बनाया था। वह शिवाजी पार्क से बांद्रा वापस गए। बस का यह सफर सुखद था क्योंकि उन्होंने एक रन बनाया था। उन्होंने कहा कि यह इतना बड़ा बदलाव था। कि उस एक रन ने उनका मूड बदल दिया। शहर में अपने पहले घर बांद्रा के साहित्य सहवास में स्ट्रेट ड्राइव खेलने से उन्हें इस शॉट में माहिर बनने में मदद मिली और बाद में उनके कोच रमाकांत आचरेकर ने इसे और निखारा।

# विष्णु सरवनन दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय

एडीलेड, एजेंयी



भारत के विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप के जरिये पेरिस खेलों में जगह बनाई।

मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार विष्णु ने आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वह एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा।

सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया, जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। स्पर्धा के दौरान तेज हवा चल रहीं थी, जिसका खिलाड़ियों पर असर भी पड़ा। इस दौरान सरवनन की अंगुलियां सुन्न हो गईं और पैर में काफी दर्द है।

# बॉलीवुड हलचल

## रणबीर ने संजय लीला भंसाली के सामने रखीं बड़ी शर्तें



रणबीर कपूर की हाल ही रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है। बीते दिनों खबर आई थी कि रणबीर कपूर संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाले हैं। इस बीच एक और खबर सामने आ रही है कि उन्होंने फिल्म को साइन करने से पहले कुछ शर्तें रख दी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर ने यह कहा है कि फिल्म की शूटिंग समय से हो और डेट को आगे ना बढ़ाया जाए। इसपर संजय लीला ने रणबीर से वादा किया है कि जुलाई साल 2025 तक फिल्म पूरी कर लेंगे। दूसरी शर्त है काम के घंटे तय होना। आखिर में रणबीर कपूर ने कहा कि हर काम डिसिप्लिन के साथ हो। इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ विक्की कौशल भी नजर आएंगे। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तहलका मचाया कि सभी के होश उड़ गए। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर की इस फिल्म ने दुनिया भर में 900 करोड़ का आंकड़ा पार किया।

### वरुण धवन के साथ बोनी कपूर बनाएंगे नो एंट्री का सीक्वल



बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में फिल्म नो एंट्री बनाई थी। इस फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलीना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता ने अहम भूमिका निभाई थी। नो एंट्री के सीक्वल का निर्देशन अनीस बजमी करेंगे। कहा जा रहा है कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

## चंद पैसों के लिए अपराध की राह पर चलीं अभिनेत्रियां, तबाह हो गया कॅरिअर



बॉलीवुड में शोहरत कमाना और फिर उसे बनाए रखना और वह भी अभिनेत्रियों के लिए आसान डगर नहीं है। कई अभिनेत्रियां ऐसी रहीं जो अच्छी खासी पहचान बनाने के बाद अपराध के दलदल फंसकर अपने बने–बनाए कॅरिअर को तबाह कर बैठीं। इन्हें बाद में काम के लिए मोहताज तक होना पड़ा था। आइए जानते हैं ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में जिनके नाम आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए और इसका असर उनके कॅरिअर पर पड़ा।

**जैकलीन फर्नांडिस :** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी खूबसूरती और अदाकारी से लाखों लोगों को अपना दीवाना बनाया मगर इन दिनों वह सुकेश चंद्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के रडार पर हैं। इस मामले में उनका नाम सामने आने के बाद उनके कॅरिअर पर खासा असर पड़ा है।

**मोनिका बेदी :** 90 के दशक की खूबसूरत अभिनेत्री मोनिका बेदी का नाम सुर्खियों में उस समय आया जब उनका नाम अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से जुड़ा।

**ममता कुलकर्णी :** ममता कुलकर्णी पर मादक पदार्थ की तस्करी के गंभीर आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ 12 अप्रैल 2016 में चार्जशीट दायर की गई थी। जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।

**रिया चक्रवर्ती :** सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर ड्रग्स खरीदने और बेचने के गंभीर आरोप लगे थे। इसके बाद उन्हें एनसीबी की गिरफ्त में आने के बाद 1 महीने तक जेल में रहना पड़ा। हालांकि बाद में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई।

**सोनाली बेंद्रे :** सलमान खान और सैफ अली खान के साथ सोनाली बेंद्रे का भी नाम काले हिरण के शिकार केस में जुड़ा था। हालांकि उन्हें केस में आरोपी नहीं माना गया था।

**श्वेता बसु प्रसाद :** मकड़ी फेम चाइल्ड एक्टर रहीं श्वेता बसु प्रसाद का नाम हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट में आया था। इसके बाद वह पुलिस रिमांड तक में रही थीं। बाद में उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी।

## 49 साल की हुईं अभिनेत्री प्रीति जिंटा



अभिनेत्री प्रीति जिंटा बुधवार को 49 वर्ष की हो गईं। 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्मी प्रीति जिंटा ने अपने कॅरिअर के शुरुआती दौर में विज्ञापन फिल्मों में काम किया। उन्होंने बॉलीवुड में अपने कॅरिअर की शुरुआत 1998 में मणिरत्नम की फिल्म दिल से से की। इसके लिए प्रीति जिंटा को फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 1998 में प्रीति जिंटा की एक और फिल्म सोल्जर प्रदर्शित हुई। इसमें प्रीति जिंटा के अपोजिट बॉबी देओल थे। इस फिल्म में प्रीति जिंटा और बॉबी देओल की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सोल्जर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म क्या कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर के लिए अहम फिल्म साबित हुई। इके पहले लोगों की धारणा थी कि प्रीति जिंटा केवल चुलबुले किरदार निभा सकती है लेकिन इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। इसके बाद दिल चाहता है प्रीति जिंटा के कॅरिअर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। वर्ष 2003 प्रीति जिंटा के लिए खास साल साबित हुआ। इस साल उनकी कल हो ना हो और कोई मिल गया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। कल हो ना हो के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई, वहीं कोई मिल गया के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म वीर जारा भी खूब पसंद की गई। वर्ष 2005 में सलाम नमस्ते, 2006 में कभी अलविदा ना कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर की अंतिम सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इसके बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। वर्ष 2013 में फिल्म इश्क इन पेरिस के जरिये प्रीति जिंटा ने कमबैक किया लेकिन यह फिल्म सफल नहीं रही है। प्रीति जिंटा ने वर्ष 2016 में अमेरिकन जीन गुडइनफ से शादी की है। शादी के बाद प्रीति जिंटा ने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

